CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 19 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 248 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

# सामिआ इन्टर नेशनल बिल्डर्स लि.

## के स्थापना दिवस 19 सितम्बर 2025 को 23 वे वर्ष में गौरव पूर्ण प्रवेश

## हमारे गौरव पूर्ण पल

SAMIAH

### सामिआ इंटरनेशनल बिल्डर्स लिमिटेड







**MAKE IN INDIA CONCLAVE 2025**













अमर उजाला बिज़नेस एक्सीलेंस 2024 कार्यक्रम अमर उजाला समूह व हमारी कंपनी सामिआ इंटरनेशनल बिल्डर्स लिमिटेड के साथ (UAE दुबई) में रखा गया जिसमे मुख्य अतिथि श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी के द्वारा सम्मानित








## सामिआ इन्टरनेशनल बिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट्स
































## वारसी न्यूज टुडे



### लंदन में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

Awarded In House Of Lord London (British Parliament)
With Minister Of Technology England
Mr Paul Scully And Shri Kc Tyagi Ji Ex Mp Indian Parliament Both House

संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर के नेता नजरबंद किए जा रहे: महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने प्रशासन पर नेताओं को नजरबंद करने का आरोप गुरुवार को लगाया। उन्होंने कहा हुर्रियत के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर अब्दुल गनी भट के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए सोपोर जाने नहीं दिया जा रहा और राजनेताओं को नजरबंद किया गया है। उदारवादी हुर्रियत नेता दिवंगत भट (90) का कल शाम सोपोर के बोटेंगो गांव स्थित घर पर संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया था। इसके बाद कल देर रात उन्हें उनके पैतृक गांव में दफना दिया गया। अपने सोशल मीडिया एक्स के एक पोस्ट में सुश्री महबूबा ने कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं को श्रद्धांजलि देने से रोकने के लिए उन्हें नजरबंद करने का निर्णय जम्मू-कश्मीर प्रशासन की कठोर और अलोकतांत्रिक वास्तविकता को दिखाता है।

### इच्छुक कर्मचारी समय से पहले चुनें यूपीएस का विकल्प

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में जाने के इच्छुक अपने पात्र कर्मचारियों और पूर्व कर्मचारियों को 30 सितम्बर को समय सीमा समाप्त होने से पहले इसके लिए आवेदन करने का आग्रह किया है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि एनपीएस से यूपीएस में जाने के लिए अंतिम समय सीमा 30 सितम्बर है और इसके लिए इच्छुक केंद्र सरकार के पात्र कर्मचारियों को जल्द से जल्द आवेदन करना चाहिए, ताकि अंतिम समय में होने वाली परेशानी से बचा जा सके।

## जीएसटी सुधार कर प्रणाली में ऐतिहासिक कदम: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि नवीनतम जीएसटी सुधार, भारत की कर प्रणाली में अपनी शुरुआत से अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है।

योगी ने अपने आवास पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अब इन्हें सरल बनाकर केवल दो मुख्य स्लैब में विभाजित कर दिया गया है, जो पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत है। यह कदम आम आदमी के लिए एक बड़ी राहत है, चाहे वह घर की रसोई हो या किसान। आवास निर्माण से लेकर राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं तक। साथ ही यह सुधार उपभोग क्षमता को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करेगा और भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, जिसका प्रभाव 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक के क्षेत्रों पर पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने देश की स्वतंत्रता के अवसर पर देश के सामने जो टैक्स रिफार्म के बारे में जो चर्चा की थी, वह 20 दिन में जनता के सामने आ गए हैं और 22 सितम्बर से लागू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का देशवासियों के लिए टैक्स रिफार्म दीपावली का उपहार भी है। जीएसटी के पहले जो अलग अलग टैक्स थे, उससे व्यापारी और टैक्स देने वालो पर परेशान रहते थे। जीएसटी आने से वन नेशन वन टैक्स की कल्पना पूर्ण हुई।

## कई जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी बदले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शिक्षा विभाग के अंतर्गत कई बेसिक शिक्षा अधिकारियों के स्थानांतरण किए गए हैं।संयुक्त सचिव वेद प्रकाश राय के स्तर से बुधवार को जारी स्थानांतरण सूची में शामिल गाजीपुर के बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव को वाराणसी में मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक के पद पर तैनाती दी गई है। बिजनौर के बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेंद्र कुमार को उत्तर प्रदेश का पाठ्य पुस्तक अधिकारी बनाया गया है। रायबरेली के बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह को डायट लखनऊ का उप प्राचार्य और उन्नाव की बीएसए संगीता सिंह को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक गोरखपुर के पद पर तैनाती दी गई है।

## दस जिलों के कप्तान समेत 16 आईपीएस के तबादले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने त्योहारों से पहले पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल करते हुए दस जिलों के कप्तान समेत भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 16 अधिकारियों का तबादला कर दिया है।

गुरुवार को जारी तबादला सूची के अनुसार आजमगढ़, देवरिया, अलीगढ़, उन्नाव, कुशीनगर, प्रतापगढ़, औरैया, सोनभद्र , हरदोई, अंबेडकरनगर के पुलिस अधीक्षक बदल दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा, लखनऊ में तैनात जय प्रकाश सिंह को उन्नाव का एसपी बनाया गया है। अलीगढ़ के एसएसपी संजीव सुमन को देवरिया का एसपी बनाया गया है। हरदोई के एसपी नीरज कुमार जादौन को अलीगढ़ का एसएसपी बनाया गया है। सोनभद्र के एसपी अशोक कुमार मीना को पुलिस अधीक्षक, हरदोई की जिम्मेदारी मिली है। एसपी, रेलवे आगरा में तैनात अभिषेक वर्मा




■ आजमगढ़ से लखनऊ बुलाए गए हेमराज मीणा, संतोष मिश्रा का भी किया गया तबादला

को सोनभद्र का एसपी बनाया गया है। एसपी, उन्नाव दीपक भूकर को प्रतापगढ़ का एसपी बनाया गया है। एसपी, प्रतापगढ़ डा. अनिल कुमार-।। को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ बनाया गया है। अंबेडकरनगर के एसपी केशव कुमार को कुशीनगर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। औरैया के पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर को पुलिस अधीक्षक, अंबेडकरनगर बनाया गया है। प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त अभिषेक भारती को औरैया का एसपी बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर आजमगढ़ के एसएसपी हेमराज मीना को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उप्र भेजा गया है। कुशीनगर के एसपी संतोष कुमार मिश्रा को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महा. निदेशक, उप्र भेजा गया है। देवरिया के एसपी विक्रांत वीर को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक भेजा गया है। प्रयागराज में 4 वाहिनी पीएसी में सेनानायक मनीष कुमार शांडिल्य को प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त की जिम्मेदारी मिली है। पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक, बलिया के रूप में तैनात अनिल कुमार झा को पुलिस अधीक्षक, रेलवे आगरा बनाया गया है। सेनानायक और उपसे. नानायक, 27वीं वाहिनी पीएसी, सीतापुर में तैनात सर्वेश कुमार मिश्रा को सेनानायक, 4 वाहिनी पीएसी, प्रयागराज बनाया गया है।

# उप्र की शीर्ष नौकरशाही में बड़ा फेरबदल

## मुख्य सचिव एसपी गोयल से सभी विभाग लिए ,14 आईएएस के कद घटे-बढ़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की शीर्ष नौकरशाही में गुरुवार को बड़ा बदलाव कर दिया। मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल के पास से सभी विभाग हटा लिए गए हैं। माना जा रहा है कि स्वास्थ्य कारणों के चलते उन्होंने स्वयं ये दायित्व छोड़े हैं।

कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार का कद बढ़ाते हुए उन्हें अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आई आईडीसी) भी बना दिया गया है। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार के पास से हटाकर पार्थसारथी सेन शर्मा को दे दिए गए हैं। प्रमुख सचिव पार्थसारथी के पास अभी तक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग थे। कुल 14 वरिष्ठ आईएएस की जिम्मेदारियां बदली गई हैं। इस बदलाव में जहां अमित कुमार घोष, पी गुरुप्रसाद और रणवीर प्रसाद का कद बढ़ाया गया है, वहीं मुकेश कुमार मेश्राम और अमृत अभिजात को अपेक्षाकृत कम महत्व के माने जाने वाले विभाग मिले हैं। दीपक कुमार को कृषि उत्पादन आयुक्त व अपर मुख्य सचिव के साथ अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष पिकप, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा, नागरिक उड्डयन एवं समन्वय विभाग और परियोजना निदेशक यूपीडास्प का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नागरिक उड्डयन को छोड़कर ये सभी पद अभी तक मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल के पास थे। दीपक कुमार को माध्यमिक व बेसिक शिक्षा की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। पार्थसारथी सेन शर्मा को प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण



तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग से प्रमुख सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा बनाया गया है। अमित घोष को प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन, पशुपालन, दुग्ध विकास एवं मत्स्य से प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग, मुकेश कुमार मेश्राम प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य से पशुपालन, दुग्ध एवं मत्स्य विभाग, अमृत अभिजात को नगर विकास विभाग, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग से पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग भेजा गया है। संजय प्रसाद को प्रमुख सचिव नागरिक उड्डयन विभाग की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है और शेष विभाग उनके पास यथावत रहेंगे।

अजय चौहान को प्रमुख सचिव लोनिवि के साथ मुख्य कार्यपालक अधिकारी उपशा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार तृतीय से पुनर्गठन समन्वय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण एवं सामान्य प्रशासन विभाग तथा निदेशक हिंदी संस्थान का प्रभार वापस से लिया गया है। उन्हें नोडल अधिकारी जीरो पावर्टी उत्तर प्रदेश अभियान का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके अलावा अन्य विभाग उनके पास पूर्ववत बने रहेंगे। पी. गुरुप्रसाद को प्रमुख सचिव राजस्व के पद से मुक्त कर दिया गया है। उन्हें आवास विभाग के साथ नगर विकास विभाग और नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मनीष चौहान प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन, उप्र पुनर्गठन समन्वय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण एवं सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा निदेशक हिंदी संस्थान बनाए गए हैं। रणवीर प्रसाद को प्रमुख सचिव खाद एवं रसद तथा उपभोक्ता मामले के साथ राजस्व विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अनामिका सिंह का हाल में बरेली मंडलायुक्त के पद पर किया गया तबादला निरस्त करते हुए आयुक्त खाद्य एवं रसद बनाया गया है। भूपेंद्र एस चौधरी आयुक्त खाद्य एवं रसद से मंडलायुक्त बरेली के पद पर भेजे गए हैं।

## कहां गई विदेश नीति, जिसका डंका पीट रहे: अखिलेश

**लखनऊ, वार्ता**

ड्रग उत्पादक व निर्यातक देशों में चीन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान समेत 23 देशों की सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत को शामिल किए जाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कड़ा विरोध जताया है।

उन्होंने ड्रग उत्पादक और निर्यातक देशों में शामिल किया जाना देश के लिए बेहद शर्मनाक है। साथ ही उन्होंने पूछा है कि कहां गई वह विदेश नीति जिसका डंका पीटा जा रहा था। गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जिस अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए भाजपा के लोग हवन पूजन करते फिर रहे थे, जीत की कामना कर रहे थे और खुशियां मना रहे थे, पटाखे फोड़ रहे थे उसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत का घोर अपमान किया। भारत को ड्रग्स उत्पादक एवं निर्यातक देशों में पाकिस्तान के साथ ही सूची में डाल दिया, यह देश के लिए बेहद शर्मनाक है। कहां गई वह विदेश नीति जिसका डंका पीटा जा रहा था।



### लोकल मेनिफेस्टो पर सपा का फोकस

**लखनऊ।** 2027 विस चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी का फोकस 'लोकल मेनिफ़ेस्टो' पर होगा। अखिलेश यादव ने आगरा, हाथरस, मथुरा के बाद तीन और शहरों के नाम सुझाएं हैं, जिनमें नोयडा लोकल मेनिफ़ेस्टो, गाजियाबाद लोकल मेनिफ़ेस्टो और बागपत लोकल मेनिफ़ेस्टो शामिल है।



सेंसेक्स 83013.96
निफ्टी 25423.60



सोना रु. 109264
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 126000
प्रति किलो



## फेड के ब्याज दर घटाने से शेयर बाजारों में रौनक

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और प्रमुख सूचकांक करीब ढाई महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 415.21 अंक की बढ़त के साथ 83,108.92 अंक पर खुला और अंत में 320.25 अंक (0.39 प्रतिशत) की तेजी के साथ 83,013.96 अंक पर बंद हुआ। यह ऊपर 83,141.21 अंक और नीचे 82,704.92 अंक तक गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 110.80 अंक की तेजी में 25,441.05 अंक पर खुला और अंत में 93.35 अंक चढ़कर 25,423.60 अंक पर बंद हुआ। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 25,448.95 अंक निचला स्तर 25,329.75 अंक रहा। फार्मा और आईटी सेक्टरों में सबसे ज्यादा तेजी रही, जिनके कारोबार का बड़ा हिस्सा अमेरिका के जुड़ा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने



बुधवार को नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की। इसकी उम्मीद पहले से ही की जा रही थी। इस कारण पिछले सप्ताह से ही विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार में पूंजी निवेश बढ़ा दिया है। लिवाली के दम पर सेंसेक्स 10 जुलाई के बाद पहली बार 83,000 अंक के ऊपर बंद हुआ है। निफ्टी-50 भी 09 जुलाई के बाद के उच्चतम स्तर पर रहा। एचडीएफसी बैंक, इटरनल, इंफोसिस, सनफार्मा, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में ज्यादा तेजी रही। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 2.96 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलि. वर और पावरग्रिड के शेयर भी मजबूत हुए। सबसे अधिक 1.13 फीसदी की गिरावट टाटा मोटर्स में देखी गई। ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक भी नुकसान उठाने वाली सेंसेक्स की आठ कंपनियों में शामिल थीं। चौतरफा लिवाली के बीच निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक में 0. 37 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। आईटी और फार्मा के अलावा एफएमसीजी, वित्तीय सेवा, धातु, निजी बैंक और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में लिवाली रही। वहीं सार्वजनिक बैंक, तेल एंव गैस और रियलिटी समूहों में बिकवाली का जोर रहा। विदेशों में एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.15 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ।

हांगकांग के हैंगसेंग में 1.35 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.15 प्रतिशत की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.22 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23 प्रतिशत की बढ़त में कारोबार कर रहा था।

## आज सोने-चांदी के दाम में गिरावट

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने और चांदी के भाव में गिरावट दर्ज की गई। सोना 469 गिरकर 1.09 लाख प्रति 10 ग्राम पर आ गया, चांदी भी 1.26 लाख किलो बिक रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 469 रुपए गिरकर 1,09,264 पर आ गया है। इससे पहले कल ये 1,09,733 रुपए पर था। गिरावट के समय हर निवेशक सोना खरीदने का प्लान बना रहा है।सोने और चांदी में निवेश से जुड़े सवाल कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया और या वेल्थ ग्लोबल के डायरेक्टर अनुज गुप्ता के अनुसार शॉर्ट टर्म में सोने और चांदी में कितनी करेक्शन देखी जा सकती है? या वेल्थ ग्लोबल के डायरेक्टर अनुज गुप्ता का कहना है कि सोने का भाव 106000 रुपये से 107000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। ऐसे ही चांदी का दाम 1,20,000 रुपये से 122,000 रुपये तक जा सकता है।

## कृषि प्रणाली के लिए फसल विविधीकरण पर जोर

**नई दिल्ली।** तिलहन और दलहन के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय कृषि मंत्रालय प्रति हेक्टेयर उत्पादकता पर विशेष जोर देते हुए पैदावार बढ़ाने की योजना तैयार करेगा। मंत्रालय एक स्थायी कृषि प्रणाली के लिए फसल विविधीकरण की आवश्यकता पर जोर दे रहा है और दलहन- तिलहन पर विशेष ध्यान केंद्रित करेगा।

फसल विविधीकरण के महत्व को समझाते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दलहन और तिलहन की खेती न केवल मृदा स्वास्थ्य में सुधार करती है, बल्कि पोषण सुरक्षा को मजबूत करने और किसानों की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि भारत का चावल और गेहूं का प्रोडक्शन पहले से ही वैश्विक स्तर पर है, इसलिए दलहन और तिलहन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रति हेक्टेयर प्रोडक्टिविटी पर विशेष जोर देते हुए पैदावार बढ़ाने के लिए एक रणनीति विकसित की जाएगी। चावल और गेहूं की तुलना में दलहन और तिलहन का उत्पादन कम होने के बारे में बताते हुए चौहान ने आगे कहा कि मैंने आईसीएआर के वैज्ञानिकों से आग्रह किया है कि दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ाने में कोई कसर न छोड़ें। साथ ही ऐसी नई किस्में विकसित की जाएं, जो अधिक उपज देने में सक्षम हों। दलहन और तिलहन पर विशेष जोर देते हुए फसल विविधीकरण पर बोलते हुए हरियाणा सरकार के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल ने मृदा स्वास्थ्य, पोषण सुरक्षा और किसानों की आय बढ़ाने के लिए दलहन और तिलहन को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक टिकाऊ फसल पद्धतियों की ओर रुख करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। राज्यों में सफल फसल विविधीकरण के लिए नीतिगत समर्थन, जागरूकता और बाज़ार संपर्क प्रमुख फैक्टर हैं।



■ ऐसी नई किस्में विकसित की जाएं, जो अधिक उपज देने में सक्षम हों: चौहान

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड में...** बुनियादी ढांचे को पंगु बना दिया है। बिजली आपूर्ति तुरंत ठप हो गई, और महत्वपूर्ण सड़कों को व्यापक नुकसान पहुंचा है, जिससे संपर्क टूट गए हैं और सभी आवाजाही रुक गई है। सेरा रोड पर एक पेट्रोल पंप मलबे में दब गया है, और बिजली न होने के कारण, मोबा. इल नेटवर्क भी काम नहीं कर रहे हैं, जिससे प्रभावित समुदाय और भी अलग-थलग पड़ गए हैं और राहत प्रयासों में बाधा आ रही है। दूसरी ओर वहीं देहरादून से मसूरी का 35 किलोमीटर का रास्ता कई जगह क्षतिग्रस्त है। इसके कारण मसूरी में 2500 टूरिस्ट्स लगातार तीसरे दिन फंसे हुए हैं।

**साध्वी प्रज्ञा...** दर्ज हुए थे या नहीं। अदालत के सवालों का जवाब गुरुवार को एडवोकेट मतीन शेख और एडवोकेट शाहिद नदीम ने मौखिक और लिखित रूप से दिया, जिसके बाद दो जजों की बेंच नोटिस जारी करने पर राज़ी हुई। अधिवक्ताओं ने अदालत में सभी छह याचिकाकर्ताओं के दस्तावेज़ भी जमा किए और सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले की प्रति भी पेश की, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ितों को निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील दाखिल करने का कानूनी अधिकार दिया है। पहली सुनवाई पर चीफ जस्टिस ने मौखिक टिप्पणी की थी कि बम धमाका जैसे संवेदनशील मामले में किसी को भी अपील दाखिल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, इसलिए याचिकाकर्ता पहले अदालत को संतुष्ट करें, उसके बाद ही नोटिस जारी होगा। अब बम धमाका पीड़ित जमीयत उलमा-ए-हिंद की कानूनी सहायता समिति के माध्यम से फिर से इंसाफ के लिए अदालत पहुंचे हैं और हाईकोर्ट ने उनकी अर्जी पर देर से ही सही लेकिन नोटिस जारी कर दिया है। यानी अब आरोपियों को अदालत में जवाब देना होगा। तीन दिनों तक बॉम्बे हाईकोर्ट में लगातार सुनवाई चली, जिसके बाद जमीयत उलमा-ए-हिंद के वकीलों की दलीलें सुनकर अदालत ने याचिका को सुनवाई के लिए मंज़ूर कर लिया है। अब यह एनआईए की नैतिक और संवैधानिक ज़िम्मेदारी बनती है कि वह भी बाम्बे हाईकोर्ट में निचली अदालत के फैसले के खिलाफ पिटीशन दाख़लि करे। इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए अध्यक्ष जमीयत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि बम धमाका पीड़ितों ने अपना जमीयत उलमा पर पूरा भरोसा जताया और उनकी ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने की अनुमति दी, जिसके बाद ही हमारे अधिवक्ताओं ने अर्जी दाखिल की जिस पर गुरुवार को सुनवाई हुई। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में इस महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई के दौरान देश के नामी क्रिमिनल अधिवक्ताओं की सेवाएं लेने का प्लान बनाया जाएगा और हाईकोर्ट में पूरी गंभीरता से मुकदमे की पैरवी की जाएगी।

**'वोट चोरी'...** नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में 6018 मतदाताओं के नाम काटे गए जिसके उनके पास सबूत हैं। यह काम सिर्फ आलंद में ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र के राजुरा विधानसभा क्षेत्र में भी उसी तरीके से हुआ है और वहां 6,850 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात आदि राज्यों में इसी तरह से 'वोट चोरी' का काम किया जा रहा है। यह चोरी केंद्रीकृत रूप में हो रही है ओर इसके मास्टरमाइंड का पकड़ा जाना जरूरी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जिनके वोट काटे जा रहे हैं उन्हें इसका पता ही नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 'वोट चोरी' एक बीएलओ के जरिये पकड़ी गई, जिसके रिश्तेदार का वोट काट दिया गया था। बीएलओ ने पता किया, तो पता चला कि उनके रिश्तेदार का वोट उसी के पड़ोसी ने कटवाया है।

## नवम्बर में उत्तर प्रदेश में होगी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

**लखनऊ, वार्ता**

■ पांच लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं उतरेंगी जमीं पर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच लाख करोड़ से अधिक की निजी निवेश परियोजनाओं के साथ पांचवें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के आयोजन की तैयारी के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को औद्योगिक विकास विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के साथ बीते साढ़े आठ वर्षों में अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की जा चुकी है। इसके माध्यम से 15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं तथा 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी एवं रोजगार की गारंटी मिली। अब आगामी नवंबर माह में जीबीसी 5 के आयोजन की तैयारी की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी विभाग समयबद्ध तरीके से कार्यवाही सुनिश्चित करें और प्रत्एक निवेश प्रस्ताव की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। विभिन्न निजी औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया सामंजस्य के साथ ही होनी चाहिए। अपनी भूमि के साथ हर किसी का एक भावनात्मक संबंध होता है। यह उसके जीवन भर की पूंजी है। यदि प्रदेश हित में उनकी भूमि का अधिग्रहण आवश्यक है, तो उन्हें अच्छा मुआवजा मिलना चाहिए। कहीं से भी उत्पीघ्न की शिकायत नहीं आनी चाहिए। संवाद और समन्वय से यह काम बड़ी आसानी से हो सकता है। सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप भूमि अधिग्रहण के लिए वर्तमान मुआवजे की दर में बढ़ोतरी पर विचार करें। यह समय की मांग है, इसी में किसानों का हित है। निर्यात प्रोत्साहन के प्रयासों को बघने की जरूरत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी में से किसी एक क्षेत्र में फिनटेक हब विकसित किया जाए। यहां बड़े बैंकिंग संस्थाओं के कार्यालय हों। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के निर्यात को और बेहतर करने के लिए नियोजित प्रयास की आवश्यकता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 19 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 248 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कहां गई विदेश नीति, जिसका डंका पीटा जा रहा था: अखिलेश यादव पेज 2




21 सितम्बर को फिर भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान खेल टाइम्स



सड़क सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलते सड़क हादसे सम्पादकीय



सऊदी-पाकिस्तान के बीच हुआ अहम रक्षा समझौता दोनों मिलकर देंगे हमले का जवाब पेज 12

# बोइंग-हनीवेल कंपनियों पर अमेरिका में मुकदमा दर्ज

**अहमदाबाद प्लेन क्रैश**

**वाशिंगटन।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए 4 यात्रियों के परिवारों ने अब अमेरिका में विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग और उसके पुर्जे बनाने वाली कंपनी हनीवेल के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। परिवारों का आरोप है कि दोनों कंपनियों की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ। य

ह मुकदमा टेक्सास की लैनियर लॉ फर्म के जरिये दायर किया गया है। इसमें कहा गया है कि विमान में लगे ईंधन स्विच में खराबी थी और यही हादसा की वजह बना। परिवारों का आरोप है कि बोइंग और हनीवेल इन खतरों के बारे में पहले से जानते थे, लेकिन उन्होंने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया। एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर 12 जून को अहमदाबाद से उड़ान भरकर लंदन के गैटविक हवाई अड्डा जा रहा था।। टेकऑफ के कुछ ही देर बाद यह एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गया था। बोइंग विमान क्रैश में 270 लोग मारे गए थे, जिनमें 60 विदेशी भी शामिल थे। बोइंग ने इस मुकदमे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उसने सिर्फ इतना कहा कि भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की शुरुआती रिपोर्ट इस मामले पर जानकारी देती है। फिलहाल हादसे की अंतिम जांच रिपोर्ट 2026 में आने की उम्मीद है। इस दुर्घटना में विमान में सवार 229 यात्री, 12 क्रू सदस्य और जमीन पर मौजूद 19 लोग मारे गए थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि विमान के इंजनों तक फ्यूल की सप्लाई अचानक बंद हो गई थी। जांचकर्ताओं ने पाया कि ईंधन स्विच 'रन' से 'कट-ऑफ' पर चला गया था। पायलट ने 10 सेकेंड बाद दोबारा इन्हें चालू किया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। इसकी वजह से इंजनों तक ईंधन पहुंचना रुक गया और विमान को उड़ते रहने के लिए जो ताकत (थ्रस्ट) चाहिए थी, वह पूरी तरह खत्म हो गई।



**पीड़ित परिवारों का आरोप: दोनों कंपनियों की लापरवाही की वजह से हादसा हुआ, बोइंग ने कोई टिप्पणी नहीं की**

### कैप्टन सभरवाल के पिता का आरोप

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए कैप्टन सुमित सभरवाल के 91 साल के पिता पुष्करराज सभरवाल ने केंद्र सरकार से हादसे की नए सिरे से जांच की मांग की है। उन्होंने एएआईबी की प्राइमरी जांच रिपोर्ट पर भी सवाल उठाए। पुष्करराज ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को लेटर लिखकर कहा कि मीडिया में कुछ चुनिंदा बातें लीक करके यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि कैप्टन सभरवाल बहुत ज्यादा डिप्रेशन में थे और आत्महत्या करना चाहते थे।

### मालेगांव 2008 बम धमाका मुकदमा

# साध्वी प्रज्ञा समेत सभी आरोपियों व एनआईए को हाईकोर्ट का नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने आज आखिरकार मालेगांव 2008 भिक्कू चौक बम धमाका पीड़ितों की ओर से निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दाखिल पिटीशन को सुनवाई के लिए मंजूर कर लिया और साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात आरोपियों और एनआईए को नोटिस जारी कर दिया।

पिछले तीन दिनों से बॉम्बे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस गौतम अंकुड़ास इस मामले की सुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले धमाके में मारे गए लोगों के परिजनों की हैसियत के बारे में पूछताछ की, उनकी कानूनी स्थिति पर वकीलों से सवाल किए और उन्हें अदालत के दस्तावेज़ों की रोशनी में बहस करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने यह भी सवाल उठाया कि क्या याचिकाकर्ताओं के बयान विशेष अदालत में -शेष पृष्ठ दो पर



**पीड़ितों की अर्जी पर सुनवाई के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट तैयार**

### भारत पर 25 फीसदी पेनल्टी टैरिफ हटा सकता है अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए 25 फीसदी पेनल्टी टैरिफ खत्म हो सकता है और 25 फीसदी जवाबी टैरिफ में भी कटौती हो सकती है। ये बात देश के चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने कही है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में बोलते हुए नागेश्वरन ने कहा कि मुझे लगता है कि 30 नवम्बर के बाद ये टैरिफ नहीं रहेंगे। ये कोई पक्की जानकारी या सबूत पर आधारित बयान नहीं है, लेकिन हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए मुझे उम्मीद है कि अगले दो महीनों में टैरिफ और जवाबी टैरिफ पर कोई हल निकल आएगा। सीईए नागेश्वरन ने संकेत दिया कि अभी 25 फीसदी का जवाबी टैक्स 10-15 फीसदी के दायरे में आ सकता है।

### सीजेआई की सफाई: सभी धर्मों का सम्मान करता हूं

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने गुरुवार को कहा कि खजुराहो के जावरी (वामन) मंदिर में भगवान विष्णु की खंडित मूर्ति की बहाली पर उनकी टिप्पणी को सोशल मीडिया पर गलत तरीके से दिखाया गया है। गुरुवार को लंच सेशन के बाद उन्होंने कहा कि मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 16 सितम्बर को राकेश दलाल की याचिका खारिज कर दी थी। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने याचिकाकर्ता से कहा था, जाओ और भगवान से खुद करने को कहो। तुम कहते हो भगवान विष्णु के कट्टर भक्त हो, जाओ उनसे प्रार्थना करो। बेंच में शामिल जस्टिस के विनोद चंद्रन ने सोशल मीडिया को एंटी-सोशल मीडिया कहा और बताया कि उन्हें भी ऑनलाइन गलत तरह से दिखाया गया है।

### दिशा पाटनी मामला: शूटर्स की मौत पर भड़के गोदारा ने दी बदले की धमकी

**बरेली।** बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी घर पर फायरिंग करने वाले दो बदमाशों के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद गैंगस्टर रोहित गोदारा भड़का हुआ है। उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर धमकी दी है कि यह एनकाउंटर नहीं बल्कि सनातन की हार है। इसका बदला लिया जाएगा।

# उत्तराखंड में कुदरत का रौद्र रूप

## चमोली में बादल फटने से 14 जिंदा दबे, पूरा परिवार लापता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/चमोली।** उत्तराखंड में बादल फटने और मूसलाधार बारिश का कहर जारी है। बीते 24 घंटों में राज्य में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 36 हो गया है। ताजा त्रासदी चमोली जिले के नंदनगर ब्लॉक में गुरुवार को हुई, जहां बादल फटने से 14 लोगों के मलबे में दबने की आशंका है। बचाव दल ने अब तक एक शव बरामद किया है। यह बढ़ता संकट बुधवार की चरम मौसमी घटनाओं के बाद आया है, जिसमें 22 लोगों की जान चली गई थी और 18 शव बरामद किए जा चुके थे।

राज्य अब व्यापक विनाश से जूझ रहा है, खासकर पहले से ही संवेदनशील चमोली क्षेत्र में। नंदनी और चुफलागाड़ नदियों के किनारे बसा नंदनगर बुधवार रात के कहर का शिकार हुआ। एक भयावह बादल फटने से एक पूरा परिवार और नौ अन्य व्यक्ति कुल 14 लोग लापता हो गए हैं, जबकि दो के घायल होने की सूचना है। बंजरबगड़, मोक्ष धुरमा और आसपास के इलाकों के निवासियों ने प्रलयकारी दृश्य का वर्णन किया। हताश ग्रामीणों ने जिलाधिकारी संदीप तिवारी से संपर्क कर तत्काल आकलन और राहत की गुहार लगाई है। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग से मिली आधिकारिक जानकारी इस गंभीर वास्तविकता की पुष्टि करती है। नंदनगर की कुंट्रिलागा फाली से कुंवर सिंह (42), उनकी पत्नी कोना देवी और उनके दो बेटे विकास और विशाल का पूरा परिवार लापता है। इसी गांव से देवेश्वरी देवी और नरेंद्र सिंह भी लापता हैं। सरपानी गांव में 70 वर्षीय जगधाथा प्रसाद और उनकी पत्नी भागा देवी भी गायब हो गई हैं। धुरमा गांव में गुमान सिंह और ममता देवी भी लापता लोगों में शामिल हैं। गुरुवार को आपदा संचालन केंद्र की शुरुआती रिपोर्टों ने क्षति के पैमाने का खुलासा किया। एक प्रवक्ता ने बताया कि बादल फटने से हुई भारी बारिश और मलबे ने कुंट्रिलागा फाली, नंदनगर में छह आवासीय भवनों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित दस व्यक्ति लापता हैं, और दो को बचाया गया है। मोक्ष नदी के किनारे स्थित सेरा गांव सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। यह समुदाय 8 जुलाई को इसी तरह की आपदा से उबर ही रहा था, जब बुधवार रात के बादल फटने ने सारी प्रगति को मिटा दिया। एक परेशान निवासी ने अपनी भयावह पलायन का वर्णन करते हुए कहा कि हमें लगा जैसे आसमान फिर से हम पर गिर गया। हम सब कुछ छोड़कर जान बचाने के लिए भागे। सेरा में महिपाल सिंह और अवतार सिंह के आवासीय भवन खतरनाक स्थिति में हैं, बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है। धुरमा गांव में कई घर अब असुरक्षित हो गए हैं और बगाड़ टाप में कई दुकानें और घर बह गए हैं। बगाड़ बस्ती के ऊपर से भारी मलबे के प्रवाह से नदी का मार्ग बदल गया है, जिससे सेरा में व्यापक क्षति हुई है। कुंती, फाफाली और बंजरबगड़ से भी इसी तरह के विनाश के दृश्य सामने आ रहे हैं, जहां कई घर मलबे में दबे हुए हैं। इस आपदा ने क्षेत्र के -शेष पृष्ठ दो पर



**24 घंटे के दौरान मरने वालों का आंकड़ा 36 हुआ**

**मसूरी में 2500 टूरिस्ट्स फंसे**

### मौसम विभाग ने किया अलर्ट

मौसम विभाग ने दोनों ही राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश को अगले 48 घंटे हाई अलर्ट पर रखा है। देश में इस साल 24 मई को दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल पहुंचा था। देश में अब तक सामान्य से 8 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। 3 राज्यों राजस्थान (प.), पंजाब और हरियाणा से मानसून की विदाई शुरू भी हो चुकी है, लेकिन इसके जाते-जाते भी देश के 7 राज्यों में तेज बारिश की संभावना है।

# 'वोट चोरी' के मास्टरमाइंड का पकड़ा जाना जरूरी

## ज्ञानेश कुमार दें जवाब: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि देश में 'वोट चोरी' की जा रही है और सोची समझी रणनीति के तहत अत्यंत व्यवस्थित तरीके से विपक्षी दलों के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार यह काम करने वालों को बचा रहे हैं।

राहुल गांधी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि कई स्थानों पर मतदाताओं के नाम हटाने और जोड़ने का काम व्यवस्थित तथा केन्द्रीयकृत रूप से किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को संरक्षण दे रहे हैं और उनके खिलाफ की जा रही जांच में कोई मदद -शेष पृष्ठ दो पर




### राहुल गांधी के आरोप गलत एवं निराधार: आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के बिना सहमति के मतदाताओं के नाम सूचियों से हटाने के चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है। आयोग ने श्री गांधी के मतदाताओं की सहमति बगैर उनके नाम मतदाता सूची से हटा देने के लगाए गए आरोपों के बाद एक बयान में कहा कि राहुल गांधी के आरोप गलत एवं निराधार हैं।

### केवल संविधान-संविधान चिल्लाते हैं, सभी बम ढेर हो जाएंगे, भाजपा का राहुल पर पलटवार

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की वोट चोरी के नए आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया। भाजपा ने कहा कि राहुल को कानून के बारे में कुछ नहीं पता है। वे सुप्रीम कोर्ट के निर्देश भी नहीं समझते हैं। आरोपों पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि क्या राहुल गांधी संविधान को समझते हैं? वह सुप्रीम कोर्ट गए। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी किए। क्या उन्होंने कोई दांव लगाया? वह कानून या सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को नहीं समझते हैं। वह केवल संविधान, संविधान चिल्लाते हैं।

# क्वालिटी बार कब्जा मामले में आजम खां को मिली जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जा के मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) नेता और पूर्व मंत्री आजम खां की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है।

चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जा के मामले में दर्ज मुकदमे की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने आजम खां की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है, यह मुकदमा 2021 में राजस्व निरीक्षक की तरफ से दर्ज कराया गया था। इसके साथ ही आजम को लगभग सभी मुकदमों में जमानत मिल चुकी थी। अब वह जल्द बाहर आ सकते हैं। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश समीर जैन की एकल पीठ ने गुरुवार दोपहर अपना फैसला सुनाया। आजम खां की जमानत याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता इमरान उल्ला और मोहम्मद खालिद ने बहस की थी। रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जे के मामले में आजम खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।



**लगभग सभी मुकदमों में जमानत मिल चुकी, जेल से बाहर आने के आसार**

# सिख शादियों का रजिस्ट्रेशन आनंद कारज मैरिज एक्ट के तहत हो

## SC ने जारी किया यूपी समेत 17 राज्यों को आदेश, 4 महीने का दिया समय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 17 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे 1909 के आनंद मैरिज एक्ट के तहत सिख शादियों (आनंद कारज) की रजिस्ट्रेशन व्यवस्था 4 महीने में लागू करें। कोर्ट ने कहा कि नियम न बनने से सिख नागरिकों के साथ असमान व्यवहार हो रहा है और यह संविधान के समानता के अधिकार का उल्लंघन है।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि जब तक राज्य अपने नियम नहीं बनाते, तब तक सभी जगह आनंद कारज शादियों को मौजूदा विवाह कानूनों (जैसे स्पेशल मैरिज एक्ट) के तहत रजिस्टर्ड किया जाए। अगर दंपति चाहें, तो विवाह प्रमाणपत्र में साफ लिखा जाए कि शादी आनंद कारज रीति से हुई है। यह आदेश उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर लागू होगा जिन्होंने अब तक नियम नहीं बनाए हैं, जिनमें उत्तराखंड, कर्नाटक, तमिलनाडु, झारखंड, यूपी, असम, बंगाल, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र, तेलंगाना, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अरुणाचल, गोवा, मणिपुर और जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, चंडीगढ़, लक्षद्वीप, दमन-दीव, पुड्डुचेरी और अंडमान-निकोबार शामिल हैं। याचिका अमनजोत सिंह चड्ढा ने दायर की थी। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में नियम न होने के कारण सिख जोड़ों को शादी का प्रमाणपत्र पाने में बड़ी दिक्कत होती है, जबकि कुछ राज्यों में यह सुविधा मौजूद है। कोर्ट ने कहा कि कानून में आनंद कारज को मान्यता दी गई है, लेकिन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था न होना केवल आधा वादा निभाना है। संविधान की भावना यही है कि हर नागरिक के अधिकार समान रूप से सुरक्षित हों। कोर्ट के आदेश ने आदेश जारी करते हुए कहा कि सभी राज्य-केन्द्र शासित प्रदेश 4 महीने में नियम जारी करें। नियम बनने तक सभी सिख शादियां मौजूदा कानून से रजिस्टर्ड हों। जिन राज्यों में नियम बने हैं, वे 3 महीने में अधिकारियों को सर्कुलर जारी करें। हर राज्य 2 महीने में सचिव-स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त करे। केंद्र 2 महीने में मॉडल नियम भेजे, 6 महीने में रिपोर्ट दे। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि विवाह प्रमाणपत्र उत्तराधिकार, बीमा, भरण-पोषण और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। इसलिए राज्य और केंद्र दोनों की जिम्मेदारी है कि सिख नागरिकों को यह सुविधा समान रूप से मिले।

**कोर्ट ने कहा: नियम न बनने से सिख नागरिकों के साथ असमान व्यवहार हो रहा**



# डीएसपी ने मेले की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे में चल रहे पारंपरिक धार्मिक मेला छड़ियान में इस बार लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। मेले में उमड़ी भीड़ का फायदा उठाकर जेबकतरे, मनचले और शरारती तत्व सक्रिय न हो पाएँ, इसके लिए को देर रात डीएसपी ने स्वयं पुलिस बल के साथ मेले में पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएसपी रामआशीष यादव ने सबसे पहले अप्पू घर का रुख किया, जहाँ भीड़ सबसे अधिक रहती है। उन्होंने वहां तैनात पुलिसकर्मियों की डड्यूटी चेक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएसपी ने स्पष्ट किया कि डड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मेले में बेवजह घूम रहे कई युवकों को रोककर पुलिस ने पूछताछ की।

संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाए गए युवकों को चेता. वनी देकर मेले से बाहर किया गया। डीएसपी ने कहा कि हमेले में आने वाले श्रद्धालुओं और परिवारों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मनचलों और शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी।हभीड़ का फायदा उठाकर जेबकतरे सक्रिय न हो सकें, इसके लिए सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी मेले में तैनात किए गए हैं। पुलिस ने आगाह किया है कि जेबकतरी या किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि करने वालों को तुरंत गिरफ्तार किया जाएगा।डीएसपी द्वारा अचानक मेले का जायजा लेने और पुलिसकर्मियों की डड्यूटी की जांच करने से पूरे मेले में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोग पुलिस की सतर्कता देखकर आश्वस्त नजर आए। वहीं, मेले के आयोजकों और ठेकेदारों को भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीएसपी की सख्ती और पुलिस की पैनी नजर से श्रद्धालुओं व परिवारों ने राहत की सांस ली। मेले में आने वाले लोगों का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहने से वे शांति और श्रद्धा के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का आनंद ले पा रहे हैं।



## 21 सितम्बर में फिर होगी पीडीए पंचायत.......

## इस बार पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यक शिक्षक दिखेंगे मंच पर

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** समाजवादी शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल एक बार फिर से पीडीए पंचायत करने को बेताब हैं। इस पंचायत के किस डेट में कहां करनी है यह सब कुछ तय हो चुका है।

इस बार भी इस पंचायत में पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यक ही एक मंच पर जुटेंगे लेकिन इस बार शिक्षक जगत होगा। बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के कस्बा शाहपुर में 21 सितम्बर को सायं 3 बजे शुरु होने जा रही ये पंचायत सत्येंद्र पाल का कद फिर ऊंचा करेगी ऐसी आशा जताई जा रही है। इस पीडीए पंचायत में पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के लिए चिंतन होगा कि मौजूदा सरकार में इनकी हालत कितनी दयनीय है। यहां सभी शिक्षकों को सम्मानित करने की भी योजना है क्योंकि शिक्षक ही समाज का एक ऐसा आईना है जो अपने किसी भी छात्र से भेदभाव नहीं रखता। इस पीडीए पंचायत में बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के समस्त शिक्षकों और रिटायर्ड शिक्षकों को भी न्यौता दिया जा रहा है। इन सभी शिक्षकों तक पहुंचने के लिए सपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल द्वारा शिक्षकों के बीच घूमकर जनसंपर्क किया जा रहा है ताकि यह पीडीए पंचायत पहले की तरह सफल हो और पिछली पंचायत का भी रिकॉर्ड तोड़े।

यह पंचायत कल्पना चावला मेमोरियल इंटर कालेज शाहपुर में होगी। पंचायत के आयोजक मास्टर सत्येंद्र पाल खुद भी शिक्षक हैं। इस पंचायत के चीफ गेस्ट इस बार भी प्रदेश स्तरीय नेता समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर एसपी पटेल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सनातन धर्म इंटर कालेज के दो शिक्षक बर्खास्त

**मीरापुर।** सनातन धर्म इंटर कॉलेज की समिति ने कालेज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अमित कुमार व दीपा सहायक अध्यापिका को कालेज विरोधी कार्य करने के आरोप में निलम्बित करने की सूचना जिला विद्यालय निरीक्षक को भेज दी गई है।सनातन धर्म इंटर कालेज के प्रबंधक रोहित उर्फ सोनू संगल के बिमारी के चलते उप प्रबंधक इकबाल अहमद को विद्यालय प्रबंध समिति ने प्रबंधक के रूप में प्रभार दे दिया था। प्रबंधक इकबाल अहमद द्वारा बताया कि विद्यालय में नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अमित कुमार द्वारा विद्यालय विरोधी रवैया अपनाने तथा छात्र उपस्थिति पंजिका व अन्य पंजिकाओं के रखरखाव में गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाना तथा गृह परीक्षा के मूल्यांकन व परीक्षा परिणाम तैयार करने में घोर लापरवाही की।उधर सहायक अध्यापिका कला दीपा का भी विद्यालय के प्रति लगातार विरोधी रूख देखने में आया तथा अभिभावको को कालेज के प्रति व्यवस्थाओं को लेकर भडकाने में लिप्त पाया गया। पोस्टर छपवाकर कालेज के विरूद्ध घर घर जाकर संस्था के विरूद्ध पर्चे बांटवाना, कई बार इन लोगो को मोखिक व लिखित रूप से अनुशासन हीनता व सेवा शर्तो का उलंघन करने की सूचना दी गई लेकिन ये अपने रवैये पर अडे रहे। उधर दीपा द्वारा अपनी पुत्री अभिज्ञा त्रिपाठी का कक्षा 6 में प्रवेश कराया गया था लेकिन उन्होने उसका कक्षा 5 का स्थानांतरण प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित अभी तक जमा नही कराया है। प्रमाणित अभिलेखो में उनकी पुत्री का पेन नंबर तथा अपार आईडी भी विद्यालय द्वारा नही बनाई गई थी तथा जिसका मेल आधार कार्ड से भी मेल नही पाया इन सब कारणो को देखते हुए विद्यालय प्रबंध समिति ने दोनो अध्यापको का निलंबन कर जिला विद्यालय निरीक्षक को सूचना भेज दी है।

### गंग नहर झाल पनचक्की के टूटे पुल निर्माण का हुआ सर्वे

**भोपा।** थाना क्षेत्र के निरगाजनी झाल पनचक्की पर ब्रिटिश कालीन पुल का मलबा बीते दो सितंबर को पुल के नीचे से मलबा गिरना शुरू हो गया था। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो ने निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त पुल के दोनों ओर दीवार कराकर आवागमन को बंद कर दिया गया है। जिससे भोकरहेड़ी -बसेडा मार्ग बंद हो गया था तथा रहमतपुर, गड़वाडा, सिकंदरपुर गांव के किसानो को खेत पर जाने की समस्या उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों ने शीघ्र पुल बनवाने की मांग जिलाधिकारी से की थी। गुरुवार को उत्तर प्रदेश सेतु निगम मेरठ से संबद्ध सर्वे टीम के राहुल चौहान व गोविंद गंग नहर पुल पर पहुंचे तथा पीडब्लूडी के जेई विपिन कुमार व बेलदार दीप राज के साथ मिलकर नया पुल बनाने के लिए सर्वे कार्य शुरू किया। अवर अभियंता ने बताया कि सर्वे के लागत राशि का इस्टीमेंट बनाकर स्वीकृत हेतू शासन को भेजा जाएगा।

### ठाकुरद्वारा में श्रीरामलीला का शुभारंभ

**खतौली।** बड़ा बाजार स्थित ठाकुरद्वारा में बुधवार की रात श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। श्रीरामलीला कमेटी, बड़ा बाजार, खतौली के 115वें वार्षिकोत्सव का उद्घाटन नगर पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नेपाल सिंह ने फीता काटकर किया। रामलीला से आने वाली पीढ़ियों को संस्कार और मर्यादा का संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि हमें रामलीला में दर्शाए गए प्रसंगों से प्रेरणा लेकर जीवन में अनुकरण करना चाहिए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पहुंचे सब-इंस्पेक्टर आरिफ अली का कमेटी द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष गणेश शंकर पाल. ीवाल, मा. तेजपाल शर्मा, दुष्यंत शर्मा, कुलबीर सिंह, वेदप्रकाश अग्रवाल, रामकुमार गोयल, अनिल त्यागी, सतीश प्रकाश वर्मा, अमरीश गुप्ता ( टेंट वाले ), सुनील आडवाणी, अनुज शर्मा एडवोकेट, कपिल मोतला, कमल वर्मा, रामकेश गुर्जर और गौरी शंकर गौरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक ने टूटे-फूटे मार्ग का लिया संज्ञान

**बुढ़ाना।** कस्बे का कांधला रोड काफी दिनों से क्षतिग्रस्त है। इस मार्ग पर पुरानी सब्जी मंडी के समीप सडक में कई कई फुट गहरे गड्ढे हैं। जिसमें कई महीनों से बरसात और नालों का पानी भरा है। जिसके चलते इस सड़क ने तालाब का रुप ले लिया है। बृहस्पतिवार की सुबह इसी रोड पर कुछ ही दूरी पर स्थित एक शिक्षण संस्था में पढ़ने वाले आधा दर्जन बच्चों से भरी ई-रिक्शा पलट गयी। सब मासूम बच्चों को आते जाते लोगों ने गंदे पानी से निकाला और सबको उनके घरों भिजवाया। भाजपा नेता हिमांशु संगल ने भी इस दृश्य को अपनी आंखों से देखते हुए फोटो खींच लिया और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रशासन को प्रदर्शन की चेतावनी दी । इसकी भनक जब पूर्व विधायक उमेश मलिक ने भी अधिकारियों को आडे हाथों लिया। तब विभाग के अधिकारी इस चेतावनी को सुनकर हरकत में आए और उन्होंने कुछ ही घंटों में क्षतिग्रस्त मार्ग को ठीक करने के लिए पानी निकालने वाली मशीन व सामग्री भेजकर मार्ग का निर्माण कार्य शुरु कर दिया है।

### कृतज्ञता का भाव ही सनातन धर्म है : आचार्य

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव लुहसाना के सीता राम मन्दिर में आयोजित श्रीराम कथा के अष्टम दिवस पर कथा वाचन करते हुए आचार्य अभिषेक शुक्ल ने कहा कि किसी भी सफलता की सम्प्राप्ति में जीवन में विनय का विशेष महत्त्व है। विनम्रता, अनुशासन, गुरुजनों, स्वजनों तथा परिजनों के प्रति समीचीन सद्व्यवहार से जहां एक और सफलता सुलभ होती है वहीं दूसरी और अनुशासनहीनता, अविनय और उग्रता आदि से प्राप्त सफलता भी असफलता में परिणत हो जाती है। आप जीवन में बहुज्ञ हों, सर्वज्ञ हों, वेदज्ञ हों या फिर शास्त्रज्ञ हो उसका कोई भी महत्व नहीं है हमारे यहां शास्त्रों में विविध पापों का प्रायश्चित है परन्तु कृतनता को कोई प्रायश्चित नहीं है।

### बरला इंटर कॉलेज में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** बरला इंटर कॉलेज बरला के मैदान पर तहसील स्तरीय बालक वर्ग अंडर 14 तथा अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्य बरला इंटर कॉलेज बरला नरेंद्र कुमार तथा प्रधानाचार्य जय भारत इंटर कॉलेज छपार श्री रविंद्र सैनी ने फीता काटकर किया।अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में आठ विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। पहले मैच में राजवंश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राजकीय इंटर कॉलेज को 39 रन से पराजित किया। राजवंश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 77 रन बनाए जिसके जवाब में राजकीय इंटर कॉलेज की टीम 38 रन ही बना सकी। उक्त प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में जनपद के क्रीड़ा सचिव सत्य कम तोमर, राहुल कुशवाहा, अक्षय कुमार, विनुज कुमार नीरज कुमार,मनोज शर्मा विकास शर्मा,मनोज कुमार का सहयोग रहा। प्रतियोगिता के आयोजक विपिन त्यागी तथा विनीत कुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### आर्यसमाज रोड पर चला अतिक्रमण अभियान

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर के थाना सिविल लाइन क्षेत्र स्थित आर्यसमाज रोड पर यातायात पुलिस ने एसपी ट्रैफिक के निर्देशन में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से फैलाए गए अतिक्रमण को हटाया गया और दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि यदि भविष्य में दोबारा सड़क पर अतिक्रमण पाया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।इस अभियान में टीएसआई तरुण कुमार, टीएसआई महेश कुमार, टीएसआई देवकी नंदन, संदीप चौधरी, गौरव कुमार, अतेंद्र कुमार व दीपक कुमार सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### स्वच्छता जागरुकता दिवस मनाया

**बुढ़ाना।** शासनादेश अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा बीती 16 सितंबर से लेकर आगामी 30 सितंबर के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता दिवस मनाया गया है। सहायक अध्यापक देवेंद्र कुमार एवं संगीत के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरुक किए गए। स्कूल प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा एक स्वच्छ अभियान है जो स्वच्छ भारत मिशन का एक हिस्सा है जो भारत सरकार द्वारा स्वच्छता और सफाई को बढ़ावा देने के लिए एक पहल है।

# फैयरवैल पार्टी में मेधावी छात्राओं का किया सम्मान

**मोरना।** स्वामी कल्याण देवघ ओमानंद गर्ल्स डिग्री कॉलेज बेहड़ा सादात में फैयरवैल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमे छात्राओं ने नाट्य व लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। साथ ही मेधावी छात्राओ को पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वागत गीत के साथ किया गया।जिसके उपरांत वाणिज्य वर्ग की मेधावी छात्रा मिशक. ात को 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप करने व छात्रा खुशी को 81 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर 5100 रूपये के अलग अलग नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिक्षा का महत्व समझाया गया तथा सभी छात्राओं को डॉक्यूमेंट फाइल देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक अमित पंवार ने कहा की आज महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर प्रत्येक क्षेत्र मे आगे बढ़ रही हैं।महिलाएं परिवार की धुरी होती हैं। इसलिए महिलाओं का स्वावलम्बवी होना आवश्यक है। तनावमुक्त होकर परिश्रम करें, चुनौतीयों को सफलता की कुंजी मानकर लक्ष्य निर्धारित करें। शिक्षिका सुमैया रहमान ने कहा की महिलाओं को आर्थिक रूप सक्षम होना होगा, जिसके लिए उच्च शिक्षा के साथ तकनीकी प्रशिक्षण ड़ीप प्राप्त करें।आज ग्रामीण क्षेत्र मे भी महिलाएं जागरूक होकर नारी सम्मान को बढ़ा रही हैं। शिक्षा व संस्कार प्राप्त कर परिवार व समाज तथा देश का मान बढ़ाएं इस अवसर पर प्राचार्य पवन कुमार, सुभाष कुमार, सुमन देवी, रिंकू देवी, हिमांशी चौधरी तथा फरियाल आदि उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन सवेरा में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार किलो से अधिक गांजा बरामद

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के अंतर्गत खतौली पुलिस ने गुरुवार को एक बड़ी सफलता हासिल की।

भंगेला चौकी पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध ई-रिक्शा को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में तस्करी के लिए ले जाया जा रहा गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को दबोच लिया।

नेशनल हाइवे पर भंगेला चौकी इंचार्ज विक्रांत कुमार, डीएसपी राम आशीष, तथा कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान उप निरीक्षक विक्रांत कुमार, अक्षय कुमार, हेड कॉन्स्टेबल नवीन कुमार और कॉन्स्टेबल अंकित कुमार की टीम ने एक संदिग्ध ई-रिक्शा को रोककर जांच की। जांच के दौरान पुलिस को रिक्शा से चार किलो 320 ग्राम गांजा बरामद किया।

बरामद मादक पदार्थ की अंत. रराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक लाख दस हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तस्करों गौतम उर्फ भड़वा पुत्र नरेश निवासी चंदसीना थाना रतनपुरी, राजेश उर्फ बाँदा पुत्र बिशम्बर निवासी मटौर थाना दौराला को गिरफ्तार कर उनसे गांजा ,एक ई-रिक्शा और 300 रुपये नकद भी जब्त किए हैं। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी गांजे की सप्लाई करने के लिए खतौली की ओर आ रहे थे। पुलिस ने दोनों से सख्ती से पूछताछ की, जिसके बाद उन्हें चालान कर जेल भेज दिया गया। डीएसपी राम आशीष ने बताया कि नशे के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऑपरेशन सवेरा के तहत लगातार वाहन चेकिंग और छापामारी अभियान चलाए जा रहे हैं। मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हेल्प डेक्स स्थापित

**बुढ़ाना।** शासन के आद. ेशानुसार जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 की प्रथम वर्षगाठ के उपलक्ष पर अंग. ीकार 2025 तथा पीएम स्व: निधि में लोक कल्याण मेले का आयोजन बीती 17 सितम्बर से शुरु होकर आगामी 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। जिसमें योजना की जन जागरूकता बढ़ाने के लिए नगर पंचायत बुढ़ाना में हेल्प डेक्स स्थापित की गई है। पंजीकरण शि. विर का आयोजन नगर पंचायत बुढ़ाना की ओर से किया जा रहा है। इस हैल्प डेक्स का अवलोकन बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादव के द्वारा किया गया। इस दौरान यहां पर सरकारी योजनाओं की जानकारी करने वालों की काफी भीड़ देखने को मिली।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर उखाड़े

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र की सफीपुर पटी लुहसाना रोड पर आज बृहस्पतिवार को दोपहर के समय स्मार्ट मीटर लगाने के लिए आई विद्युत टीम को फिर से बैरंग लौटना पड़ा लेकिन इससे पूर्व ही टीम को भाकियू जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान व भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार अहमद के संयुक्त नेतृत्वघ में आक्रोशित ग्रामीणों ने दौड़ा कर बंधक बना लिया और उनके द्वारा घरों में लगाए गये 5 स्मार्ट मीटरों को उखाडकर जब्त करते हुए टीम को चेतावनी देकर छोड़ दिया। आज स्मार्ट मीटर टीम के इंचार्ज मौसम अली सफीपुर पटी में स्मार्ट मीटर लगवाने प्राइवेट कर्मचारी कुलदीप, सचिन, राहुल व सन्नी को लेकर पहुंचे तो उन्होंने विद्युत उपभोक्ता सलीम, शोक. ीन व गुलफाम पुत्रगण नसीबुद्दीन अंसारी, इसरार अंसारी व एक अन्य उपभोक्ता के घर के बाहर पहले से लगे पुराने मीटर उखाड़कर अपने साथ लाए स्मार्ट मीटर लगाने शुरु कर दिये तो



ग्रामीणों में रोष फैल गया और उन्होंने टीम की इस तरह से की जा रही कार्यवाही को गलत बताते हुए हंगामा खड़ा कर दिया लेकिन टीम के लोग अपने काम में व्यस्त रहे। तब इसकी सूचना विकास त्यागी व इसरार अहमद को मिली तो वे लविश जांगिड आदि कार्यकर्ताओं को लेकर मौके पर पहुंचे और पांचों घरों के बाहर लगे स्मार्ट मीटर उखाड़कर सब मीटर जब्त कर टीम को बंधक बना लिया। काफी देर बाद टीम को चेतावनी देकर छोड़ा गया। भाकियू नेता इसरार ने चेतावनी दी किसी भी सूरत में मीटर लगने नहीं देंगे।

# खेत में गया ग्रामीण रहस्यमय ढंग से गायब

**बुढ़ाना।** खेत पर गया एक ग्रामीण रहस्यमय ढंग से गायब हो गया।

परिजनों ने राशन डीलर पर अपहरण करने का खुला आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। आरोपी पीड़ित परिवार पर एक जमीन का बैनामा उधार करने का दबाव बनाए हुए है। दूसरी मार पीड़ितों पर जब पड़ी जब पुलिस ने उनको चौकी से यह कहकर भगा दिया कि गुमशुदगी दर्ज कराओ। मुस्तफा पुत्र अब्बास निवासी ग्राम जौला ने सीओ बुढ़ाना को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह 2 दशक से अपनी ससुराल ग्राम जौला में अपने ससुर हमीद पुत्र बशीर के साथ रह रहा है। उसके ससुर हमीद ने अपनी आबादी की करीब 1110 वर्ग मीटर जमीन साजिद पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी रसूलपुर दभेडी से 22 लाख 60 हजार रुपये प्रति बीघा की दर से बैंचना तय किया जिसकी मियाद निकले एक माह हो गया। उसका ससुर इस मियाद के अन्दर बैनामा करने को तैयार था परन्तु साजिद ने कहा अभी पैसों का इन्तजाम नही हो पाया है।

वह उधार में बैनामा करने का दबाव बना रहा था। बीती 17 सितम्बर को उसके नंबर से उस पर कई बार फोन आया कि आप बैनामा करा दें नही तो हम दूसरे तरीके से भी बैनामा कराना जानते हैं। इस सम्बन्ध मे बीते 12 सितम्बर को उसके ससुर हमीद ने एक प्रार्थना पत्र गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के प्रभारी को भी दिया था। जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। उसके ससुर बीती 17 सितम्बर को सुबह खेत पर गये थे। उसका ससुर जब शाम तक घर नही पहुंचा तो उसने आसपास तलाश किया व रिश्तेदारो को फोन किया। जिसका अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है।

इस संबंध मे आज सीओ से शिकायत की गयी तो उन्होने चौकी प्रभारी के पास भेज दिया तो आरोप के मुताबिक उन्होंने गुमशुदगी दर्ज करने की बात कहकर कहा कि आप उक्त लोगों के नाम क्यों लिख रहे हो आप गुमशुदगी की रिपोर्ट कराओ तब मैं कार्यवाही करूंगा। आरोपी साजिद शासन प्रशासन में पहुंच रखने वाला दबंग किस्म का व्यक्ति है ओर पुलिस को अपने खिलाफ कार्यवाही करने से रोक रहा है। पीड़ित ने सीओ से दोबारा मांग कर कहा है कि गायब ससुर की सकुशल बरामदगी की जाए।

# उधार के रुपये मांगने पर युवक पर जानलेवा हमला, गंभीर रूप से घायल

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** उधार के रुपये मांगना एक युवक को उस समय भारी पड़ गया, जब दो बदमाशों ने बीच सड़क पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। पीड़ित की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

अरशद पुत्र यूनुस निवासी लाल मोहम्मद गुरुवार को अपने बच्चों को स्कूल से लेने जा रहा था। जैसे ही वह स्कूल के पास पहुँचा, तभी दो युवक वहाँ आ धमके और उसे गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने अरशद के सिर पर लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। इस दौरान हमलावर तमंचा भी लहराते रहे और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।शोरगुल सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल अरशद को तुरंत खतौली सीएचसी में भतह्ल कराया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घायल अरशद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि संदीप नामक युवक पर उसके 30 हजार रुपये उधार हैं। जब भी वह रुपये मांगता है तो संदीप उसे पैसे देने से इंकार कर देता है और लगातार धमकियां देता है। पीड़ित का आरोप है कि इसी रंजिश के चलते संदीप ने अपने साथी के साथ मिलकर उस पर हमला किया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष में गहरा रोष व्याप्त है।

# दूसरे दिन पहुंची टीम ने लगाया स्वास्थ्य कैम्प

**बुढ़ाना।** जौला गांव में विगत दिवस बुखार से पीड़ित 2 मरीजों की मोत होने के बाद सीएचसी बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रणव तेवतिया के आदेश अनुसार बृहस्पतिवार के दिन जोला गांव में स्थित गढ़ी मदरसे में स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार एवं एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान हाजी जमशेद व डॉक्टर भानु प्रताप ने फीता काटकर किया। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बुढ़ाना सीएचसी पर तैनात परामर्शदाता विक्की पेरिया की देखरेख में हुआ। विक्की पेरिया ने बताया कि कैंप में 527 मरीजों ने चिकित्सा सुविधा ली। जिसमें बुखार, दाद, खाज, खुजली, बीपी और शुगर आदि मरीजो ने प्रतिभाग किया। कैंप में डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, एचआईवी, वीडीआरएल, हीमोग्लोबिन, थायराइड, हेपेटाइटिस बी और सी, शुगर व बीपी की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर में गर्भवती महिलाओं ने भी अपनी जांच कराई तथा टीबी की स्क्रीनिंग की गई और टीबी के सैंपल भी लिए गए। स्वास्थ्य कैंप के दौरान ब्लॉक प्रबंधक मैनेजर शशांक त्यागी ने कैंप का भ्रमण किया और सुचारु



रूप से चल रहे कैंप की व्यवस्था को जांचा। स्वास्थ्य सेवा पर कैंप में सेवा देने वाले स्टाफ में परामर्शदाता विक्की पेरिया, डॉक्टर अमित तोमर, डॉक्टर गौरव अहलावत, हरविंदर बीपीएमसी, एलटी सिद्धार्थ चौधरी, सीएचओ पल्लवी, वंशिका, अनुभव, फार्मासिस्ट कुलदीप, सौरव सैनी, मुजफ्फर हुसैन, एएनएम राजेश बालियान व आशाओं ने मरीजों को घर घर से कैंप में लाकर स्वास्थ्य सेवा दिलाई व मुजफ्फरनगर से ग्रामीण विकास संस्था की प्रोग्राम मैनेजर ज्योत्सना, मोहित कार्निवाल, अंकुर, हुसैन अली और इकबाल राणा ने भी सेवा दी। जौला कैंप की हर घंटे बाद बुढ़ाना चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रणव तेवतिया ने विक्की पेरिया से अपडेट ली ताकि कैंप में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही ना हो। इस दौरान तिरंगा सेवा समिति का भी योगदान रहा।

**सूचना**

मैने अपना नाम नाहिदा खान NAHIDA KHAN से बदलकर नाहिदा परवीन NAHIDA PARVEEN कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

NAHIDAPARVEEN
W/0 ANWAR KHAN
923/1 RAMPURI
ROORKEE ROAD
MUZAFFARNAGR

**सूचना**

मैने अपना नाम हाफिज मोहम्मद उमर (HAFIZ MOHAMMAD UMAR) से बदलकर मोहम्मद उमर (MOHAMMAD UMAR) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जाये।

MOHAMMAD UMAR
S/O ABDULLA
VILL-KAMHEDA,
KMHERA
PO-DHANSARI
PS-KAKRAULI
DIST-MUZAFFARNAGR
U-P-PIN-251314

**Name Changed**

I, ILAYAS S/o JAKIR ALI R/O- Village Sanjhak P/s Shahpur, DISTT. MUZAFFARNAGAR (U.P) Have changed my name to MOHD ILIYAS.

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दैनिक यात्री संघ ने उठायी बंद रेलगाड़ियों को शुरू कराने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर दैनिक रेल यात्री संघ के अध्यक्ष घनश्याम भगत महामंत्री दीपक गुप्ता के नेतृत्व में दैनिक रेल संघ का प्रतिनिधि मंडल अपने विभिन्न मांगों के लिए रेलवे स्टेशन अधीक्षक पवन चौधरी से मिला संघ के अध्यक्ष घनश्याम भगत ने रेलवे स्टेशन अधीक्षक को दैनिक रेल यात्रियों की समस्याओं को बताया रेलवे विभाग ने शालीमार एक्सप्रेस को 15 अक्टूबर तक रद्द किया हुआ है जिसकी वजह से डेली डयूटी पर जाने वाले यात्री वे पंजाब राजस्थान जाने वाले यात्रियों को हो रही समस्या के बारे में अवगत कराया गया शालीमार एक्सप्रेस को रदद ना किया जाए शालीमार गाड़ी को लुधियाना रेलवे स्टेशन तक अप डाउन करके चलाया जाए सहारनपुर से सुबह दिल्ली जाने वाली 64560 पैसेंजर गाड़ी में डिब्बों की संख्या बहुत ही कम है इस पैसेंजर ट्रेन में डिब्बों की संख्या बढाये जाये यात्री आराम से बैठकर सफर कर सके , वरिष्ठ नेता सुरेंद्र मित्तल जी ने मुजफ्फरनगर रुट पर नई ट्रेन चलावने का आग्रह किया ,मासिक पास वाले यात्रियों से टिकट खिड़की पर सम्मानजनक व्यवहार किया जाए अन्य समस्याओं को बताया गया इस अवसर पर वरिष्ठ नेता संरक्षक सुरेंद्र मित्तल, राजू भाटिया, दीपक गुप्ता, संजय पाल, लोकेंद्र सिंह, सुमित , पारस, प्रोफेसर सुधीर कुमार, विनीत जैन आदि उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना SARAFAT से बदलकर SARAFAT ALI रख लिया है। भविष्य में मुझे SARAFAT ALI S/o YASEEN के नाम से जाना व पहचाना जाए।

पता- H.No. 21, KHEDA DARWAZA, PURKAZI RURAL, PURKAZI, PIN-251327, MUZAFFARNAGAR U.P.

# मगरमच्छ के हमले में लापता का नहीं लगा सुराग

**मोरना।** गांव मजलिसपुर तौफीर निवासी चन्द्रबोस सैनी मगरमच्छ के संभावित हमले के बाद गायब है। पांच दिन बीतने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा है। गुरुवार को सपा जिलाध्यक्ष सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार की ढाढस बँधाते हुए उन्हें हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर निवासी 45 वर्षीय चन्द्रबोस सैनी बीते रविवार को गंगा नदी से रेत निकालते समय गायब हो गया था। ग्रामीणों ने गंगा मे मौजूद विशालकाय मगरमच्छ द्वारा निगल जाने की आशंका जाहिर की।

**सूचना**

मै यह सूचित करता हूँ कि मेरा बैनामा जिसका क्रमांक नम्बर-2386 दिनांकित 29.03.2003 कही खो गया है जो काफी प्रयास करने पर भी नही मिला है अगर इसका कोई दुरूपयोग करता है तो उसकी जिम्मेदारी प्रयोगकर्ता की होगी।

**सूचनाकर्ता हेमन्त त्यागी**
**पुत्र श्री सतीश चंद त्यागी**
**निवासी 229/7/1 साकेत रोड**
**उत्तरी सिविल लाईन**
**मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौ.इमरान व उसकी पत्नी सना मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली गलौच व मारपीट करते रहते है। इसलिए मैने व मेरे परिवार ने इन दोनों से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने इन दोनों को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मौ.अकरम पत्र समसुदीन निवासी म. न.463 केवलपुरी थाना सिविल लाईन जिला-मुजफ्फरनगर**
**हाल निवासी इमरान कालोनी सरवट, थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर**

**खोया पाया**

मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश वर्ष 2025 की हाई स्कूल परीक्षा का मूल प्रमाण पत्र ( अंक तालिका )वास्तव में कहीं गुम हो गई है जिसका अनुक्रमांक 1250476250, और जन्म तिथि 06/02/2010 है।

**कशिश चौधरी**
**पुत्री मौ. साजिद**
**गांव सादपुर जानसठ**
**मुजफ्फरनगर**
**9760704443**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम JHIR ALI से बदलकर ZAHEER ALI कर दिया है। भविष्य में मुझे ZAHEER ALI S/O MOHD ALI के नाम से जाना जाए।

ZAHEER ALI S/O MOHD ALI
H. No- 495, SHERPUR
MUZAFFARNAGAR (U.P)
251001

# कपड़ा कारोबारी ने मोतीझील में लगाई छलांग, मौत

## पुलिस व भीड़ ने शव को बाहर निकाला, कराया पीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पारिवारिक व कारोबारी को लेकर परेशान लोग आए दिन अपनी जान दे रहे है। ऐसा ही मामला गुरूवार की सवेरे को देखने को मिला जहां मोतीझील में कूदकर एक व्यक्ति ने अपनी जान दे दी, हालांकि इस समय इधर घूम रहे लोगों ने पुलिस को जानकारी देकर कुछ देर बाद ही गहरे पानी में डूबे व्यक्ति को बाहर निकाल लिया, लेकिन उस समय तक उसकी सांसे थम चुकी थी मृतक की पहचान गारमेंट्स व्यापारी के रूप में हुई तो इस दर्दनाक घटना से परिवार में कोहराम मच गया। इस घटना के पीछे क्या कारण है यह तो परिवार ही जाने, लेकिन पुलिस का कहना है कि कर्ज के चलते व्यापारी ने यह कदम उठाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



गुरूवार की सवेरे मोतीझील नहर के निकट घूम रहे लोगों में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब उन्होने देखा कि यहां पर टहल रहा व्यक्ति ने अचानक ही मोतीझील नहर में छलांग लगा दी है।

दी गई सूचना पर स्थानीय चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और आस-पास खडे लोगों की मदद से पानी में डूबे व्यक्ति को बाहर निकाला इस समय यहां काफी लोगों की भीड इकट्ठा हो चुकी थी और सभी लोग उसकी पहचान करने का प्रयास कर रहे थे काफी देर बाद किसी तरह पुलिस ने मृतक की पहचान कराई तो उसका नाम सिविल लाइन क्षेत्र के मौहल्ला साकेत कॉलौनी निवासी विनोद बाठला के रूप में की गई। बताया जाता है कि विनोद बाठला की झांसी की रानी चौक पर गारमेंट्स की दुकान है और छानबीन के बाद पुलिस का कहना है कि व्यापार में घाटे के चलते कारोबारी ने यह कदम उठाया है।

वजह कुछ भी रही हो फिलहाल मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है पुलिस ने लिखापढ़ी करते हुए शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे किशोर का शव कमरे मे मिला, मचा कोहराम

**मोरना।** खेड़ीफिरोजाबाद गांव मे पति पत्नी मजदूरी करने गये हुए थे की संदिग्ध परिस्थितियों मे किशोर का शव कमरे मे मिला।किशोर द्वारा आत्महत्या करने की सूचना पर गांव मे हड़कंप मच गया। परिजनों द्वारा किशोर की हत्या की आशंका भी जाहिर की गयी। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खेड़ीफिरोजाबाद मे धनीराम सैनी मजदूरी करता है।गुरुवार को धनीराम व उसकी पत्नी बबीता मजदूरी करने के लिए घर से बाहर गये हुए थे। बेटी संध्या 17 वर्ष व लविश 11 वर्ष पड़ोस मे गये हुए थे। 13 वर्षीय मुकुल उर्फ़ भूरा घर मे मौजूद था की दोपहर के समय मकान की छत पर स्थित कमरे मे मुकुल के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की खबर से हड़कंप मच गया। घर वापस लौटे माता पिता मुकुल का शव देख रोने बिलखने लगे।प्राप्त जानकारी के अनुसार कमरे मे लगे छत के पंखे से एक रस्सा बँधा हुआ जो नीचे तक लटका हुआ था जिसका फंदा मुकुल गले मे लगा मिला। पास ही एक स्टूल भी रखा मिला। हत्या की आशंका को लेकर पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। मुकुल की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है।थानाध्यक्ष ने बताया की अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर व पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## गांव जौला के ग्रामीण की सड़क हादसे में मौत

■ अन्य ग्रामीण की भी हार्ट अटैक के चलते मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गांव जौला के दो ग्रामीणों की अलग अलग स्थानों पर मौत हो गयी। दोनों ग्रामीणों को आज सुपुर्दे खाक कर दिया गया। गांव में शोक की लहर है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी सीआरपीएफ के जवान तमकीन अली के भाई लगभग 46 वर्षीय अमीर साहब ताहिर अली की बीती बुधवार की देर रात शामली जनपद में एक स्थान पर उस समय एक वाहन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गयी जब वे पुरानी से भरा हुआ ट्रेक्टर खडा करके दूसरी साइड को देख रहे थे। उनका शव आज गांव जौला में आया तो परिजनों में कोहराम मच गया। दूसरी घटना में गांव जौला के ही ठेकेदार तसव्वर दूधिया पुत्र अली जान राजपूत किसी बीमारी के चलते मेरठ के एक निजी हस्पताल में भर्ती थे।

जिनको अचानक से हार्ट अटैक आया और उनकी मौत हो गयी। उनका शव भी आज गांव जौला में लाया गया तो परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया।

दोनों शवों को अलग अलग समय में गांव के ही कब्रिस्तान में हजारों ग्रामीणों की मौजूदगी में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। इन दोनों मौतों को लेकर गांव में भी शोक व्याप्त है।

## शहर में आज से शुरू होगा रामलीला मंचन

**मुजफ्फरनगर।** मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन आदर्शों को जनमानस के समक्ष रखने हेतु श्री रामलीलाओं का मंचन नगर में आज से शुरू हो रहा है। शहर रामलीला के साथ-साथ इन्दिरा कॉलौनी में शक्ति क्लब द्वारा की जाने वाली रामलीला का मंचन आज से शुरू होगा, जबकि नई मंडी व कई अन्य स्थानों पर बीस सितम्बर से रामलीला मंचन शुरू होगा। इसके लिए कलाकारों ने पिछले एक माह से खुद रिहर्सल की तथा अपनी डायग्लोक को प्रभावी ढंग से कहने पर जोर दिया। रामलीलाओं में इस बार अच्छी भीड़ आने की उम्मीद लगाई जा रही है क्योकि इस बार मौसम हल्की-हल्की ठंड के साथ सुहावना बना हुआ है। बीमारियों का प्रकोप भी इस बार कम है। वहीं अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं में भी काफी समय है जिस कारण बच्चों के लिए रामलीला देखने का मौका बिना किसी रोकटोक के मिलने वाला है।



मुजफ्फरनगर: हड़तालरत कर्मचारियों के साथ वार्ता करती ईओ प्रज्ञा सिंह।

# झोलाछाप डॉक्टरों व फर्जी पैथोलॉजी की भरमार

## कई बार सील होने के बाद भी खुले हैं फर्जी अस्पताल

**सलाउद्दीन अब्बासी**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में झोलाछाप डॉक्टरों की और फर्जी पैथोलॉजी की भ्रमार हो रही है। जनता समय-समय पर स्वास्थ विभाग को जानकारी दे रही है और स्वास्थ्य विभाग इससे भी अंजान नहीं है कि कई अस्पताल में महिलाएं बच्चे व पुरूषों की गलत ऑपरेशन व अन्य गलतियों के कारण मौत हो चुकी है। यह भी कहना गलत नहीं होगा कि स्वास्थ्य विभाग भी लगातार कार्यवाही कर रहा है और जनपद के कई कस्बों व नगर में कई अस्पताल व नर्सिंग होम पर कार्यवाही की सील लगाई गई, लेकिन अब सवाल यह है कि स्वास्थ्य विभाग फर्जी अस्पतालों पर कार्यवाही तो करता है लेकिन वह कार्यवाही कुछ दिन के लिए देखने को मिलती है। दोबारा व तीबारा सील लगने के बाद भी अस्पतालों में मरीजों का इलाज करने के पीछे किसका हाथ है यह जनता से छुपा नहीं है फिलहाल फर्जी अस्पतालों में महिला, बच्चे व पुरूषों की जान जाए तो जाए इससे स्वास्थ्य विभाग को क्या लेना-देना। जनपद के एक कस्बे के अस्पताल में मोटी रकम लेकर दूसरे पक्ष को फसाने के लिए डॉक्टरो ने एक पक्ष का खुलकर सहयोग करते हुए फर्जी डॉक्टरी तक कर डाली यह डॉक्टर किसी प्राइवेट अस्पताल की नहीं बल्कि सरकारी अस्पताल के स्टाफ ने की थी इस मामले में पुलिस ने कड़ी कार्यवाही करते हुए अस्पताल के स्टाफ को जेल भी भेजा। ऐसे में मामलों से तो यही साबित हो रहा है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कभी-कभी ऐसे मामलों से अंजान रहते है और जब कोई बडी घटना होती है तो स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ जाता है जनपद के प्रशासन के कड़े निर्देश के बाद भी जनपद में दिन पर दिन प्राइवेट फर्जी अस्पताल व पैथोलॉजी खोली जा रही है। यदि इसकी सत्यता जाननी हो तो कस्बे गांव व नगर में मौके पर जाना पडेगा। स्वास्थ्य विभाग के कई अस्पतालों पर की गई कार्यवाही के दौरान अस्पताल संबंधी कागजात भी नहीं पाए गए। रूडकी रोड से लेकर नई मंडी सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में कई दर्जन अस्पताल फर्जी ढंग से चल रहे है।

## नर्सिंग होम के यह होते है नियम

**मुजफ्फरनगर।** नर्सिंग होम शुरू करने से पहले स्थापना अधिनियम (पंजीकरण और विनियम) अधिनियम 2017 के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा अधिनियमित किया गया था कि नर्सिंग होम संचालित करने के लिए एक परिसर के लिए एक बार पंजीकरण कराना होता है। और यह पंजीकरण संबंधित राज्य सरकार के माध्यम से किया जाता है। नर्सिंग होम को उस श्रेणी के तहत न्यूनतम आवश्यकता पूरी करनी चाहिए जिसमें वह आता है। और स्थानीय प्राधिकरण और सरकार से अनुमति आवश्यक होती है इसमें बिजली और पानी व कचरे के निपटाने के साथ-साथ जल निकासी व्यवस्था पाइप लाइन और सुनियोजित स्वच्छता उपाय और स्थानीय अधिकारियों से अनुमति होनी होनी चाहिए। नर्सिंग होम के लिए अग्निशमन विभाग की मंजूरी के साथ बिस्तर और उपकरणों की स्थापना के लिए स्थानीय प्राधिकरण से स्वास्थ प्रमाण पत्र भी जरूरी है और अग्निशमन विभाग से एनओसी भी होनी चाहिए। इसके लिए स्टाफ को प्रमाण पत्र के साथ ही रखा जाए। नर्सिंग होम के लिए खरीदी गई एम्बुलेंस की आरटीओ परिवहन विभाग और राज्य सरकार से पंजीकरण होना भी जरूरी है। नर्सिंग होम में प्रदूषण से बचने के लिए बायोमेडिकल कचरे को निपटाने के लिए राज्य प्रदूषण बोर्ड से अनुमति भी जरूरी है।

## ईओ के आश्वासन पर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

**मुजफ्फरनगर।** पिछले दो दिनों से नगर पालिका मुजफ्फरनगर में चल रही कर्मचारियो की हड़ताल आज अधिशासी अधिकारी प्रज्ञा सिंह के वेतन बहाल करने के आश्वासन पर समाप्त हो गई। ईओ ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा तथा उनकी मनसा कभी भी किसी कर्मचारी का उत्पीडन करने की नहीं है। गौरतलब है कि ईओ ने कार्यवाहक कर अधीक्षक पारूल सहित अनेको कर्मचारियों का वेतन अनियमितता मिलने पर रोक दिया था पिछले दो माह से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों मे रोष फैल गया था और उन्होने हड़ताल शुरू कर दी थी।

# रिटायर्ड इंजीनियर से 33.33 लाख की ठगी में दो गिरफ्तार

## डिजीटल एरेस्ट कर अधिकारियों के नाम पर बनाया शिकार, 39 सिम, 15 फोन, 15 पासबुक, 13 मोबाइल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शासन प्रशासन के प्रचार व जानकारी देने के बावुजूद आम लोग ही नहीं मौजूदा व रिटायर्ड अधिकारी भी साइबर ठगी का शिकार हो रहे है। कहीं लोगों को लालच मार रहा है तो कही डिजीटल अरेस्ट का खौफ दिखाकर नटवरलाल लगातार ठगी की वारदात कर रहे है। ऐसे मामलों के लिए सभी जनपदों में साइबर क्राइम थाने बना दिए गए है और कार्यवाही भी बरामद हो रही है, लेकिन ठग नए-नए हतकंडे इस्तेमाल कर वारदात करने से नहीं चूक रहे है हाल में भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है जहां लोक निर्माण विभाग के रिटायर्ड इंजीनियर को डिजीटल एरेस्ट कर 33 लाख से अधिक की नगदी हड़प ली, हालांकि पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन लाखों रूपये की ठगी में मात्र 99500 हजार रूपयें की बरामदगी हुई है यह गिरोह आईपीएस और न्यायाधिक अधिकारियों के नाम का सहारा लेकर लोगों को शिकार बना रहे है अभी पुलिस को सरगना की तलाश है।

जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा ने प्रेसवार्ता में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि एसपी क्राइक इंदू सिद्धार्थ ने साइबर थाने की पुलिस के साथ मिलकर एक बडी कामयाबी हासिल की है उन्होने कहा कि 6 सितम्बर को लोकनिर्माण विभाग के रिटायर्ड इंजीनियर आरके सिंह ने पुलिस को जानकारी दी थी कि उन्हे डिजीटल एरेस्ट के नाम पर 33 लाख 33 हजार की ठगी की गई है। साइबर ठगो ने ईडी अधिकारी बनकर खाते के लेनदेन के नाम पर डराया गया और इसके बाद सीबीआई अधिकारी बनकर उन्हे कार्यवाही की धमकी दी गई। कई बार ठगों की कॉल आई जहां रिटायर्ड इंजीनियर ने ठगो को 33 लाख 33 हजार की नगदी सौंप दी।

एसएसपी ने बताया कि इस मामले की कार्यवाही एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ को सौंपी गई और टीम गठित में दस दिन की भागदौड के बाद पुलिस ने साठ से अधिक कैमरे खंगाले और गोपनीय तरीके से की गई जांच पडताल के दौरान डिजीटल एरेस्ट के खेल में निखिल गोयल निवासी आनंद विहार, ऋषिकेश उत्तराखंड और हरप्रित सिंह निवासी छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से 99500 की नगदी बरामद की पुलिस ने ठगो के पास से वो जखीरा भी बरामद किया है जिससे लोगों को ठगी में इस्तेमाल करते थे पुलिस ने इनके पास से करीब 39 सिम कार्ड, तेरह मोबाइल, तीन चैकबुक, इक्कीस एटीएम, पन्द्रह पास बुक बरामद की। इस गिरोह मुखिया राजू अभी फरार है और इस गिरोह के तार कम्बोडिया तक जुडे हुए है।

एसएसपी ने बताया कि यह गिरोह अब तक 72 खातों में रकम को ट्रांसफर कर चुके है और इनके खाते में अब तक 46 करोड 55 लाख का लेनदेन हो चुका है। यह रकम 44 वारदातों में हड़पी गई है।

## किशोरी से छेड़खानी के आरोपी को तीन वर्ष की सजा

■ कोर्ट ने सबूत व गवाहों के आधार पर सुनाया फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोर्ट ने किशोरी से छेडखानी के आरोप में सबूत व गवाहो के आधार पर आरोपी को तीन साल की सजा सुनाते हुए उस पर 25 हजार रूपयें का जुर्माना भी किया है अभियोजन के अनुसार 26 सितम्बर 2017 को सिखेडा थाना क्षेत्र के गांव धंधेडा में पन्द्रह साल की बालिका से छेड़खानी की घटना हुई थी। इस घटना का मुकदमा पीड़ित परिवार की ओर से संदीप के खिलाफ दर्ज कराया गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज के बाद आरोपी को जेल भेज दिया था और इस मुकदमे की विवेचना शुरू करते हुए कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। यह मामला विशेष अदालत पोस्को की पीठाशीन अधिकारी मंजिला भलोटिया की कोर्ट में विचाराधीन था इस मुकदमें की पैरोकारी शासकीय अधिवक्ता प्रदीप बालियान ने की। कोर्ट में दोनो पक्षों के वकीलों ने अपनी-अपनी दलीले पेश की। कोर्ट ने सबूत व गवाहों के आधार पर संदीप को दोषी पाया और उसको तीन साल की सजा सुनाते हुए 25 हजार का जुर्माना लगाया।

## नगर में हुई रेड रन मैराथन में दौड़े सैकड़ों छात्र-छात्राएं

■ एचआईवी एड्स के प्रति जनजागरूकता का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जनपद मुज़फ्फरनगर में उत्तर प्रदेश राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी के तत्वाधान में युवा उत्सव एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत रेड रन मैराथन का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को इसके प्रति सजग बनाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया, मंत्री कपिल देव अग्रवाल के प्रतिनिधि विशाल गर्ग भाजपा नेता, कमलकांत शर्मा तथा जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. लोकेश गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता में विजेताओं का चयन तीन श्रेणियों में किया गया। जिसमें प्रथम श्रेणी में पुरुष वर्ग दूसरे श्रेणी में महिला वर्ग तथा तीसरी श्रेणी में ट्रांसजेंडर वर्ग ने मैराथन दौड़ में प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान आकाश, द्वितीय स्थान पारुल और तृतीय स्थान शुभम ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान अर्पिता, द्वितीय स्थान निशा तथा तृतीय स्थान स्वाति को मिला। ट्रांसजेंडर वर्ग में प्रथम स्थान शिल्पी, द्वितीय स्थान आशीष तथा तृतीय स्थान सिम्मी को मिला। विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों को 1500, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को 1200 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को ₹1000 प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान किए गए इसके साथ ही समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है ख्र जागरूकता। समाज के हर वर्ग को इसके बारे में सही जानकारी होनी चाहिए और भ्रांतियों को दूर करना समय की मांग है। रेड रन मैराथन जैसे आयोजन न केवल युवाओं को प्रेरित करते हैं बल्कि समाज में स्वस्थ और जागरूक वातावरण का निर्माण करने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। मैराथन रेस को सफल बनाने में सुश्री पूनम बिश्नोई उप जिला क्रीड़ा अधिकारी, खतौली ब्लॉक के प्रभारी डॉ अवनीश कुमार,डॉ गीतांजलि वर्मा जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, डॉ मजहरुद्दीन रहमान, संजीव लंबा , मनोज त्यागी, सहबान, संजीव शर्मा ,विपिन शर्मा दिशा संस्था से ममता ,ज्योत्सना सहित स्टेडियम के समस्त कोचो का विशेष योगदान रहा।



## ड्रोन संचालकों ने सीएम के नाम भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शादी व अन्य प्रोग्रामों में ड्रोन कैमरों पर लगी रोक के बाद ड्रोन चलाने वाले लोग परेशानी का डंश झेल रहे है। उनके आगे रोजी रोटी की समस्यां है तो वहीं पिछले दिनों जनपद में ड्रोन कैमरों को लेकर फैली अफवाह प्रशासन के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थी।

गुरूवार को ड्रोन सोसायटी के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि ड्रोन कैमरा हाल में शादी व अन्य प्रोग्रामों में वीडियो ग्राफी के लिए अहम हिस्सा है, लेकिन हाल में इस पर प्रतिबंध लगाया गया है जिससे कई सौ ड्रोन वीडियो ग्राफिरो की रोजी रोटी पर संकट पड़ गया है।

शादी समारोह में लोगों की ड्रोन चलाने की मांग रहती है, लेकिन इस समय उनका व्यवसाय ठप्प पड़ा हुआ है उन्होने ज्ञापन में कहा कि विवाह समारोह व निजी कार्यक्रमों में सुरक्षा की दृष्टि से भी इसका उपयोग किया जाता है और इसकी अनुमति दी जाए।

उन्होने ज्ञापन में एक बार फिर अपनी रोजी रोटी का मुद्दा उठाया है।




राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

# नौचंदी ट्रेन से सैकड़ों किसानों ने लखनऊ में किया कूच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर द्वारा आह्वान किया गया था कि आगामी 19 सितंबर को लखनऊ मे किसानों की पंचायत कि जाऐगी आज उसी तरज पर जनपद मेरठ रेलवे स्टेशन पर सैकड़ों किसान लखनऊ पंचायत के लिए इकट्ठा हुए और किसानो की समस्याओं को लेकर नोचेन्दी ट्रेन से सवार होकर लखनऊ की ओर निकले किसानो कि भीड इतनी थी कि रेल गाडी खचाखच भर गयी।

यहा तक यात्रियों को भी बैठने कि जगह नही मिली और जो लोगो ने एक महीना पहले रिजर्व वेशन कराया था उनकी सीटो को किसानो ने कब्जा लिया और जब मिडिया द्वारा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर से पूछा गया कि लखनऊ पंचायत मे किस तरीके के मुद्दे उठाये जाऐगे उन्होने बताया कि संगठन हर वर्ष सितंबर के महीने मे लखनऊ पंचायत कर किसानो के मुद्दे उठाने का काम करता है हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी संगठन लखनऊ जा रहा है और वहा पर हमारी मांगे रहैगी कि किसानो के गन्ने का भाव 500 रू प्रति क्विटल किया जाए और बकाया भुगतान मय ब्याज सहित दिलवाया जाऐ और बाढ प्रभावित क्षेत्रों में किसानो को उनका फसल और जो भी उनका नुकसान हुआ है वो सरकार द्वारा मुआवजा दिया जाऐ स्मार्ट मीटर पर रोक लगायी जाऐ।

जनपद मुजफ्फरनगर में ऐम्स अस्पताल कि सुविधा दी जाऐ सरकार द्वारा भ्रष्ट अधिकारियों पर लगाम खैची जाऐ किसानो को नलकूप के कन्शन नि:शुल्क दिये जाऐ और किसान जो भी खेती मे उपयोग होने वाले यन्त्रों पर 50 प्रतिशत कि छूट दी जाऐ और और रोड टैक्स या टोल टैक्स मे से किसान और आमजन से एक चीज वसूली जाऐ इस तरीके के मुद्दो का एक 35 सूत्रीय मांग पत्र सरकार को सौपा जाऐगा।



## मॉक एक्सरसाइज की तैयारियों को लेकर बैठक

■ यूपी के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राज्य आपदा प्रबंधक प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेन्द्र डिमरी ने गुरूवार की सवेरे जिला पंचायत के सभागार में जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक की। बैठक में भूकंप औद्योगिक(रसायन) एवं अग्नि सुरक्षा एक्सरसाइज तैयारियों की समीक्षा की। डिमरी ने मौजूदा अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र के औद्योगिक स्थानों की जानकारी रखे और आपदा की स्थिति में राहत कार्यो के लिए तैयार रहे। उन्होने कहा कि इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर को 24 घंटे सक्रिय रखा जाए। डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि आपदा प्रबंधन में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व पीएसी की भूमिका अहम रहती है। उन्होने कहा कि 100 आपदा मित्रों की टीम जल्द तैयार होगी और तहसील में त्रिवेणी इंजीनियर, जानसठ में डीएवी इटर कॉलेज, खतौली में तहसील तथा बुढ़ाना डीएवी इण्टर कॉलेज के मैदान में मॉक एक्सर साइज का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मौजूद अधिकारी एडीएम वित्त गजेन्द्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश, एडीएम प्रविन्द त्रिवेदी, बुढ़ाना अपूर्वा यादव, खतौली राजकुमार भारती आदि मौजूद रहे।

# चोरों ने किया नाक में दम, पुलिस भी लाचार

## ट्यूबवैलों को निशाना बनाते हुए लाखों के उपकरण किए चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र में चोर आए दिन किसानों की ट्यूबवैलों को निशाना बनाने के साथ ही हाई टेंशन लाइनों के तारों काटकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। गुरुवार को चोरों ने कई किसानों की टड्बवेलों को निशाना बनाते हुए लाखों का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित किसानों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

एक पखवाड़े में चोरों ने हाई टेंशन लाइन के तारों को काटने के साथ ही मलकपुर रोड पर स्थित कस्बा निवासी चार किसानों की ट्यूबवैलों पर चोरी कर घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली है। पुलिस दोनों घटनाओं का शीघ्र ही राजफाश करने का दावा कर रही है। कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी किसान अमित, रजत, राहुल व सिकंदर के खेत मलकपुर रोड स्थित है। बुधवार की रात्रि में चोरों के द्वारा चारों किसानों के खेतों पर बने कमरों के ताले तोड़कर लगभग एक लाख रूपए के बिजली के उपकरण चोरी कर लिए गए। किसानों को घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह को खेत पर पहुंचने के बाद हुई। पीड़ित किसानों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पीड़ित किसानों ने चोरों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि एक पखवारा पूर्व चोरों के द्वारा किवाना मार्ग पर स्थित आधा दर्जन से भी अधिक किसानों खेतों के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन के तारों को काट लिया गया था। जिसके चलते किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक पखवाड़े में चोरों ने दो घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती देने का काम किया है, हालांकि पुलिस जल्द ही दोनों घटनाओं का राजफाश करने की बात कह रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित किसानों की तहरीर मिली है। शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## दिनदहाड़े लाखों की नकदी चोरी

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला मोमिननगर निवासी शादाब व शमीम उर्फ कल्लू पुत्रगण नूरमौहम्मद किरयाना के सामान की फेरी करते है।बताया जाता है कि गत बुधवार की दोपहर वह सामान बेचने के लिए चले गए थे, जबकि बच्चे स्कूल गए। आरोप है कि दोपहर के समय मां घर का ताला लगाकर बच्चों को स्कूल लेने के लिए गई तो इसी बीच मकान की छत की ओर से खुले दरवाजे से चोर मकान में घुस आए और मकान में रखी 4.20 लाख रूपये की नकदी चोरी कर ली। चोर अलमारी का ताला खोलकर नगदी साथ लेकर गए है। देर शाम तक भी चोरी की घटना का पता नही लग सका। देर रात्रि जब अलमारी खोली तो चोरी की घटना का पता चल सका। जिसके बाद शादाब ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची शहर कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का मुआएना किया। पुलिस को चोरों के प्रवेश करने और अलमारी में किसी प्रकार की तोडफोड के कोई साक्ष्य नही मिले। वही शादाब ने बताया कि दो लाख रूपये को उसके किरयाना का सामान लाने के लिए रखे थे, जबकि 1.20 लाख रूपये गत एक सितंबर को कमैटी से आए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# बाइकों की भिड़ंत में एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित जसाला स्वास्थ्य केंद्र के समीप दो बाइकों की टक्कर हो गई दोनों बाइकों की भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी रोशन अपने पुत्र जयकरण के साथ बाइक पर सवार होकर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने के लिए आ रहा था। बाइक सवार पिता पुत्र जैसे ही दिल्ली रोड स्थित जसाला कट से साइड बदलकर पेट्रोल पंप की ओर आ रहे थे तो कांधला की ओर से जा रहे बाइक सवार के साथ उनकी टक्कर हो गई। दोनों बाइकों की भिड़ंत में जसाला निवासी बाइक सवार युवक जयकरण गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने हादसे की जानकारी एंबुलेंस विभाग को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## ट्रैक्टर सवार व्यक्ति के साथ दबंगों ने की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने अपने गांव के ही कई लोगों पर मारपीट करते हुए घायल करने का आरोप लगाकर पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी विपिन कुमार ने बताया कि वह अपना ट्रैक्टर लेकर पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने के लिए जा रहा था। पीड़ित का कहना है कि गांव के ही कई लोग पीड़ित व उसके परिवार से रंजिश रखते हैं।

आरोप है कि जैसे ही वह गांव की एक चौपाल के समीप पहुंचा तो आरोपियों ने पीड़ित को घेर लिया और ट्रैक्टर से नीचे उतर कर उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर शराबा होने पर अन्य ग्रामीण आ गए आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों द्वारा की गई मारपीट के कारण वह चोटिल हो गया। पीड़ित ने थाने पर पहुंच कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन में स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत बुधवार को कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वार्ड 16 स्थित सनातन धर्म पब्लिक हाई स्कूल में स्वच्छ सारथी क्लब के अध्यापक व छात्र-छात्राओं की सहभागिता से स्वच्छ रंगोली एवं स्वच्छता संबंधी चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में बच्चों ने बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। रंग-बिरंगी रंगोलियों और चित्रों के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार प्रकट किए और साफ-सुथरे भारत के संदेश को उजागर किया। उनके द्वारा बनाए गए चित्र और सजाई गई रंगो. लियां वहां उपस्थित लोगों को आकर्षित करती रहीं।कार्यक्रम के बाद स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्यों और विद्यार्थियों को स्वच्छता संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सभी ने एकजुट होकर स्वच्छता शपथ ली कि वे स्वयं स्वच्छ रहेंगे और दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे।

अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा और नगर पंचायत अध्यक्षा मुशयदा के निर्देशों का अनुपालन करते हुए नगर पंचायत टीम o SVPS के सदस्यों द्वारा सभी वार्डों में डोर-टू-डोर प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाया गया।

इसमें आमजन को बताया गया कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग कैसे किया जाए, गीले कचरे से होम कम्पोस्टिंग द्वारा खाद तैयार कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने में कैसे मदद मिल सकती है।इसके साथ ही नगर में चिन्हित CTU पॉइंट्स की निरंतर सफाई और सौंदईकरण कराया जा रहा है, ताकि आमजन को स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिल सके। अभियान के दौरान नगरवासी भी इस मुहिम से जुड़ते दिखे और सभी ने अपने नगर व देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने की शपथ ली।




## राजकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** राजकीय महाविद्यालय थाना भवन में हिंदी दिवस एवं राजभाषा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संच. ालन डॉ. योगेश कुमार ने किया जबकि अध्यक्षता डा. निशांत कुमार सैनी ने की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं बल्कि हमारी राजभाषा भी है। हिंदी बोलते समय हमें गर्व महसूस करना चाहिए। भाषण प्रतियोगिता में पायल ने प्रथम स्थान, कुलदीप ने द्वितीय स्थान तथा खुशी व नैना ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के हिंदी प्रवक्ता सुधीर कुमार सहित देवांश भोरवाल, डा. ज्योति, रीतू तथा कार्यालय के कार्मिक नमन वर्मा, ललित सैनी, सतनाम, अंकित आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### सीएचसी पर एक्स रे मशीन व सेंट्रल लैब का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत मेगा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने फीता काटकर किया इस अवसर पर सीएचसी पर एक्स-रे मशीन व सेंट्रल लैब का भी शुभारंभ किया गया। साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत मेगा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने फीता काटकर किया कैंप में सैकड़ो की संख्या में मरीजो ने पहुंचकर जांच व दवाई ली कैंप में कुल 487 मरीज आए जिन में से उच्च रक्तचाप 141, मधुमेह 123, ओरल कैंसर की जांच 33, ब्रेस्ट कैंसर की 35, टीवी की 56 व अन्य 56 मरीजों की जांच की गई कैंप में मानसिक विकार ग्रसित मरीज का इलाज किया गया जिनमें से तीन को जिला स्तर मनन केंद्र के लिए भेजा गया ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक्स-रे मशीन व सेंट्रल लैब का भी शुभारंभ किया गया इससे केंद्र पर आने वाले मरीजों को एक्सरे करने के लिए शामली नहीं जाना पड़ेगा तथा सभी जांच केंद्र पर उपलब्ध होगी। पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने का आ]वान किया। इस दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर तरुण चौधरी, शकील अहमद समेत सभी डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### सात एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना बाबरी झिंझाना कोतवाली शामली गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए सात एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण इरशाद पुत्र शाहिद निवासी ग्राम कैड़ी थाना बाबरी जनपद शामली, नाजिम पुत्र शाहिद निवासी ग्राम कैड़ी थाना बाबरी जनपद शामली, इकराम पुत्र युसूफ निवासी ग्राम कैड़ी थाना बाबरी जनपद शामली, बब्बी पुत्र रामनारायण निवासी ग्राम रामपुरा थाना झिंझाना जनपद शामली, सचिन पुत्र गोपाल निवासी ग्राम भमेड़ी शाहपुर थाना झिंझाना जनपद शामली, रविन्द्र उर्फ बिन्दर पुत्र सुरेश निवासी ग्राम पलठेड़ी थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली, हकीमूद्दीन पुत्र इस्माईल निवासी मौहल्ला राजोवाल कलन्दरशाह थाना कोतवाली जनपद शामली हैं।

### अश्लील इशारे करने में एक गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के तहत गठित शक्ति मोबाइल की पुलिस टीम द्वारा चेकिंग गश्त करते समय हिन्दु कन्या इंटर कालेज के पास से एक युवक को छात्राओं पर अश्लील इशारे व छींटाकशी करने के मामले में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में महिला थाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त जुबैर पुत्र कामिल निवासी ग्राम बराला थाना कैराना जनपद शामली है।

### धान की फसल में घुसे दबंग, विरोध करने पर की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी किसान ने अपने खेत के पड़ोसी कई किसानों पर उनके खेत में घुसकर धान की फसल को तहस-नहस करते हुए उसके भाई के साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी किसान सुमित कुमार ने बताया कि उसका भाई संदीप बुधवार की देर शाम अपने खेत पर गया हुआ था। पीड़ित का आरोप है कि उसके गांव के ही कई लोग पीड़ित के खेत पर पहुंचे और उनकी धान की फसल में घुसकर तहस-नहस करने लगे। जब पीड़ित के भाई ने विरोध किया तो आरोपियों ने बेल्टों सहित डंडों से मारपीट कर उसके भाई को घायल कर दिया। सभी आरोपी उसके भाई को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। आरोपी जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे गए। पीड़ित ने किसी तरह मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी पीड़ित ने अपने परिजनों सहित थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### स्वच्छता शपथ व रैली निकालकर छात्राओं ने दिया स्वच्छता का संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राजनीति शास्त्र विभाग के प्रभारी डा. पंकज चौधरी द्वारा छात्राओं को स्वच्छता शपथ दिलाई।इसके बाद महाविद्यालय से स्वच्छता जनजागरूकता रैली निकाली गई, रैली रायजादगान मोहल्ला से होते हुए शिव मंदिर तक पहुंची। रैली में छात्राओं ने हाथों में तख्तियां व बैनर लेकर स्वच्छता संबंधी नारे लगाए और राहगीरों व मोहल्लेवासियों को स्वच्छ रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम के सफल संच. ालन में डा. नयना शर्मा और डा. लक्ष्मी गौतम का विशेष योगदान रहा। संपूर्ण आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना,एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डा. श्याम बाबू के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ और छात्राएं मौजूद रही।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल शामली के छात्रों ने 37वी बैडमिंटन प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गाजियाबाद में किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के लव ठाकु,र ऋषभ कुमार, डबल्स बैडमिंटन एकल बैडमिंटन में अखिल कुमार एवं अनुज कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रधानाचार्य संजय सैनी बैडमिंटन कोच रवि गौड ने छात्रों को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किया।उन्होने बताया कि अपने विद्यालय में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई जाती हैं जिसमें बौद्धिक शारीरिक प्रतियोगिताएं विभाग प्रांत और क्षेत्रीय तथा अखिल भारतीय स्तर तक कराई जाती हैं। इन प्रतियोगिताओं को करने का उद्देश्य छात्रों के शारीरिक विकास को उन्नत करना होता है। इस अवसर पर चंचल गोयल, विवेक संगल, गौरव संगल, अजेंद्र कुमार सिंह, संजीव बालियान, आशीष जैन, शिवकुमार धीमान, आदेश धीमान, रामकुमार, संदीप कुमार मौजूद रहे।




# टीबी होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एक विवाहिता ने महिला थाना पुलिस को तहरीर देकर ससुरालियों पर टीबी की बीमारी होने पर छोडने का आरोप लगाया है। साथ ही मायके में आकर मारपीट करने और जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नई बस्ती निवासी विवाहिता रिजवाना ने महिला थाने में मुकदमा दर्ज करते हुए बताया कि उसकी शादी करीब 7 वर्ष पूर्व साजिद पुत्र अलमू निवासी मौ। नई बस्ती के साथ हुई थी, जिससे उसको तीन बच्चे है। ससुराल वाले लालची किस्म के लोग है, जिन्होने अतिरिक्त दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताडित किया। करीब डेढ वर्ष पूर्व कूल्हे की हड्डी मे टीबी होने के कारण पति साजिद ससुर अलमू, जेठ नूरहसन, ने पीडिता के साथ मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया। जिसके बाद से विवाहिता अपने मायके में रह रही है। ईलाज व बच्चो का पालन पोषण मायके वाले ही कर रहे है। आरोप है कि गत 11 अगस्त को ससुराल वाले घर आए और देहज की मांग करते हुए गाली-गलौज व मारपीट करते हुए जान से मारने का प्रयास किया। महिला थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक चोर गिरफ्तार

**शामली।** राजेन्द्र पुत्र ब्रह्म सिंह ग्राम ताजपुर सिम्भालका थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के बलजीत नगर स्थित मकान से अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी तथा 8/9.09.2025 की रात्रि में परवेज पुत्र कामिल निवासी ग्राम सरवरपीर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने घटनाओं में लिप्त सचिन पुत्र राकेश निवासी ग्राम खेडी करमू थाना कोतवाली शामली जनपद शामली को गिरफ्तार किया है।

# सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर से बीमारी फैलने का अंदेशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाकर साफ सफाई करने की अपील की जा रही हैं। प्रधानमंत्री लगातार अपने संदेश में स्वच्छ भारत मिशन का जिक्र करते हुए अपने आसपास साफ सफाई करने की अपील करते हैं। नगर पालिका परिषद के कर्मचारी स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रहे हैं कस्बे के बाईपास मार्ग पर कूड़े का ढेर लगा पड़ा है आने जाने वाले राहगीर दुर्गंध से गुजर रहे हैं पालिका के कर्मचारी जानकर भी अंजान बने हुए हैं। नगर पालिका परिषद के द्वारा गंगेरू मार्ग पर लाखों रूपए खर्च कर डंपिंग ग्राउंड बनाया गया है। ताकि उसमें कूड़ा करकट डाला जा सके। और नगर पालिका परिषद के द्वारा कूड़ा कलेक्शन करने के लिए कई गाड़ियां कस्बे में छोड़ रखी है जो कि घर घर पहुंच कर कूड़ा कलेक्शन करती है। इसके बाद भी नगर पालिका परिषद के कर्मचारी नगर की साफ सफाई कर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बाईपास मार्ग पर कूड़े का ढेर लगा हुआ है जिसमें बेसहारा पशु अपना चारा ढूंढते नजर आ रहे हैं। कूड़े के ढेर से निकलने वाली दुर्गंध से राहगीर अपना मुंह ढक कर निकलते हैं। कस्बे के बाईपास मार्ग पर लगे कूड़े का ढेर स्वच्छ भारत मिशन अभियान को पलीता लगा रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के सपने को नगर पालिका कर्मचारी अनदेखी करते हुए अंजान बने हुए हैं। कस्बे के लोगों में पालिका प्रशासन के द्वारा साफ सफाई करने में ढीला रवैया अपनाने में आक्रोश बना हुआ है। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का कहना है कि जो भी कर्मचारी कस्बे की साफ-सफाई में लापरवाही करेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी साफ-सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




## आपदाओं से सुरक्षा का प्रशिक्षण तय

**शामली।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद शामली की समस्त तहसीलों में भूकंप औद्योगिक (रासायनिक) एवं अग्नि सुरक्षा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन/संचालन किया जाएगा। उक्त दृष्टिगत सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिक. ारी, शामली सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि वह अपनी तहसील के क्षेतान्तर्गत मॉक एक्सरसाइज कराना सुनिश्चित करेंगे। जिसमें तहसील शामली के अंतर्गत एसडीएम शामली के दिशा निर्देश में मॉक एक्सरसाइज का आयोजन शुगर मिल शामली व जिला संयुक्त चिकित्सालय शामली में प्रात: 10 बजे से अपराह्व 2 बजे तक होगा। इसी प्रकार तहसील कैराना में एसडीएम कैराना के दिशा निर्देशन में मॉक एक्सरसाइज का आयोजन पब्लिक इंटर कॉलेज कैराना में व तहसील ऊन में एसडीएम ऊन के दिशा निर्देशन में डीएवी इंटर कॉलेज ऊन में मॉक एक्सरसाइज का आयोजन प्रात: 10 बजे से अपराह्व 2 बजे तक होगा।

## माता वैष्णो देवी के लिए रेलगाड़ी संचालन को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को अग्रवाल मित्र मंडल के पदा. धिकारियों ने लखनऊ व माता वैष्णो देवी के लिए रेलगाड़ी संचालन की मांग को लेकर अभियान शुरू किया है। जिसको लेकर महाप्रबंधक उत्तर रेलवे के नाम एक ज्ञापन डीएम को सौपां है। गुरूवार को अग्रवाल मित्र मंडल से सचिव अनुज बंसल व आकाश गोयल व व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के प्रदेश महामंत्री प्रदीप विश्वकर्मा, रूपेश मित्तल, प्रदुम्न गर्ग, अमित गर्ग, सतीश संगल, ने संयुक्त रूप से महाप्रबंधक उत्तर रेलवे को संबोधित एक ज्ञापन डीएम को सौंपा। जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने मांग रखी कि शामली होते हुए लखनऊ व माता वैष्णो देवी के लिए रेलगाड़ी का संचालन शुरू किया जाए। बताया कि अभियान को आगे बढ़ाने के लिए जल्द ही सांसद बागपत डा. राजकुमार सांगवान, सांसद कैराना इकरा हसन तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर समर्थन मांगा जाएगा। ताकि क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिल सके।



# जलालाबाद रेलवे स्टेशन का नाम बदलने का विधायक ने मुख्यमंत्री को दिया प्रस्ताव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने जलालाबाद कस्बे की मूल समस्या रेलवे स्टेशन के नाम को परिवर्तन कर जलालाबाद अतिशय क्षेत्र कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराते हुए राज्य सरकार से गृहमंत्रालय को प्रस्ताव भेजने का आग्रह किया है। वही क्षेत्र के कई धार्मिक स्थलो के जीर्णोद्धार की भी मांग की है।

थानाभवन विधायक अशरफ अली खान गुरूवार को लखनऊ मे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले एवं कस्बा जलालाबाद क्षेत्र के लोगो की रेलवे स्टेशन के नाम परिवर्तन की मांग को रखते हुए रेलवे स्टेशन के नाम को जलालाबाद स्थित जैन तीर्थ पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र की उत्तर भारत मे ख्याति के आधार पर जलालाबाद अतिशय क्षेत्र के नाम से परिवर्तित कराने का प्रस्ताव दिया है। उनके द्वारा मृख्यमंत्री को श्रद्धालुओ को होने वाली समस्या से विस्तार से अवगत कराया कि जलालाबाद रेलवे स्टेशन का नाम आज भी थानाभवन स्टेशन के नाम से अंकित है। जिसके चलते रेल के माध्यम से सफर कर जलालाबाद पहु. चने वाले श्रद्धालुओ व अन्य यात्रियो को बडी असुविधा से दोचार होना पडता है । उन्हे पता ही नही चलता की थानाभवन स्टेशन है या जलालाबाद चूकि दोनो ही स्टेशन पर थानाभवन अंकित है। कई बार थानाभवन के यात्री जलालाबाद उतर जाते है और जलालाबाद के थानाभवन । क्षेत्र के लोगो की इस समस्या को मुख्यमंत्री द्वारा गम्भीरता से लिया है उनके द्वारा अपने निजी सचिव को इस सम्बन्ध मे पूरी जानक. ारी कर विधिक राय लेकर कार्यवाही करने के लिए कहा गया है। वही विधायक अशरफ अली द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव उमरपुर मे शिव मंदिर के जीर्णोद्धार व गोगवान जलालपुर मे वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप के नाम पर मिनी स्टेडियम के निर्माण की मांग को रखा है। उनके साथ पूर्व चेयरमैन अब्दुल गफफार व अभिषेक राणा मौजूद रहे।



# बालिका की अश्लील तस्वीर बनाकर कर दी वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक द्वारा नाबा. लिग बालिका की अश्लील तस्वीरे बनाकर वायरल करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी है।

गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर एवं शादी का झांसा देकर एक युवक द्वारा प्राईवेट अश्लील तस्वीरे बनवाई। उक्त तस्वीरो को विभिन्न सोशल प्लेटफर्म्स पर प्रसारित किया तथा अपने अन्य मित्रो के साथ साझा किया। जिन तस्वीरो का फैलाव हो चुका है। इसके कारण बालिका की मानसिक एवं सामाजिक स्थिति को प्रभावित किया है। जिससे बालिका घर से भी नही निकल पा रही है। पीडित ने देषी व्यक्ति के विरुद्ध पोक्सो एक्ट, आईटी एक्ट एव भारतीय दंड संहिता की संबधित धाराओ के अंतर्गत कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही सोशल मीडिया पर प्रसारित अश्लील सामग्री को तत्काल हटवाया जाने एवं इस घटना में संलिप्त अन्य व्यक्तियो की भी पहचान कर उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने आरोपी श्रेयांश बालियान पुत्र अमित गांव बरलाजट के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी है।

## नाबालिग को जाल में फंसाकर रुपये ठगने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एक व्यक्ति ने कस्बा बनत के वार्ड सभासदों के साथ एसपी को शिकायती पत्र देकर कुछ लोगों पर नाबालिग पुत्री को अपने जाल में फंसाकर 50 हजार रूपये ठगने और ओडियों रिकोर्डिंग कर डराने धमकाने का आरोप लगाया है। एसपी ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही के निर्देश दिए है।

कस्बा बनत के मौहल्ला रैदासपुरी निवासी एक व्यक्ति ने कस्बे के वार्ड सभासदों के साथ एसपी एनपी सिंह को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें उन्होने कहा कि 15 वर्षीरू नाबालिग पुत्री को संजीव व संगीता ने बहलाफुसलाकर मोबाईल देकर अपने जाल में फंसा लिया। गत 20 दिन पूर्व घर में निर्माण कार्य के लिए रखे 50 हजार रूपये पुत्री से ठग लिए। जिसका पता परिजनों को हुआ तो पुत्री ने उक्त रूपयों के देने की जानकारी दी। गत 14 सितंबर को उक्त लोगों को पैसे वापस मांगे तो उन्होने 3500 रूपये दिए, जबकि 46500 देने से इंकार कर दिया। उल्टा पीडितों को झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जा रही है। सभासदों ने मामले में जांच कराकर रूपये वापस दिलाने तथा जांच कराकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। एसपी ने मामले में जांच कराकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर लगाई भव्य चित्र प्रदर्शनी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रधानमंत्री के जन्म दिवस को 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पर्व के रूप में मनाए जाने के दृष्टिगत उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित हनुमान टीला परिसर में सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई भव्य चित्र प्रदर्शनी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल द्वारा किया गया। तत्पश्चात अपर जिला सूचना अधिकारी दीपक कुमार द्वारा प्रदर्शनी में भ्रमण कर अवलोकन कराया गया। जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल ने कहा कि विश्व स्तर पर अपने लोक. प्रियता की पहचान बनाने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। उसी के तहत चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसमें प्रधानमंत्री के बाल्य काल से लेकर उनके जीवन की प्रारंभिक यात्रा से लेकर किस तरह वह एक-एक कदम पर कदम शुरू से ही योजना बनाकर चलते हैं और आज तक जितनी भी कार्य योजना उनके द्वारा लाई गई और देश के विकास में उन कार्य योजनाओं का कितना हिस्सा है उसकी जानकारी आमजन को मिल सके कि किस तरह से हमारा देश तरक्की कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज हमें दुनिया में चौथी आर्थिक महाशक्ति के रूप में देखा जा रहा है। इस प्रदर्शनी में पुरी की पूरी समुचित यात्रा चित्र के माध्यम से सरकार की योजनाओं का भी प्रदर्शन है।

इस अवसर पर एमएलसी वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्म दिवस को पूरे देश में बहुत ही धूमधाम से मनाया गया है। और उनके जन्म दिवस को 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा।

जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी द्वारा स्थापित की गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर रमेश गोड, हरबीर मलिक, अध्यक्ष शामली अरविन्द संगल, सलील द्विवेदी, प्रमोद सैनी, रामजीलाल, पुनीत द्विवेदी, राजेंद्र सिंह, शशि अरोरा, अनुज राणा, भूपेंद्र शर्मा, संगीता जिंदल, ओमप्रकाश, विवेकप्रेमी, बादल गौतम वरुण शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अज्ञानता को दूर कर स्वयं को पहचानें: मुनि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में मुनि विव्रत सागर का प्रवचन आत्म-ज्ञान के महत्व और प्रभावना के वास्तविक अर्थ पर केंद्रित रहा। मुनिराज ने कहा कि अज्ञानता को दूर कर स्वयं को आत्मा के रूप में पहचानने से ही सच्ची आध्यात्मिक शांति प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने एक कथा के माध्यम से समझाया कि जैसे पारस पत्थर लोहे को तभी सोना बना सकता है जब उस पर जंग न हो, उसी प्रकार गुरु और धर्म द्धपारस की तरहऋ तभी आत्मा को लाभ पहुंचा सकते हैं जब भीतर का 'लोहे' यानी आत्मा अज्ञान, राग-द्वेष और सांसा. रिक मोह से मुक्त हो। यदि मनुष्य में अज्ञान का जंग है तो धर्म के सान्निध्य में रहकर भी शांति प्राप्त नहीं की जा सकती। मुनिराज ने स्पष्ट किया कि दुनियावी जानकारी, जैसे सोने-चांदी का भाव, राजनीति या फिल्मों का ज्ञान, वास्तविक ज्ञान नहीं है। सबसे बड़ा अज्ञान यह है कि व्यक्ति स्वयं को आत्मा के रूप में नहीं पहचानता, बल्कि नाम, रिश्तों और बाहरी पदों से पहचानता है। यही अहंकार और आत्मा के कुपोषण का कारण है। उन्होंने कहा कि प्रभावना का अर्थ केवल प्रचार-प्रसार करना नहीं, बल्कि अज्ञान रूपी अंधकार को हटाकर जिनशासन के महत्व को प्रकाशित करना है। आंतरिक शुद्धि और आत्म-ज्ञान प्राप्त करना ही सच्ची प्रभावना है। पंच परमेष्ठी की आराधना पर मुनिराज ने कहा कि मोक्ष के लिए केवल मुनि और सिद्ध पद पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, क्योंकि बाकी पद परोपकार के लिए हैं। प्रवचन के दौरान चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन अनिल जैन, अनिल जैन, ममता जैन द्वारा किया गया।

# लायंस क्लब के अधिष्ठापन समारोह में धन प्रकाश कौशिक अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली नारायण के अधिष्ठापन समारोह में धनप्रकाश कौशिक की अध्यक्ष के पद के लिए मनोनीत किया गया। डा. देवेश तायल को सचिव व कपिल शर्मा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

देर रात्रि शहर के कैराना रोड़ स्थित एक रेस्तरां में लायंस क्लब शामली नारायण के द्वारा अधिष्ठापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विनय सिसोदिया ने किया। इस अवसर पर चेयरमैन अरविंद संगल, जोन चेयरमैन अनिल कुच्छल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई। जिसमें धनप्रकाश कौशिक को अध्यक्ष, डा ।देवेश तायल को सचिव, कपिल शर्मा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष डीपी कौशिक ने कहा कि वह समाज के उत्थान के लिए हमेशा कार्य करेंगे। उन्हें जो जिम्मेदारी सोपी गई है उसका वह ईमानदारी के साथ पालन करेंगे। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विनय सिसोदिया, विनय मित्तल, पंकज बिजलवान, आदित्य गुप्ता, नवनीत अग्रवाल, नवीन अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। अधिष्ठापन समारोह का संचालन विकास शर्मा और गौरव कर्णवाल ने किया। इस अवसर पर संदीप चौहान, बालेश, विजय कौशिक, राजेश तोमर, अनुज गुप्ता, ललित जैन, प्रशांत शर्मा, रजत निर्वाल, शिवम बंसल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पहलवानों की कुश्ती देख मंत्रमुग्ध हुए लोग

**थानाभवन।** मेला गुगाल के अंतर्गत आयोजित पारंपरिक दंगल में क्षेत्रभर से आए नामी-गिरामी पहलवानों ने अपने दांव-पेचों का ऐसा प्रदर्शन किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। मैदान में गूंजती तालियों और जयकारों के बीच एक से बढ़कर एक मुकाबले हुए। दंगल का शुभारंभ क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में हुआ। आयोजकों ने बताया कि मेला गुगाल की परंपरा वर्षों से चली आ रही है और यह दंगल इस परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। दूर-दराज से आए पहलवानों ने अखाड़े में उतरकर अपनी ताकत और तकनीक का बेहतरीन प्रदर्शन किया। मुख्य मुकाबले इस प्रकार रहे कैराना के सूफियान पहलवान और जलालाबाद के अभिषेक पहलवान के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। दर्शकों की भारी भीड़ इस रोमांचक कुश्ती को देखने को उमड़ी। अंत में यह कुश्ती 500 रूपए इनाम राशि पर बराबर रही। लुहारी के अजहर पहलवान और चन्दनहेड़ी के मोईन पहलवान ने भी दमदार कुश्ती लड़ी। दोनों के बीच जोरदार हाथापाई और दांव-पेंच देखने को मिले, लेकिन परिणाम बराबर रहा। इस कुश्ती की इनाम राशि 1100 रूपए रखी गई थी। बापोंली के ग"यूर पहलवान और छपरौली के रोहित पहलवान के बीच हुए मुकाबले ने दर्शकों का दिल जीत लिया। अंत तक चले संघर्ष में रोहित ने शानदार जीत दर्ज की और 1100 रूपए की इनामी राशि पर कब्जा जमाया। बदरखा के विकास पहलवान और कैराना के फैसल पहलवान के बीच की कुश्ती भी कांटे की रही। दोनों पहलवान बराबरी पर रहे और मुकाबला 1100 रूपए इनाम राशि पर समाप्त हुआ। जलालाबाद के जाकिर पहलवान और धाकड़ईखेड़ी के शादाब पहलवान के बीच हुई कुश्ती दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। यह मुकाबला 2100 रूपए इनाम राशि पर बराबर रहा। गंगोह के जावेद पहलवान और बदरखा के आकाश पहलवान ने भी शानदार मुकाबला किया। दोनों ने एक-दूसरे पर जोर आजमाइश की लेकिन अंत में मुकाबला बराबरी पर छूटा। इनाम राशि 1500 रूपए रही। दंगल में किसी भी पहलवान ने हार मानने का नाम नहीं लिया और हर मुकाबले ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। भीड़ बार-बार तालियां बजाकर पहलवानों का उत्साह बढ़ाती रही। आयोजकों ने विजेता और बराबरी करने वाले पहलवानों को इनाम राशि और सम्मान देकर उत्साहित किया। दंगल के बाद उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल हमारी पारंपरिक खेल संस्कृति को जीवित रखते हैं बल्कि नई पीढ़ी को भी इससे प्रेरणा मिलती है।

### घर में घुसकर मारपीट का आरोप, एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**कैराना।** क्षेत्र के गांव मन्नामाजरा निवासी फरमान ने एसपी शामली के आदेश पर कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि गांव के ही आरिफ, सारिक, बिलाल, वैसर व अमजद उससे रंजिश रखते है। विगत दस सितंबर को प्रात: करीब आठ बजे उसका चाचा प्रवेज घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान गांव अलीपुर निवासी पशु चिकित्सक वहां आ गया। आरोप है कि विपक्षी सारिक उक्त पशु चिकित्सक के साथ में गाली-गलौच करने लगा। चाचा प्रवेज ने घर के सामने गाली देने से मना किया तो आरोपी ने उसके साथ में भी गाली-गलौच की। इसके बाद, आरोपी ने अपने साथी आरिफ, बिलाल, अमजद व वैसर को बुला लिया। विपक्षी लाठी-डंडों, धारदार हथियारों व तमंचे से लैस होकर आए थे। आरोपियों ने आते ही उसके चाचा प्रवेज तथा परिवार के मुनव्वर व इंतजार के साथ में बुरी तरह से मारपीट की। शोर मचाने पर आस-पड़ोस के काफी लोग मौके पर आ गए, जिस पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। आरोप है कि इसी दिन रात्रि करीब सवा दस बजे आरोपी आरिफ, बिलाल, अमजद, वैसर, मुबारिक व वासिल लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से लैस होकर उसके घर में घुस आए और उसके तथा उसके परिवार के लोगो के साथ में मारपीट की। मारपीट की वीडियो भी उसके पास मौजूद है। आरोप है कि मामले के सम्बंध में उसने कैराना कोतवाली पर लिखित शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। वहीं, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

# सफाई कर्मचारी संघ की बैठक, सुरेंद्र सिंह अध्यक्ष व अकरम अंसारी महामंत्री बने



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर पालिका परिषद में उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन विस्तार के साथ सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार धामा ने की। गुरुवार को नगर पालिका में कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित हुई बैठक में कस्बा निवासी सुरेंद्र सिंह को संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, और अकरम अंसारी को महामंत्री का दायित्व सौंपते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में आए दर्जनों कर्मचारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। नवनियुक्त महामंत्री अकरम अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि सफाई कर्मचारी समाज की रीढ़ की हड्डी हैं, बिना उनके योगदान के स्वच्छ भारत का सपना अधूरा है। उन्होंने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि सफाई केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है। इस दौरान कार्यक्रम में दर्जनों सफाई कर्मचारी और संगठन के लोग मौजूद रहे।

# विधायक ने मुख्यमंत्री से महाराणा प्रताप स्टेडियम निर्माण कराने की मांग की



**थानाभवन।** विधानसभा क्षेत्र से विधायक अशरफ अली ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं के संबंध में महाराणा प्रताप स्टेडियम,थानाभवन रेलवे स्टेशन का नाम बदलने तथा गांव उमरपुर में देवी मंदिर व शिवमन्दिर के जीर्णोद्धार के लिए लिखित पत्र देकर शीघ्र कार्य पूर्ण कराए जाने की मांग की। थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने लखनऊ मुख्यमंत्री कार्यालय पर मुलाकात कर थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के जुड़े युवाओं की समस्या को देखते हुए गांव गोगवान जलालपुर में खेल मैदान के लिए आवंटित भूमि पर महाराणा प्रताप स्टेडियम बनाए जाने तथा थाना भवन रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर जलालाबाद अतिशय रखने के साथ-साथ उमरपुर में मंदिर जीर्णोद्धार के लिए लिखित मांगपत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपा। अति शीघ्र निर्माण पूर्ण करने के लिए पत्र मुख्यमंत्री को सोपा उन्होंने बताया कि गोगवान जलालपुर में स्पोर्ट्स का महाराणा प्रताप मिनी स्टेडियम बनने से 30 -35 गांव के युवाओं को लाभ मिलेगा और क्षेत्र के युवा कंपटीशन की तैयारी कर पाएंगे।

जलालाबाद में ऐतिहासिक जैन समाज का धार्मिक स्थल है जहां पर जैन समाज के लोग अपने महापुरुषों के लिए धार्मिक आयोजन करते रहते हैं।यहां पर प्राचीन एवं धार्मिक आस्था का स्थल होने के कारण दूर दूर से श्रद्धालु आते रहते हैं।

थानाभवन व थानाभवन टाऊन नाम से दो स्टेशन होने के कारण बाहर से आने वाले श्रद्धालु भ्रमित होकर थानाभवन कस्बे में ही उतर जाते हैं जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है जैन समाज की समस्या को देखते हुए विधायक अशरफ अली खान द्वारा थानाभवन रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर जलालाबाद अतिशय क्षेत्र रखने की मांग की गई।विधायक ने बताया कि जनता की भावना के अनुरूप क्षेत्र के मुद्दो की मांग को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यों की शीघ्र कराया जाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के समय उनके साथ प्रतिनिधि अभिषेक राणा व पूर्व चेयरमैन जलालाबाद अब्दुल गफ्फार रहे।

## खेत में कीटनाशक डालकर उड़द-लोकी की फसल की नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ग्राम भडी कोरियान में किसान की उड़द और लोकी की खड़ी फसल पर गांव के ही लोगों द्वारा कीटनाशक डालकर नष्ट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। किसान का कहना है कि उसकी तैयार फसल पर कुछ लोगों ने जानबूझकर घातक कीटनाशक का छिड़काव कर दिया। घटना में किसान को लगभग एक लाख रूपए का नुकसान हुआ है।

चौसाना क्षेत्र के, भडी कोरियान निवासी सतपाल पुत्र मुकंदा ने चौकी प्रभारी चौसाना को दी तहरीर में बताया कि उसकी खसरा संख्या 144 पर उड़द व लोकी की फसल तैयार खड़ी थी और फल भी लग चुके थे। बीती 15 सितंबर की रात उसका बेटा खेत में देखने गया तो उसने गांव के ही कुछ लोगों को कीटनाशक छिड़कते देखा। रोकने पर वे धमकी और गाली-गलौज करते हुए मौके से भाग निकले। किसान सतपाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि इस घटना से उसे करीब एक लाख रूपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। उसने चौकी प्रभारी से रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। चौकी प्रभारी चौसाना खूब सिंह ने बताया कि मैं छुट्टी पर हूं मुझे तहरीर नहीं मिली है, अगर तहरीर आतीं हैं तो जांच कर मामले में आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## किशोरी से मारपीट

**कैराना।** गांव रामड़ा पीर निवासी शौकीन ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि विगत 13 सितंबर को शाम करीब साढ़े सात बजे उसकी 17 वर्षीय बहन गांव के ही हारुण के यहां दावत खाकर घर वापिस आ रही थी। इसी दौरान इकरार, सुरैब व समीर निवास. ीगण ग्राम रामड़ा तथा आलिम निवासी मवी अहतमाल तिमालीद्धकाकौरऋ के बच्चे पटाखे जलाने को लेकर आपस में भिड़ रहे थे, जिस पर उसकी बहन ने विपक्षी के बच्चों को डांट कर भगा दिया। इस पर इकरार ने उसकी बहन के साथ में गाली-गलौच करते हुए लात-घूसों से मारपीट की। उसका उपचार चल रहा है।

### विद्यालय में नवनिर्मित कंप्यूटर लैब का भव्य उद्घाटन





**झिंझाना।** आज राष्ट्रीय शिक्षा सदन इन्टर कॉलेज,झिंझाना में आधुनिक सुविधाओं से युक्त नव निर्मित कंप्यूटर लैब का उद्घाटन बड़े हर्ष और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय हरवींद्र कल्याण , अध्यक्ष हरियाणा विधानसभा,हरियाणा सरकार ,माननीय विधायक सदर प्रसन्न चौधरी , आदरणीय राज. ेश्वर बंसल ,पूर्व विधायक व अध्यक्ष नगरपालिका शामली , आदरणीय तेजेन्द्र निरवाल पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष शामली , सोहनलाल गुप्ता, निरंकार स्वरूप, हैप्पीलक उपस्थित रहे, जिन्होंने रिबन काटकर लैब का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात् विद्यालय के प्रबंधक शैलेन्द्र मित्तल एवं प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि यह कंप्यूटर लैब विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस लैब में नवीनतम कंप्यूटर, इंटरनेट सुविधा तथा प्रोजेक्टर आदि की व्यवस्था की गई है, जिससे विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक अवसर प्राप्त होंगे। मुख्य अतिथि माननीय हरवींद्र कल्याण ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में कंप्यूटर शिक्षा प्रत्एक विद्यार्थी के लिए अनिवार्य हो गई है। विद्यालय द्वारा इस दिशा में किया गया प्रयास सराहनीय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी इस सुविधा का पूरा लाभ उठाकर अपने भविष्य को संवारेंगे तथा 2047 तक प्रदेश और देश को विकसित प्रदेश व विकसित देश बनाने के माननीय प्रधानमंत्री व माननीय मुख्यमंत्री के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान देंगे। गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की बड़ी संख्या उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार , प्रवक्ता रसायन विज्ञान ने किया और अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।





# 56वें रामलीला महोत्सव के तीसरे दिन भव्य रामलीला का आयोजन

**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर आयोजित किए जा रहे 56वे रामलीला महोत्सव के तीसरे दिन भव्य रामलीला का आयोजन हुआ। जिसमें सीता जन्म तथा श्रवण लीला का सुंदर मंचन किया गया। रामलीला के पहले .श्य में दिखाया गया कि राजा जनक के राज्य में सूखे के कारण प्रजा व्याकुल थी। तब ऋषि-मुनियों ने राजा जनक को सुझाया कि अगर आप पत्नी सहित भूमि मे हल चलाते हो तो तुम्हारे राज्य में वर्षा का आगमन होगा तथा सूखा समाप्त होकर अन्न की पैदावार होगी। हल चलाने के पश्चात महाराजा जनक के राज्य में वर्षा हुई और सूखे की समाप्ति हुई तथा कन्या के रूप में संतान की प्राप्ति भी हुई जिसका नाम सीता रखा गया। लीला के दूसरे .श्य में श्रवण लीला का मंचन हुआ। जिसमें श्रवण कुमार अपने बूढ़े व अंधे माता पिता को तीर्थ कराने के लिए लेकर जाता है लेकिन राजा दशरथ के शब्दभेदी बाण से श्रवण कुमार की मृत्यु हो जाती है जिसके कारण राजा दशरथ को श्राप लगता है। इस लीला के सुंदर मंचन में महाराजा जनक का अभिनय उत्तम याहू, महारानी सुनैना का अभिनय आशीष निर्वाल, श्रवण कुमार का अभिनय धैर्य भारद्वाज तथा दशरथ का अभिनय पंडित रवि पाठक के द्वारा किया गया। गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित्रमानस के आधार पर किए जा रहे इस रामलीला के मंचन में कलाकारों के सुंदर अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष सलिल द्विवेदी, सचिव राजकुमार मित्तल, उपेन्द्र द्विवेदी, पंडित दिनेश पाठक, रमेश धीमान, उत्तम नामदेव, आदेश शर्मा, सन्दीप नामदेव, लोकेश वाचस्पति, लाल सिंह लचक, वंश नामदेव, निशांत पाठक, उज्जवल नामदेव, सुनील अरोड़ा टम्मी उपस्थित रहे।



# एक माह का पाक कला का प्रशिक्षण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश, लखनऊ के अधीन राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र शामली में एक माह का कुकरी (पाक कला) प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ निशिकांत संगल एवं सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा पंकज चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। पंकज चौधरी ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रतिभागी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार को अपनाएं और स्वावलंबी बनें। इससे न केवल उनका परिवार सशक्त होगा बल्कि अन्य बेरोजगार युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी तथा प्रदेश की उन्नति और समृद्धि में योगदान होगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने प्रशिक्षार्थियों को अधिक रंग वाले खाद्य पदार्थों से बचने तथा साफ-सुथरे व कीटाणुरहित खाद्य पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी। केन्द्र प्रभारी धर्मेंद्र राठी ने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत इकाई स्थापित करने हेतु मशीन उपकरण की खरीद पर अनुदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इसमें जूस एवं सूप, स्नैक्स, चाइनीज, कॉन्टिनेंटल तथा पुडिंग डेजर्ट से संबंधित सैद्धांतिक एवं प्रयोगात्मक प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा।

# कलाकारों ने सीता जन्म व श्रवण कुमार नाटक का किया मंचन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री विष्णु कला मंडल के तत्वावधान में रामलीला भवन में चल रहे मंचन में रात सीता जन्म और श्रवण कुमार नाटक का कलाकारों ने सजीव मंचन किया।

रामलीला भवन में चल रहे मंचन में कलाकारों ने दिखाया कि भगवान शिव के स्थान कैलाश पर्वत पर रावण को भगवान शिव चंद्रहास नामक तलवार भेंट करते हैं। वहीं, दूसरी ओर जनकपुर में महाराज जनक अपनी रानी के साथ नगर में पड़े अकाल को दूर करने के लिए हल चलाते हैं। हल एक घड़े से टकराता है, जिसमें से सीता का जन्म होता है। श्रवण कुमार द्वारा अंधे माता पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थ यात्रा कराने, राजा दशरथ का हिंसक पशु समझकर बाण मारने जिससे श्रवण की मृत्यु हो जाने की लीला का भी कलाकारों ने सजीव मंचन किया। मंडल अध्यक्ष नितिन



गुप्ता, निखिल अग्रवाल, अमन मित्तल, बलवीर सैनी, सचिन शर्मा, अशोक शर्मा, गगन मित्तल आदि मौजूद रहे। उधर, चंदेना कोली गांव में श्री राम सेवा समिति के तत्वावधान में रामलीला का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन नागल के पूर्व ब्लाक प्रमुख विजेंद्र चौधरी ने किया।



पंडित अमरीश शर्मा ने पूजा संपन्न कराई। प्रथम दिन कलाकारों ने नारद मोह की लीला का मंचन किया। डा. रामपाल शर्मा, प्रमोद शर्मा, राकेश शर्मा, संदीप भटनागर आदि श्रद्धालू शामिल रहे।

# भगवान श्री कृष्ण सरल स्वभाव के साथ अन्यायी और अधर्मी के लिए कठोर थे: स्वामी

**देवबन्द।** श्रीमद् भागवत कथा में आठवें दिन कथावाचक नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण यूं तो सरल स्वभाव के हैं, लेकिन वह अन्यायी और अधर्मी के लिए कठोर भी हैं। मनुष्य को श्रीकृष्ण की तरह सरल बनकर अपने मन में विश्व के समस्त प्राणियों के कल्याण की भावना रखनी चाहिए।

रणखंडी गांव में चल रही डांडी थामना रोड स्थित बरातघर में स्वामी रसिक महाराज ने भगवान कृष्ण के सरल स्वभाव और कठोर रूप का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण बांसुरी थामे गाय भी चराते हैं और माखन भी चुराते हैं। वहीं, दूसरी ओर उन्होंने मानव रक्षा की खातिर एक उंगुली पर पर्वत भी उठाया। उन्होंने पूतना का वध उस समय किया जब उन्हें चलना भी नहीं आता था। श्रीकृष्ण तीन लोकों के स्वामी हैं। वह



अपने सुदर्शन से एक बार में तीन लोक पर विजय प्राप्त कर सकते है। गुरुवार को भाजपा प्रदेश मंत्री डा. चंद्रमोहन सिंह, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, दर्जा प्राप्त मंत्री सुनील भराला, किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह और पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर ने भी कथा का रसपान किया और कथावाचक रसिक महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर संयोजक पूर्व ब्लाक प्रमुख ठा. अनिल सिंह, बजरंग दल नेता विकास त्यागी, अमित धीमान, जोगिंद्र पुंडीर, गौरव पुंडीर, सौरव सिंह आदि मौजूद रहे।

# मालेगांव बम धमाका मामले में पीड़ितों की याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट करेगा सुनवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देवबन्द।** मालेगांव बम धमाका मामले में पीड़ितों की याचिका पर सुनवाई के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट के तैयार होने पर जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि जमीयत गंभीरता के साथ मुकदमे की पैरवी करेगी और पीड़ितों को न्याय मिलेगा।

मौलाना अरशद मदनी ने जारी अपने बयान में बताया कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने मालेगांव-2008 भिक्कू चौक बम धमाका पीड़ितों की ओर से निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दाखिल पिटीशन को सुनवाई के लिए मंजूर कर लिया, कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात आरोपियों और एनआईए को नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा कि बम धमाका पीड़ितों ने जमीयत पर पूरा भरोसा जताया और उनकी ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने की अनुमति दी, जिसके बाद हमारे अधिवक्ताओं ने अर्जी दाखिल की जिस पर आज सुनवाई हुई। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में इस महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई के दौरान देश के नामी क्रिमिनल अधिवक्ताओं की सेवाएं ली जाएंगी और हाईकोर्ट में पूरी गंभीरता से मुकदमे की पैरवी की जाएगी।

## कृष्णा में एम.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित, डेजी प्रथम

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा एम.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फोर्मेशन टैक्नोलॉजी, बिजनौर के छात्र एवं छात्राओं का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा। विभागाध्यक्ष मनदीप चिकारा ने बताया कि एम.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा डेजी ने प्रथम, नेहा परवीन व हिमानी ने संयुक्त रुप से द्वितीय तथा प्राची देयोल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। कृष्णा कॉलेज के चेयरमैन मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है।

# विद्यार्थियों ने तकनीकी ज्ञान व नवाचार कौशल का किया प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** एस0 डी0 कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने तकनीकी ज्ञान एवं नवाचार कौशल का प्रदर्शन किया।

जानसठ रोड स्थित एस0 डी0 कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में इंटरनल हैकाथॉन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संचालित विभिन्न ब्रांचों से 13 टीमों ने भाग लिया, जिनमें लगभग 80 से अधिक विद्यार्थियों ने अपने तकनीकी ज्ञान एवं नवाचार कौशल का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में पहले चरण हेतु संस्थान की पूर्व छात्रा आकांक्षा गोयल एडिशनल डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेटिक्स ऑफिसर, नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय रहीं। दूसरे चरण में श्री देवेश मलिक (यंग प्रोफेशनल, एआईसीटीई) एवं श्री हार्दिक सैनी (सीनियर टेक्निकल कंसल्टेंट, आईबीएम) ने ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। विजेता टीमों में प्रथम स्थान देसी एग्रीकल्चर




सर्विसेज विषय रहा। जिसके सदस्य पियूष कुमार, निखिल पंवार, प्रियांशी, तुषार कुमार, विनीश सैनी थे। दूसरे स्थान पर एआई पावर्ड पर्सनल फार्मिंग असिटेन्ट फार केरला फामर्स विषय रहा। जिसके सदस्य आकांक्षा झा, अभिषेक कुमार, अभिषेक पुंडीर, अखिल, शौर्य गौर, कुमार वंश रहे। तृतीय स्थान पर ए साल्यूशन दैट कैन बूस्ट दी करंट सिचुएसन आफ टूरिजम इन्डस्ट्रीज इन्क्लूडिंग होटल, ट्रेवल एंड अदर्स विषय रहा। जिसके सदस्य दिव्यांश गुप्ता, आर्यन शर्मा, आर्यन, अनंत आर्य, अनुष्का रही। सचिव अनुभव कुमार ने कहा कि युवा पीढ़ी देश की शक्ति है। जब छात्र वास्तविक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करते हैं तो वे न केवल अपने कौशल को विकसित करते हैं बल्कि राष्ट्रहित में भी योगदान देते हैं। कॉलेज निरंतर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहेगा। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि आज के युग में तकनीकी नवाचार ही राष्ट्र निर्माण की दिशा में सबसे बड़ी ताकत है। हैकाथॉन जैसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वास्तविक चुनौतियों से जोड़कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करती हैं। अंत में प्रतिभागियों एवं विजेता टीमों को मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

# सफाई निरीक्षक से भिड़े सफाई कर्मचारी, पालिका में हंगामा



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** नगर पालिका धामपुर में सफाई कर्मचारियों और सफाई निरीक्षक के बीच तनातनी ने हंगामे का रूप ले लिया। गैरहाजिरी दर्ज किए जाने से खफा कर्मचारियों ने पालिका कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया।

बुधवार को बाल्मीकि बस्ती निवासी पूर्व सभासद बबली वाल्मीकि के ससुर का निधन हो गया था। परंपरा के चलते बस्ती के सफाई कर्मचारी काम पर नहीं पहुंचे। कर्मचारियों का आरोप है कि गुरुवार को जब वे काम पर लौटे तो सफाई निरीक्षक विकास लोहरा ने उनकी गैरहाजिरी दर्ज कर दी। इस पर सफाई

## चेयरमैन के हस्तक्षेप पर थमा विवाद

कर्मचारी भड़क उठे और पालिका कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि निरीक्षक उनकी भावनाओं का सम्मान नहीं कर रहे हैं और अनुचित तरीके से कार्यवाही कर रहे हैं।

हंगामे की सूचना पर पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि इस मामले में उचित कारंवाई की जाएगी। इसके बाद मामला शांत हो गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# पालिका में दो पदों पर चार नियुक्तियां

## शासन की लापरवाही से बढ़ा आर्थिक बोझ, पालिकाकर्मियों में संशय

अभिषेक गुप्ता

**धामपुर।** नगर पालिका धामपुर में शासन की लापरवाही का एक और मामला सामने आया है। यहां रेवेन्यू इंस्पेक्टर और सफाई निरीक्षक के एक-एक पद पर दो-दो अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। यानी दो स्वीकृत पदों पर कुल चार नियुक्तियां कर दी गई हैं। इससे न केवल पालिका के कर्मियों में भ्रम और असमंजस का माहौल है, बल्कि पहले से ही आर्थिक संकट झेल रही नगर पालिका पर अतिरिक्त बोझ भी आ गया है।

धामपुर नगर पालिका देश की आजादी से पहले स्थापित हुई थी। पिछले एक दशक से नगर पालिका की आर्थिक स्थिति कमजोर बनी है। पालिका में अधिशासी अधिकारी के अलावा केवल एक-एक पद रेवेन्यू इंस्पेक्टर, सफाई निरीक्षक, जलकर प्रभारी और निर्माण खंड के जेई का ही स्वीकृत है। दशकों से यही व्यवस्था लागू रही।

मगर हाल ही में शासन और



शाह टाइम्स एक्सक्लूसिव

निदेशालय स्तर पर लिए गए निर्णय से यह स्थिति अचानक बदल गई। नगर पालिका में पहले से ही राजेंद्र सिंह रेवेन्यू इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। बावजूद इसके करीब डेढ़ माह पूर्व शासन ने यूसुफ को भी रेवेन्यू इंस्पेक्टर के तौर पर धामपुर भेज दिया। इसी प्रकार सफाई निरीक्षक पद पर पहले से विकास लोहरा नियुक्त थे। लेकिन निदेशालय लखनऊ के निर्देश पर मुरादाबाद से हेमेंद्र मलिक का स्थानांतरण कर उन्हें भी धामपुर पालिका में तैनात कर दिया गया।

इस प्रकार अब दो पदों पर चार अधिकारी कार्यरत हैं। पालिका के कर्मियों का कहना है कि जब वेतन और विकास कार्यों के लिए ही धन की कमी बनी रहती है, तब ऐसे अनावश्यक और अतिरिक्त नियुक्तियां नगर पालिका की समस्याओं को और बढ़ा रही हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या एक स्वीकृत पद पर दो व्यक्ति एक साथ रह सकते हैं, और यदि हाँ तो क्या यह सरकार के लिए आर्थिक नुकसान का सौदा साबित नहीं होगा। इस मामले में अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने कहा कि पालिका पहले से ही आर्थिक तंगी से गुजर रही है। अतिरिक्त अधिकारियों की नियुक्ति से न केवल वित्तीय बोझ बढ़ा है, बल्कि कार्यप्रणाली पर भी असर पड़ा है। उन्होंने बताया कि शासन और निदेशालय को पत्र भेजकर पूरे मामले से अवगत करा दिया गया है। उम्मीद है कि जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा और अतिरिक्त अधिकारियों को अन्य पालिकाओं के लिए स्थानांतरित किया जाएगा। नगर के जिम्मेदार नागरिकों का कहना है कि शासन को ऐसे मामलों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए ताकि आर्थिक संकट झेल रही नगर पालिकाओं पर अतिरिक्त बोझ न डाला जाए।

# योजना की जन जागरुकता बढ़ाने हेतु हेल्प डेक्स स्थापित

**बुढ़ाना।** शासन के आदेशानुसार जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 की प्रथम वर्षगाठ के उपलक्ष पर अंगीकार 2025 तथा पीएम स्व: निधि में लोक कल्याण मेले का आयोजन बीती 17 सितम्बर से शुरु होकर आगामी 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। जिसमें योजना की जन जागरूकता बढ़ाने के लिए नगर पंचायत बुढ़ाना में हेल्प डेक्स स्थापित की गई है। जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का चयन कर उक्त योजना के साथ अन्य योजना जैसे पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, उज्जवला योजना और पीएम विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित किया जाएगा। पंजीकरण शिविर का आयोजन नगर पंचायत बुढ़ाना की ओर से किया जा रहा है। इस हैल्प डेक्स का अवलोकन बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादव के द्वारा किया गया। इस दौरान यहां पर सरकारी योजनाओं की जानकारी करने वालों की काफी भीड़ देखने को मिली।

## हाईवे पर परिवार से लूटपाट कर बदमाश फरार

**झिंझाना।** मेरठ-करनाल हाईवे पर गांव रज्जाक नगर के सामने बाइक सवार बदमाशों ने परिवार के साथ तमंचे से आतंकित मारपीट कर लूट की घटना कर सनसनी फैला दी। गांव लोई थाना फुगाना, जनपद मुजफ्फरनगर निवासी अबरार पुत्र सैयद हसन अपनी पत्नी व साली के साथ ससुराल भड़ी से बाइक द्वारा वापस अपने गांव लौट रहा था। जब वह सेंट आरसी स्कूल के आगे गांव रज्जाक नगर के पास पहुंचा तो पीछे से बाइक पर आए तीन अज्ञात युवकों ने उनकी बाइक के सामने अपनी बाइक अड़ाकर रुकवा लिया। बदमाशों ने तमंचे के बल पर परिवार के साथ मारपीट की और अबरार की साली के कानों से सोने के टॉप्स व गले का लॉकेट, पत्नी से सोने के कुंडल और अबरार से दो हजार रूपए लूट लिए। मारपीट तथा लूट पाठ कर तीनों आरोपी बदमाश शामली की ओर बाइक पर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले की जांच की। पीड़ित द्वारा पुलिस को तहरीर दे दी गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि मामले में पीड़ित द्वारा जो तहरीर दी गई है उसी के आधार पर बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। लूट करने वालों की तलाश को टीम लगाई गई हैं।

## अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग

**चांदपुर।** ग्राम पाहुली के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी के नाम लिखे प्रार्थना पत्र में कहा कि ग्राम पाहुली से ग्राम हीमपुर बुजुर्ग होते हुए चांदपुर जाने वाले मुख्य सार्वजनिक मार्ग पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा किए जा रहे अवैध अतिक्रमण एवं निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने पत्र में कहा कि इस अवैध कार्य के चलते ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। रास्ता भी संकरा हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पाहुली से ग्राम हीमपुर बुजुर्ग होते हुए चांदपुर व नूरपुर आदि ग्रामों को जोड़ने वाला एक पुराना एवं अत्यंत महत्वपूर्ण सार्वजनिक मार्ग है, जिसका उपयोग प्रतिदिन हजारों ग्रामीण आवागमन हेतु करते हैं। यह मार्ग वर्षों से सरकार द्वारा स्वीकृत आम रास्ता है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उक्त मार्ग पर जबरन अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया गया है। इन व्यक्तियों ने न केवल रास्ता बाधित किया है। अपितु ग्रामीणों को आवागमन से रोकने हेतु भय, धमकी एवं बल प्रयोग का भी सहारा लिया जा रहा है।

## वार्षिक उत्सव संपन्न

**धामपुर।** नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्री राधे हरि संकीर्तन मंडल का 18वां वार्षिक उत्सव दो दिवसीय सामूहिक अखंड महामंत्र जाप एवं भजन उच्चारण समारोह के रूप में संपन्न हुआ। इस दौरान नगर का माहौल पूरी तरह भक्ति में रंगा नजर आया। मौहल्ला खतियान स्थित मेढ़ राजपूत सभा सुनारों वाले मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से हुआ। मुख्य यजमान के रूप में मंजू वर्मा, शुभम वर्मा, हर्ष वर्मा, शालिनी वर्मा, मुस्कान वर्मा, कृष्णा वर्मा, अनु वर्मा, विभु वर्मा, रुद्राक्षी वर्मा, बीना रानी वर्मा, अनीता वर्मा आदि ने परिजनों के साथ मिलकर पूजन में सहभागिता की और भगवान राधा-कृष्ण के चरणों में श्रद्धा अर्पित की।

# भाकियू अनंत का किसानों के द्वार कार्यक्रम

## धान क्रय केंद्र और फसलों के उचित दाम की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**रेहड़।** भारतीय किसान यूनियन अनंत ने ग्राम त्रिलोकपुर में आयोजित किसानों के द्वार कार्यक्रम में किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर आवाज उठाई है। भाकियू अनंत के जिला संगठन मंत्री सरदार दौलत सिंह गिल के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में धान क्रय केंद्रों की स्थापना, फसलों के लिए उचित मूल्य और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।

बीती शाम आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार करतार सिंह ने व संचालन असद सुल्तान ने किया। इस दौरान किसानों ने सरकार से मांग की, कि धान की खरीद के लिए स्थानीय स्तर पर क्रय केंद्र स्थापित किए जाएं ताकि उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए दूर नहीं जाना पड़े। वक्ताओं ने जोर दिया कि सरकार को




फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करना चाहिए। जिससे किसानों को उनकी मेहनत का उचित दाम मिले। बिजली की बढ़ी दरों को वापस लेने, खाद और बीज की उपलब्धता, बाढ़ से हुए नुकसान का मुआवजा और आवारा पशुओं की समस्या पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में दर्जनों किसानों ने भाकियू अनंत की सदस्यता ग्रहण की। किसानों ने एकजुट होकर सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन को तेज करने का संकल्प लिया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नौशाद सिद्दीकी ने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं, लेकिन उनकी समस्याओं को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। यह कार्यक्रम न केवल किसानों की समस्याओं को उजागर करने में सफल रहा, बल्कि उनकी एकता और संगठन की ताकत को भी प्रदर्शित किया।

इस मौके पर विक्रम सिंह भंगू, नईम अहमद, शाकिब, इमरान नवाज, नफीस अंसारी, लियाकत हुसैन, राशिद मंसूरी, सिजान सैफी, नासिर, दौलत सिंह गिल, मौहम्मद कासिम आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# नगर पालिका ईओ के खातों से साइबर ठगों ने उड़ाए एक लाख

## पालिकाकर्मियों में हड़कंप, बैंक अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** साइबर ठगों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) रविशंकर शुक्ला के दो बैंक खातों से कुल एक लाख रुपये पार कर दिए। ठगी का मामला सामने आते ही पालिका कर्मियों में हड़कंप मच गया। वहीं बैंक में शिकायत लेकर पहुंचे कर्मियों के साथ बैंक अधिकारियों के कथित लापरवाह रवैये से नाराजगी भी देखने को मिली।

जानकारी के अनुसार ईओ रविशंकर शुक्ला के खाते नगर के एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक में हैं। बताया जाता है कि 16 और 17 सितंबर को उनके मोबाइल पर लगातार कुछ संदिग्ध मैसेज आए। उसी दौरान उनका मोबाइल अचानक हैंग हो गया और कुछ समय बाद स्वत: रीस्टार्ट हो गया। उन्हें शक हुआ, लेकिन उन्होंने ज्यादा ध्यान नहीं दिया।

गुरुवार को जब ईओ ने किसी को ऑनलाइन भुगतान करने का प्रयास किया, तो हैरान रह गए। खाते की जांच करने पर पता चला कि एचडीएफसी खाते में मात्र 65 पैसे शेष बचे थे। उन्होंने तुरंत बैंक अधिकारियों से संपर्क किया। जांच में स्पष्ट हुआ कि उनके खाते से करीब 50 हजार रुपये ऑनलाइन निकाल लिए गए हैं।

इसके बाद जब एक्सिस बैंक खाते की डिटेल देखी गई, तो उसमें से भी करीब 50 हजार रुपये गायब मिले। यानी कुल मिलाकर दोनों खातों से एक लाख रुपये की साइबर ठगी हो चुकी थी।

ठगी की जानकारी होते ही ईओ ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस को दी। उधर, जब अधिशासी अधिकारी के बाबू नितिन कुमार एक्सिस बैंक शाखा पहुंचे और खाते का स्टेटमेंट निकालने की कोशिश की, तो वहां मौजूद बैंक कर्मियों का रवैया कथित तौर पर ठीक नहीं रहा। नितिन का कहना है कि जब उन्होंने ईओ के खाते में हुई ठगी का जिक्र किया तो बैंक अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि बैंक की ओर से सहयोग नहीं किया गया तो इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी।

पालिका कर्मियों का कहना है कि नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के खाते से जब इतनी बड़ी ठगी हो सकती है, तो आम लोगों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? इस घटना ने साइबर सुरक्षा और बैंकिंग सिस्टम पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# भाकियू ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने अधिशासी अधिकारी को मुख्य बाजार, चौराहों पर सार्वजनिक शौचालय बनवाने, खराब पड़े हैंडपंप सही कराने, नगर से अतिक्रमण हटवाने तथा दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंप कर शीघ्र समाधान नहीं होने पर धरना प्रदर्शन व आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाकियू टिकैत के नगराध्यक्ष रिंकू राठी के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष सुजीव चौधरी, नईम अहमद, दिलशाद अहमद, जहीन अहमद, बलराम सिंह, सचिन शर्मा, मौ. अय्यूब, इरशाद, देवेंद्र सिंह, अरसलान, कुलवंत सिंह, मदनपाल सैनी, मारूफ, रितेंद्र सिंह, फैसल, शुएब, नसीम अहमद, मौ. हासिम, सलमान आदि पदाधिकारी नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने अधिशासी अधिकारी ओम गिरी के नाम उनकी गैरमौजूदगी में लिपिक रमेश चंद्र शर्मा को पांच सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर के मुख्य बाजार, चौराहों पर सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के कारण गांव देहात से आने वाले खासकर महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए मुख्य बाजार, चौराहों आदि पर सार्वजनिक शौचालय बनवाए जाएं।



**बेदखली / संबंध विच्छेद**

मैं अपने पुत्र अनुज कुमार व उसकी पत्नी मनीषा के गलत कृत्यों, गलत चाल चलन व गलत व्यवहार के कारण अपनी कुल चल-अचल संपत्ति से इनको बेदखल करता हूं। इनका मेरे और मेरे परिवार से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं रहा है, ना ही भविष्य में रहेगा। मेरा व मेरे परिवार का इनसे पूर्ण संबंध विच्छेद रहेगा। इनके द्वारा किए गए अच्छे बुरे कार्य व लेनदेन के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**राजेंद्र पुत्र रण सिंह,** निवासी ग्राम महेशपुर थाना बड़गांव जिला सहारनपुर। मो.नं. 9675370170.

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र विकास कुमार उसकी पत्नी पूजा मेरे कहने सुनने में नहीं हैं जिससे दुखी होकर मैंने इन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

पूरण मल पुत्र कन्टू राम
निवासी मकान न0. 452
मोहल्ला नया बांस बडजियाउलहक
देवबन्द (सहारनपुर)

# अतुल्य भारत कार्यक्रम में बच्चों ने सजाई सुन्दर झांकी

## मेयर डा. अजय सिंह, विधायक राजीव गुम्बर व पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने बच्चों को प्रदान किए प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में जनमंच मे आयोजित 'अतुल्य भारत' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर वैष्णवी नृत्यालय द्वारा 75 बच्चों की झांकी सजाते हुए मां भारती के हाथों में दीप प्रज्वलित कराकर एक अनूठे ढंग से कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। उद्घाटन विभाग प्रचारक आशुतोष, महापौर डॉ. अजय कुमार, विधायक राजीव गुंबर, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, संस्था सचिव अतुल नैब तथा पार्षद व कार्यक्रम संयोजक ज्योति अग्रवाल प्रणामी द्वारा दीप प्रज्वलित व रिबन काटकर किया गया।

वैष्णवी नृत्यांलय की संचालक, अंतर्राष्ट्रीय कथक नृत्यांगना रंजना नैब के निर्देशन में वैष्णवी नृत्यालय के साधकों प्रिंसी पराजेश, तेजस्वी, वसुधा, हिमांशी, छवी सरकार, जया गुप्ता, व माधव ने कथक शास्त्रीय नृत्य में सजी गणपति वन्दना की प्रस्तुति से कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। वैस्टर्न ड्रम पर धनंजय कौशिक द्वारा गणेश और शिव स्तुति की शानदार प्रस्तुति से पूरा सभागार गूंज उठा। धनंजय तथा उक्त सभी साधकों को नटराज सम्मान देकर सम्मानित किया गया।



वैष्णवी नृत्यालय का महाभारत महारास कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। सौ किलो फूलों की होली के साथ-साथ गीता उपदेश, द्रोपदी रक्षा, चौपड़ और बरसाने की होली में पूरा सभागार थिरक उठा। बजाज इण्टर नेशनल स्कूल की दुर्गा और सेंट मेरीज स्कूल की देश भक्ति की प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। प्रस्तुति के लिए रंजना नैब व कार्यक्रम संयोजक ज्योति अग्रवाल ने कोरियोग्राफर कुन्जन व चंचल सैनी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावा 'स्वरमयी संगीत एकेडमी' के साधकों ने प्रवेश चौधरी के निर्देशन में देशभक्ति भरी प्रस्तुति, ''ऐ वतन मेरे वतन, ऐ वतन आबाद रहे तू.... .''दी तो सभागार भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा।

अन्य कलाकारों को महापौर डॉ. अजय कुमार, विधायक राजीव गुंबर, उपसभापति मयंक गर्ग, मेला वाइस चेयरमैन अहमद मलिक, सुषमा बजाज व टीना नैब आदि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जबकि महेंद्र तनेजा, के एल अरोड़ा व लविश पोपली द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। उक्त के अलावा कार्यक्रम में कन्हैया गुप्ता, अश्विनी सुखीजा, विवेक गर्ग व अरुण तेजस्वी आदि शामिल रहे। संचालन प्रवेश धवन ने किया।

# पूरे विश्व में बढ़ रहा है हिंदी का प्रभावः डॉ.मुकेश गौतम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रसिद्ध हास्य कवि और पर्यावरण कार्यकर्ता डॉ.मुकेश गौतम ने कहा कि हिंदी का प्रभाव पूरे विश्व में बढ़ रहा है। हिंदी बोलने वाले की संख्या और हिंदी में रोजगार के अवसर भी लगातार बढ़ रहे है।

ज्ञानगंगा एजुकेशन ट्रस्ट, ठाणे द्वारा आयोजित हिंदी दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी अपनी भाषा के प्रभाव से अनभिज्ञ नहीं है। आज के युवा अच्छा साहित्य सृजन कर रहे हैं। हिंदी में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं इसलिए भी लोग हिंदी को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा हमें अपनी मातृभाषा से प्रेम करना चाहिए और दूसरों की भाषा का भी बराबर सम्मान करना चाहिए। ज्ञानगंगा एजुकेशन ट्रस्ट के हिंदी विभाग और ग्रन्थालय विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र छात्राओं ने हिंदी भाषा पर केंद्रित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्र आदर्श गौडा ने अपनी हास्य प्रस्तुति से सभी को ठहाके लगवाए। कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रो. अनिल आठवले जी ने प्रस्तुत की। कॉलेज प्रशासन प्रभारी डॉ.अनीता मोरे, प्राचार्या डॉ.भाविका करूकेरा, डॉ. वंदना शर्मा और सविता उपासनी उपस्थित थी।

# वन गुर्जरों से संवाद कर जानी समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** जनजाति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निहित वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें वन गुर्जरों को समस्याओं को सुना गया और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया।

तहसील बेहट इलाके के गांव बड़कला में स्थानीय प्रशासन, शिवा. लिक वन प्रभाग और ग्राम वनाधिकार समिति द्वारा जनजा. ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निहित वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत आयोजित ग्राम सभा कार्यक्रम में बड़कला खोल तथा शाकंभरी खोल में रहने वाले वन गुर्जरों के साथ संवाद किया गया जिसमें वन गुर्जरों ने अपनी समस्याएं बताई। इस दौरान एसडीएम बेहट मानवेंद्र कुमार, बेहट चेयरमैन अब्दुल रहमान अहमद, मुन्नी लाल, गुलाम नबी, गुड्डू, आलम गीर, नाजिम, नईम अहमद, आदि मौजूद रहे।

## रालोद का कार्यकर्ता सम्मेलन 25 को होगा

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल मंडल कार्यकर्ताअ सम्मेलन 25 सिंतबर को आयोजित किया जायेगा। जिसमें राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, प्रदेश मंत्री अनिल कुमार कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन करेंगे।

जिलाध्यक्ष शाहजमा खान व महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान ने बताया कि 25 सितंबर को आयोजित होने वाले मंडल कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठन महासचिव त्रिलोक त्यागी होगें। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अथिथि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री अनिल कुमार, क्षेत्रीय अध्यक्ष हस्तिनापुर क्षेत्र योगेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर तथा मंडल अध्यक्ष इंद्रवीर भाटी होंगे। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने का आहवान किया।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में हिन्दी सप्ताह समारोह का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्व. विद्यालय में हिन्दी सप्ताह समारोह बडे उत्साह व गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ।

अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन के संरक्षण, प्रतिकुलपति प्रोफेसर जॉन फिन्बे की प्रेरणा और कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की अनुप्रेरणा से आयोजित कार्यक्रम का संयोजन छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ शोभा त्रिपाठी ने किया। विशेष मार्गदर्शक के रूप में डीन आर्ट डॉक्टर वसीम अहमद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार श्रीकांत शर्मा ने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे नई पीढ़ी को सहेजना और आगे बढ़ाना चाहिए। हम इसका जितना प्रयोग करेंगे उतना ही इसे जीवित रखने में सहायता मिलेगी।



इसके उपरांत उन्होंने वीर अब्दुल हमीद पर ओजपूर्ण कविता सुनाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डी एस डब्ल्यू टीम के छात्रों द्वारा सामा. जिक व्यंग्य पर आधारित कब्रिस्तान की ओपनिंग शीर्षक नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसे उपस्थित सभी अतिथियों और दर्शकों ने सराहा। नाटक ने हास्य और व्यंग्य के माध्यम से समाज में व्याप्त गंभीर प्रश्नों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया। नाटक में सौरभ कुमार, आनंद कुमार, चिरागकुमार, परवेज, सूरज, अमित, नवीन ने सहभागिता की। अंत में कुल सचिव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हिंदी बोलने में शर्म नहीं महसूस करनी चाहिए। उन्होंने भारत सरकार से निवेदन किया कि अब समय है जबकि हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के लिए विशेष प्रयत्न करना चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह में सभी संकाय अध्यक्ष सहित अनेक शिक्षकगण और छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन प्रखरता और उत्साह के साथ मुदस्सिर पटेल और अलका सिंह ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# सपाइयों ने मनाई बाबू शिव दयाल की पुण्यतिथि

**■ वचितों की लड़ाई लड़कर दिया एकता का संदेशः चौ. वाहिद**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लोक अदालत के जनक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया की पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

आज अंबाला रोड स्थित पार्टी जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि चौरसिया समाज का पांच हजार वर्ष का इतिहास है।

उन्होने शिवदयाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने वंचितो की लड़ाई लड़ी। सपा कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी, चौधरी अब्दुल गफूर ने कहा कि पिछड़े वर्ग की सामाजिक न्याय की लड़ाई समा. जवादी पार्टी लड़ती है। प्रदेश सचिव इसरार चौधरी, मुस्तकीम राणा, काशिफ अल्वी ने कहा चौरसिया समाज के इतिहास को जन जन तक पहुंचाने के लिए पान पर चर्चा करने की पहल करनी होगी।

इस मौके पर जिला सचिव रवि कंबोज, क्यूम धोबी शाहिद मंसूरी हरीश सोनू शेखर कुमार धर्मवीर मंसूर सलमानी चौधरी कंवरपाल अहमदपुर राजेश चौधरी मोबीन महेंद्र पाल वेदपाल पटनी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# गन्ना मेले का लाभ उठाएं किसानः ओपी सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उप गन्ना आयुक्त ओ. पी. सिंह ने बताया की मण्डल के तीनो जनपदों में सभी गन्ना समितियों में चल रहे गन्ना किसान मेलों में किसानों की काफी संख्या में आवक हो रही है ओर इनमे आने वाले किसानो की समस्याओं ओर शिकायतों को गन्ने विभाग के अधियारियो द्वारा सुनकर और समाधान कराए जा रहे हैं।

उप गन्ना आयुक्त ओ. पी. सिंह ने सहकारी गन्ना विकास समिति सहारनपुर में और सरसावां में किसान मेलों में स्टॉल पर निरीक्षण किया ओर किसानो से वार्ता की ओर उनकी समस्याओं ओर उनके सुझावों को भी सुना और मेले में स्टालों पर रखे रिकार्ड का भी निरीक्षण किया और स्टालों पर तैनात विभागीय सुप. रवाइजरों तथा चीनी मिलों के गन्ना ग्राम सर्वेयरों के गन्ना सर्वे के अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। ओर उनसे अभी तक प्राप्त शिकायतों के बारे में जानकारी ली साथ ही यह भी जाना की किस प्रकार की शिकायते सबसे ज्यादा आ रही हैं।



इस अवसर पर उपस्थित अन्य विभागीय ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, सचिव प्रभारी और चीनी मिलों के अधिकारियों को निर्देशित किया की किसानों के द्वारा दी गई सभी शिकायतों का त्वरित और समयबद्ध तरीके से निस्तारण कर दिया जाए, ओर किसान मेले में फील्ड स्टाफ के अतिरिक्त चीनी मिल की ओर से जी एम गन्ना अथवा सहायक महा प्रबंधक गन्ना, अनिवार्य रूप से बैठना सुनिश्चित करें और सुनिश्चित करें की किसानो को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होने पाए।

उप गन्ना आयुक्त ने मेले में किसानो से वार्ता करते हुए कह की उन्हें अपने गन्ना कलेंडर व गन्ना सर्वे के रकबे, गन्ना सट्टा मे सुधार का यह अन्तिम अवसर विभाग द्वारा केवल इसलिए है कि, यदि अभी भी किसी किसान भाई को कोई दिक्कत, त्रुटि, अथवा संदेह है तो वह अपना समाधान करा सकते हैं, जिससे गन्ना सीजन चलने पर गन्ना सप्लाई में कोई भी समस्या नही होने पाए।

जब पेराई सत्र प्रारंभ हो जाता है तो फिर किसी भी तरह का संशोधन नही हो पाता है और गन्ने की पर्चियां आने में दिक्कत हो सकती है।

किसानो से अपील करते हुए उप गन्ना आयुक्त ने कहा की वर्तमान में हुई बारिश में कई स्थानों पर गन्ना गिरने की सूचना प्राप्त हुई है, ऐसी स्थिति में गन्ने को बहुत ही सावधानी से उठाकर बांध दिया जाए ओर प्रयास करें की गन्ना गिरने ना पाए।ओर गन्ने मे कहीं कहीं पर पीली पत्ती होने की बीमारी दिखाई पड़ रही है, यदि किसी भी खेत में ऐसी कोई बीमारी दिखाई दे तो तत्काल अपने सुपरवाइजर, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अथवा चीनी मिल में जानकारी देकर उपचार के उपाय की जानकारी प्राप्त करें। और शरद कालीन गन्ना बुवाई मे नई गन्ना प्रजातियों को लगाएं। गन्ना वज्ञानिक तकनीकी से ही बुआई करें इसमें गन्ने के टुकड़ों को बोने से पहले उपचारित जरूर करें।

## खाते से उड़ाए 4 लाख

**सढौली कदीम।** साईबर अपराधियों ने एसडीएम बेहट के अर्दली को पैन कार्ड अपडेट कराने का झांसा देकर ओटीपी लेकर उसके खाते से 4 लाख रुपए से अधिक उड़ा दिए।

तहसील बेहट के उपजिलाधिकारी के पास नाथीराम पुत्र डालचंद निवासी गांव अब्दुल्लापुर माजरा बेहट बतौर अर्दली तैनात है। बताया जाता है कि सात सितंबर की शाम नाथीराम के मोबाइल पर साइबर अपराधी की कॉल आई और कहा कि वे यूनियन बैंक की शाखा बेहट से बोल रहे है और उनका पैन कार्ड अपडेट करने के लिए एटीएम कार्ड का नंबर और भेजे गए ओटीपी का नंबर मांगा। जिसके बाद एसडीएम के अर्दली नाथीराम ने ओटीपी बता दिया। ओटीपी बताने के बाद अर्दली के खाते से 4 लाख 26 हजार 500 रुपए उड़ा लिए।

## नकदी व मोबाइल उड़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पठेड में रात्रि के समय अज्ञात चोरों द्वारा एक घर मे घुसकर 24000 रुपये नकद व 01 मोबाईल फोन उड़ा लिया गया है।

पठेड क्षेत्र में एक बार फिर से अज्ञात चोरों ने घर मे घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। पीडित शराफत पुत्र यूसुफ ने पठेड चौकी पर तहरीर देकर बताया है कि वह अपने घर में परिवार के साथ सो रहा था। तभी अज्ञात चोर उसके घर में घुस आये व उसके कुर्ते की जेब में रखे 24000 रु नकद व एक मोबाइल फोन उठा कर वहां से फरार हो गए।

पीड़ित शराफत ने अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त से कार्यवाही किये जाने व मोबाईल एवं नकदी बरामद किए जाने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने कहा है कि घटना का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

# जेहरा ने डकरावर को हरा फाइनल जीता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अम्बेहटा।** रात्री शूटिंग वाल. ीवाल टुर्नामेंट में जेहरा ने डकरावर को हराकर फाइनल मुकाबले में जीत हासिल की।

टूर्नामेंट कमेटी के सदस्य दीपक चौधरी, रितिक चौधरी, नितिन कुमार व मनीष चौधरी ने बताया टूर्नामेंट में दूर-दूर से आई 24 टीमों ने भाग लिया। जिसमें सेमीफाइनल मुकाबला नहर माजरा व जेहरा टीम के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन प्रधान प्रतिनिधि अनुज चौधरी रंढेडी, चौधरी विक्रम सिंह ढायकी पोंटी चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मैच देखने के लिए दर्शकों की भीड़ लगी रही। फाइनल मुकाबला जेहरा टीम व डकरावर टीम के बीच खेला गया। जिसमें जेहरा ने 21- 9 के अंतर से डकरावर को पराजित कर फाइनल पर अपना कब्जा जमाया। समापन पर पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सोनू चौधरी ने विजेता टीम को अपने हाथों से 11000 नगद राशि व ट्रॉफी जबकि उपविजेता टकरावर को 5100 व ट्रॉफी से सम्मानित किया। छोटू माजरा व राकी जयरामपुर को कमेटी द्वारा विशिष्ट खिलाड़ी के लिए शॉल उड़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# वैश्य मैराथन दौड़ में यश गुप्ता ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अगामी 22 सितंबर को होने वाली महाराजा अग्रसेन जयंती के कार्यक्रम के उपलक्ष्य में जिला वैश्य सभा द्वारा वैश्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें यश गुप्ता ने प्रथम, पीयूष बंसल ने द्वितीय तथा अंष अग्रवाल व पीयूष गोयल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आज रेलले स्टेशन रोड़ स्थित महाराजा अग्रसेन की आरती, माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। वैश्य मैराथन दौड़ का शुभारंभ महारा. जा अग्रसेन चौक रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर घंटाघर चौक, अंबेडकर स्टेडियम, अंबाला रोड होते हुए वापस अग्रसेन चौक पर संपन्न हुई जिसमें सभी युवा वैश्य ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जिला प्रभारी सुनील गुप्ता ने बताया कि महाराजा अग्रसेन की जयंती प्रत्येक वर्ष बड़ी ही धूमधाम से मनाई जाती है। कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा युवाओं ने मैराथन दौड़ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया यह गर्व की बात है कि अपने समाज पर की आज भी समाज में लोगों के अंदर अग्रसेन जी के प्रति इतनी श्रद्धा भाव है!। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, मुख्य संरक्षक व पूर्व राज्य मंत्री संजय गर्ग ने विजेता यश गुप्ता प्रथम, पीयूश बंसल द्वितीय तथा अंष अग्रवाल व पीयूश गोयल तृतीय स्थान को पुरूस्कार प्रदान किये। कार्यकारिणी सदस्य डॉ. एके गुप्ता, दीपक, डीके बंसल, पंकज गर्ग, अनिल गर्ग, सुशील गर्ग, विपिन गर्ग, सुभाष चंद्र अग्रवाल, योगेश कुच्छल, सुधाकर अग्रवाल, मुकेश गोयल, पी. डी. गर्ग, रामराजीव सिंघल, ईश्वर गोयल, विश्वनाथ गोयल, राजीव अग्रवाल, विपिन गुप्ता, राजीव गोयल, मयंक गर्ग, दिनेश गुप्ता, अनिल सिंघल, गौरव गर्ग, अवधेश मित्तल, वैभव गुप्ता, विभु गोयल, नीरज गुप्ता , विभोर जिंदल, शिव गोयल,विवेक गोयल, राजीव गोयल तथा अन्य युवा साथी उपस्थित रहे।



# आयुर्वेद दिवस पर ग्लोकल में निकाली भव्य रैली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल यूनिवर्सिटी के ग्लोकल आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आयुर्वेद दिवस के अवसर पर विश्व. विद्यालय परिसर में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया।

इस भव्य रैली का शुभारंभ ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन, रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवानी तिवारी, प्रतिकुलपति प्रोफेसर जॉन फिनबे एवं यूनानी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर रिहान शफी द्वारा किया गया। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल डॉ. अनूप कुमार के. एवं डॉ. गुरुसेवक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल समन्वयन में डॉ. सुष्मिता, डॉ. जगमोहन, डॉ. प्रीतपाल सिंह, डॉ. रिया वर्गीज एवं डॉ. प्रवीणी का विशेष योगदान रहा। रैली का उद्देश्य समाज में आयुर्वेद की महत्ता, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति तथा स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूकता फैलाना था।

रैली में विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की, जिनमें प्रमुख रूप से जिया राना, सोनाली, अभिनव, अनस और ऋतेश शामिल रहे।

# घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**■ थाना चिलकाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की शुरू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती ने एक युवक पर देर रात के समय उनके घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने पीडिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया गया है।

गांव निवासी एक युवती ने थाना पर तहरीर देकर बताया था कि शनिवार को उसके माता पिता किसी काम से घर से बाहर गये हुए थे। घर पर वह और उसके दो भाई थे। रात्रि के समय जब वह अपने घर में सो रही थी तो एक युवक उनके घर में घुस आया ओर उसके मुंह पर हाथ रखकर उसके साथ जबरदस्ती छेड़छाड़ करने लगा। जैसे ही वह चिल्लाई तो शोर शराबा सुनकर उसके दोनों भाई जाग गये व आरोपी युवक के कृत्य का विरोध करने लगे।

जिससे बोखलाकर आरोपी युवक पीड़िता के भाईयों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया एवं जान से मारने की धमकी देने लगा। थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी कुलदीप पुत्र सुशील निवासी ग्राम डिंडोली खेडा थाना चिलकाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्यवाही आरम्भ कर दी गई है।

# बेहतर शिक्षा व उन्नत भविष्य का प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बेहतर शिक्षा एवं उन्नत भविष्य की रणनीति निर्धारण को समग्र शिक्षा अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यशाला में वरिष्ठ विशेषज्ञ श्याम किशोर तिवारी, शिवेश कुमार, शुभम कुमार, निकिता अग्रवाल, सौम्या, प्राचार्य डायट पटनी डा. अरविंद कुमार पाठक, योगेश कुमार शर्मा ने उदघाटन किया। कार्यशाला में पारख परिणाम 2024, एकेडमिक रणनीति, बाल वाटिका प्रभावी संच. ालन एवं शिक्षक संदर्शिकाओं के संबंध में सभी को अवगत कराया गया एवं निर्देश दिए गए की शिक्षा की गुणवत्ता में बेहतर सुधार हेतु सभी के द्वारा कार्य किया जाए। निकिता अग्रवाल के द्वारा निपुण भारत मिशन के लक्ष्य की प्राप्ति, एकेडमी शैक्षिक सपोर्ट विद्यालयों में शिक्षक संकुल बैठक, शिक्षक अभिभावक बैठक के पैरामीटर पर सभी को अवगत कराया।

सुश्री सौम्या के द्वारा बाल वाटिका का प्रभावी संचालन की रणनीति पर सभी को अवगत कराया गया। डॉ अरविंद कुमार पाठक द्वारा अवगत कराया गया कि जनपदों ने पिछले सत्र मे काफी प्रगति का प्रदर्शन किया है।

कार्यशाला में महेंद्र अधिकारी, सुरेश त्यागी, सहदेव गंगवार, जितेंद्र कुमार नीलम तोमर इत्यादि उपस्थित रहे। संचालन अरविंद कुमार सिंह, कपिल दुआ, गोपाल शर्मा ने किया।

# 21 को फिर भिड़ेंगे भारत-पाक

**दुबई, वार्ता।** एशिया कप में बुधवार को पाकिस्तान ने यूएई को हरा दिया। इसी के साथ यह भी तय हो गया कि टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान एक बार फिर 21 सितम्बर को एक-दूसरे का सामना करेंगे। ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को आसानी से 7 विकेट से हरा दिया था। वहीं, ग्रुप-बी में आज श्रीलंका और अफगानिस्तान के लिए करो या मरो का मैच है। प

ाकिस्तान ने यूएई को हराकर ग्रुप-ए से भारत के साथ सुपर-4 स्टेज में जगह बना ली। सुपर-4 में अब बाकी 2 टीमें ग्रुप-बी से आएंगी। इस राउंड में हर टीम एक-दूसरे के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी। इस कारण भारत और पाकिस्तान के बीच एक और मुकाबला तय हो गया है। टूर्नामेंट से पहले ही एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने सुपर-4 स्टेज का शेडयूल भी बना लिया था। इसमें ग्रुप-ए से क्वालिफाई करने वालीं 2 टीमों को ।1 और ।2 नाम दिया गया। वहीं ग्रुप-बी से क्वालिफाई करने वालीं टीमों को बी1 और बी2 नाम दिया गया। शेडयूल के मुता. बिक, ।1 और ।2 के बीच 21 सितम्बर को दुबई में मैच खेला जाना है। इस तरह ग्रुप-ए की टीमें भारत और पाकिस्तान रविवार को एक बार फिर महामुकाबले में एक-दूसरे का सामना करेंगी। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मैच टीम इंडिया ने आसानी से 7 विकेट से जीत लिया था। मैच के बाद और टॉस के दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। जिसके बाद सलमान आगा ने मैच के बाद इंटरव्यू देने से मना कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाथ नहीं मिलाने के मामले को खेल भावना के खिलाफ बताया। बोर्ड ने आईसीसी से मैच रेफरी एंडी पाइक्राफ्ट को हटाने की मांग भी की, लेकिन आईसीसी ने इसे ठुकरा दिया। पूरे विवाद के बाद अब पाकिस्तान टीम फिर एक बार इसी टूर्नामेंट में भारत का सामना करेगी। भारत और पाकिस्तान के सुपर-4 में पहुंचने के साथ ग्रुप-ए की बाकी 2 टीमें ओमान और यूएई टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। यूएई 3 में से 1 मैच ही जीत पाई। वहीं ओमान को 2 मुकाबलों में हार मिली, अब टीम का आखिरी मैच 19 सितम्बर को भारत के खिलाफ होगा। ग्रुप-बी का आखिरी मैच आज श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा।

इस ग्रुप से श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश अभी होड़ में है। अगर श्रीलंका ने अफगानिस्तान को हरा दिया, श्रीलंका और बांग्लादेश क्वालिफाई कर जाएंगे। अफगानिस्तान ने श्रीलंका को हरा दिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान तीनों के 4-4 पाइंट्स हो जाएंगे। अफगानिस्तान सबसे बेहतर नेट रन रेट के साथ क्वालिफाई कर जाएगा। श्रीलंका और बांग्लादेश में बेहतर रन रेट वाली टीम अगले राउंड में एंट्री कर लेगी। बांग्लादेश को क्वालिफाई करना है तो श्रीलंका को 70 रन या उससे ज्यादा के अंतर से हारना होगा। अगर श्रीलंका की पहले बैटिंग आ गई तो टीम के 50 बाल या उससे ज्यादा के अंतर से हारने पर ही बांग्लादेश क्वालिफाई कर पाएगी।




● **एशिया कप में सुपर-4 की दो टीमें फाइनल, पाकिस्तान ने यूएई को हराकर ग्रुप-ए से भारत के साथ सुपर-4 स्टेज में बनाई जगह**



● **विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप** ●

# 40 सेमी. से मेडल से चूके सचिन

● **86.27 मी. के साथ चौथे नंबर पर, नीरज चोपड़ा आठवें स्थान से बाहर, केशार्न वाल्काट ने बेस्ट थ्रो के साथ गोल्ड जीता**

**टोक्यो, वार्ता।** टोक्यो में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जेवलिन थ्रो फाइनल में भारत के नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम मेडल नहीं जीत सके। भारत के एक अन्य थ्रोअर सचिन यादव ने करियर बेस्ट (86.27 मीटर) प्रदर्शन किया, लेकिन वे चौथे स्थान से आगे नहीं बढ़ सके। सचिन महज 40 सेंटीमीटर के फासले से ब्रॉन्ज चूक गए। ब्रॉन्ज जीतने वाले खिलाड़ी ने 86.67 मीटर का थ्रो किया। त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशार्न वाल्काट ने 88.16 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (87.38 मीटर) ने सिल्वर और अमेरिका के कर्टिस थाम्पसन (86.67 मीटर) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। डिफेंडिंग चैंपियन नीरज पांच प्रयास में 84.03 मीटर का बेस्ट थ्रो ही निकाल सके। वे आठवें नंबर पर रहते हुए बाहर हुए। वहीं, ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट पाकिस्तान के अरशद नदीम चार अटैम्प्ट में 82.75 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ 10वें नंबर पर रहे। नीरज चोपड़ा ने पहला थ्रो 83.65 मीटर का थ्रो किया। उनका दूसरा थ्रो 84.03 मीटर का रहा और तीसरा थ्रो फाउल रहा। चौथे प्रयास में उन्होंने 82.86 मीटर का थ्रो किया। इस तरह चार राउंड के बाद उनका बेस्ट स्कोर 84.03 मीटर का रहा। उनका पांचवां प्रयास फाउल रहा और वे मेडल की रेस से बाहर हो गए। दीम ने पहला थ्रो 82.75 मीटर का थ्रो किया था। नदीम का दूसरा थ्रो फाउल रहा है। तीसरे प्रयास में 82.73 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा प्रयास फाउल रहा और वे 10वें नंबर पर रहते हुए मेडल की रेस से बाहर हो गए। इन दोनों से आगे सचिन यादव रहे। सचिन ने 86.27 मीटर का पहला थ्रो किया। सचिन का दूसरा थ्रो फाउल रहा। तीसरे प्रयास में उन्होंने 85.71 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा थ्रो 84.90 मीटर का रहा। उन्होंने पां. चवें प्रयास में 85.96 और छठे प्रयास में 80.95 का स्कोर निकाला। इस तरह वे 86.27 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ चौथे नंबर पर रहे। त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशार्न वाल्काट अपने चौथे प्रयास में 88.16 मीटर के थ्रो के साथ टॉप पर चल रहे हैं। तीन थ्रो के बाद 11वें और 12वें नंबर पर मौजूद थ्रोअर रेस से बाहर हो चुके हैं। चौथे थ्रो के बाद नौवें और 10वें नंबर के थ्रोअर बाहर हो गए। पांचवें थ्रो के बाद सातवें और आठवें नंबर पर रहने वाला थ्रोअर बाहर हुआ। चौथे राउंड के बाद पाक के अरशद नदीम मेडल की रेस से बाहर हो गए है।

**खेल विशेष**

## भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे, पूरे देश में जश्न की तैयारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय हॉकी के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देश भर में सात नवंबर को विशेष समारोहों का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए उलटी गिनती शुरु हो गई है। 1925 में पहली राष्ट्रीय खेल संस्था का गठन हुआ था। हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित समारोह के तहत देश के हर जिले में एक पुरुष और एक महिला मैच खेला जाएगा। इस राष्ट्रव्यापी समारोह में 36 हजार से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है, और इस पहल का उद्देश्य देश के हर कोने से खिलाड़ियों को एक साथ लाना है। हॉकी के योगदान के महत्व पर हॉकी सबसे बुजुर्ग जीवित दिग्गज गुरबक्स सिंह ने 1964 के टोक्यो ओलंपिक में भारत के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा, ष्भारत में आयोजित पहला हॉकी टूर्नामेंट 1895 में बेयटन कप था। राष्ट्रीय हॉकी संड्डा का गठन 1925 में हुआ और भारत ने इसके गठन के केवल तीन साल बाद 1928 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। उसके बाद भारत ने 1932 और 1936 में स्वर्ण पदक जीते और अगर द्वितीय विश्व युद्ध न होता, तो 1940 और 1944 में भी ये खेल आयोजित होते, तो हम दो और स्वर्ण पदक जीत सकते थे। वह ध्यानचंद का युग था और हमने पूरी दुनिया पर अपना दबदबा कायम कर लिया था। गुरबक्स ने बताया कि ब्रिटेन ने 'भारत से हारने' के डर से 1948 तक हॉकी टीम नहीं उतारी थी। हॉकी ने न केवल भारत के खेल इतिहास में, बल्कि राष्ट्रवाद में भी योगदान दिया है। टीम का प्रदर्शन एक राष्ट्र के रूप में एकता की भावना लाने के लिए महत्वपूर्ण था। अंग्रेजों ने 1948 में ही हॉकी टीम उतारी थी क्योंकि उन्हें भारत से हारने का डर था, जब वे हम पर शासन करते थे। और आजादी मिलने के बाद उन्हें उन्हीं के ड्डार में हराना भारतीय इतिहास के सबसे महान क्षणों में से एक था।

# एशिया कप के ड्रामे के बीच, एसीसी ने अधूरी वार्षिक आम बैठक फिर से बुलाई

**एजीएम का एजेंडा अभी जारी नहीं किया गया है, लेकिन एशिया कप ने पहले ही कई मुद्दे सामने ला दिए**

**दुबई, वार्ता।** पिछले कुछ दिनों में दुबई और लाहौर में मैदान के अंदर और बाहर खेला गया एशिया कप का नाटकीय ड्डाटनाक्रम अब इस महीने के अंत में एसीसी की बैठक के दौरान बोर्डरूम में स्थानांतरित हो सकता है।

एसीसी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम), जिसे कुछ महीने पहले ढाका में अचानक स्थगित कर दिया गया था, अब 30 सितम्बर को दुबई में पुनर्निर्धारित की गई है। एशिया कप फाइनल के दो दिन बाद होने वाली इस बैठक में, जिसकी अध्यक्षता पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मो. हसिन नकवी करेंगे, जोरदार हंगामा होने की उम्मीद है - मौजूदा चैंपियनशिप से जुड़े मुद्दों और ढाका में 24 जुलाई को होने वाली बैठक में अधूरे रह गए कार्यों को लेकर। एजीएम का एजेंडा अभी जारी नहीं किया गया है, लेकिन एशिया कप ने पहले ही कई मुद्दे सामने ला दिए हैं। हाथ मिलाने का विवाद, मैच रेफरी विवाद और पाकिस्तान के हटने की धमकी-जिन पर विचार-विमर्श किया जाना है। एक और विवाद भी छिड़ सकता है, जो इस बात पर निर्भर करेगा कि एशिया कप कौन जीतता है, ट्रॉफी कौन प्रदान करता है, और समारोह का आयोजन कैसे होता है। बीसीसीआई से कौन भाग लेगा, यह भी एक कारक हो सकता है। महिला वनडे विश्व कप उसी दिन गुवाहाटी में शुरू हो रहा है, और बीसीसीआई सदस्यों के उद्ड्डाटन समारोह में व्यस्त रहने की उम्मीद है। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि एसीसी बैठक में बोर्ड का प्रतिनिधित्व करने के लिए किसे नामित किया जाता है। यह निर्णय दो दिन पहले, 28 सितम्बर को मुंबई में बीसीसीआई की अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में लिया जाएगा। वर्तमान में, राजीव शुक्ला और आशीष शेलार एसीसी में बीसीसीआई के नामित प्रतिनिधि हैं। दोनों ने ढाका बैठक में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया था। 30 सितम्बर के एजेंडे में सबसे महत्वपूर्ण विषय एसीसी उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। बीसीसीआई द्वारा इस प्रक्रिया का विरोध करने के बाद ढाका में यह मामला अनसुलझा रह गया था।

# वेस्टइंडीज ने नेपाल दौरे के लिए टीम की घोषणा की

**इस सीरीज के दौरान कैरिबियाई टीम ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया**

**एंटीगा, वार्ता।** वेस्टइंडीज ने इस महीने शारजाह में नेपाल के साथ होने वाली तीन अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम की ड्डाोषणा कर दी है।

इस श्रृंखला के दौरान कैरेबियाई टीम ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया है। इनमे कप्तान शाई होप, तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ व बल्लेबाज जॉनसन शामिल है। इस श्रृंखला में स्पिनर अकील कप्तान के रूप में टीम की अगुवाई करेंगे, जबकि नियमित खिलाड़ी फैबियन एलन, होल्डर और मेयर्स 27 सितम्बर से शुरू होने वाले तीन मैचों के दौरान टीम का समर्थन करेंगे। इस श्रृंखला के दौरान पांच खिलाड़ी बल्लेबाज अकीम ऑगस्टे, ऑलराउंडर नवीन बिदाईसी, स्पिनर जिशान मोटारा, तेज गेंदबाज रेमन सिमंड्स और विकेटकीपर आमिर जंगू अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण की कतार में हैं। वेस्टइंडीज क्रिकेट के निदेशक माइल्स बास्कोम्बे ने टीम के चयन को लेकर कहा कि यह श्रृंखला टीम को अगले साल की शुरुआत में भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले प्रभावित करने के अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि नेपाल के खिलाफ यह श्रृंखला विंडीज क्रिकेट के क्षितिज को व्यापक बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

# सिंधु, सात्विक व चिराग क्वार्टरफाइनल में




**शेनझेन, वार्ता।** दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पी वी सिंधु और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेटी की भारतीय जोड्डी ने ली-निंग चाइना मास्टर्स 2025 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

भारतीय जोड़ी ने गुरूवार को केवल 33 मिनट में सीधे गेमों में चीनी ताइपे के चियु सियांग चीह और को 21-13, 21-12 से परा. जित किया। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीन के रेन जियांग यू और झी हाओनान से होगा। पीवी सिंधु ने राउंड ऑफ 16 में वर्ल्ड नंबर 6 थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय स्टार ने शेनझेन एरिना, शेनझेन में 41 मिनट में 21-15, 21-15 से सीधे गेमों में जीत दर्ज की।

# अल जवरा से 2-0 से हारी गोवा एफसी

● **पीजेएन स्टेडियम में हुए इस मनोरंजक मुकाबले में गोलकीपरों के बीच काफी संघर्ष देखने को मिला**



**नई दिल्ली, वार्ता।** एफसी गोवा ने गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 ग्रुप डी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंतत: इराक की अल जवरा एससी से 0-2 से हार गई। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंड्डा (एआईएफएफ) ने एक बयान में कहा, एफसी गोवा ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंतत: बुधवार, 17 सितम्बर, 2025 को गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 ग्रुप डी मुकाबले में इराक की अल जवरा एससी के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा।

पीजेएन स्टेडियम में हुए इस मनोरंजक मुकाबले में गोलकीपरों के बीच काफी संघर्ष देखने को मिला, लेकिन अंत में रेजिक बनिहानी और निज़ार अलराशदान के गोलों की बदौलत अल जवरा ने गोल कर अंक हासिल किए। मैच पर प्रकाश डालते हुए, एआईएफएफ ने कहा कि शुरुआत में एकाग्रता में चूक एफसी गोवा को भारी पड़ गई क्योंकि महदी हुमैदान ने एक बैक पास को रोक लिया और बॉक्स में पहुंचकर मोहम्मद कासिम को क्रॉस दिया, जिसका ज़ोरदार प्रयास बार से टकरा गया।

मेजबान टीम ने आठवें मिनट में पहला मौका बनाया, देजान ड्राज़िक को बाईं ओर से एक सटीक क्रॉस देने का मौका मिला, जिस पर जेवियर सिवेरियो ने अपना हेडर लगाया, लेकिन गेंद ऊपर से निकल गई। इसके बाद, पहले हाफ के अंतिम मिनटों तक मैच में गति. रोध बना रहा जब हसन अब्दुलकरीम के फ्री-किक पर निज़ार अलराशदान के शानदार हेडर पर एफसी गोवा के गोलकीपर ऋतिक तिवारी ने अपनी दाईं ओर एक शानदार बचाव किया। एआईएफएफ के अनुसार कि 44वें मिनट में अल जवरा को कोई मौका नहीं मिला। अब्दुलकरीम ने बॉक्स में कदीम राद को पास दिया और राद ने गेंद को बनिहानी की ओर बढ़ाया, जिनके प्रयास ने निम दोर्जी तमांग से डबल डिफ्लेक्शन लिया और जॉर्डन के स्ट्राइकर से टकराकर नेट में समा गया। दूसरे हाफ के शुरुआती मिनट में ही इराकी टीम अपनी बढ़त दोगुनी करने से कुछ ही इंच दूर थी कि बनिहानी ने बाएं फ्लैंक से बॉक्स में ड्राइव किया।

## स्पेन 2014 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंची

**नई दिल्ली, वार्ता।** जून और जुलाई में पहले फीफा क्लब विश्व कप की शानदार सफलता के बाद एक अंतराल के बाद, पुरुषों की अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता इस महीने की शुरुआत में अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका में फीफा विश्व कप 26 क्वालीफायर की एक श्रृंखला के रूप में वैश्विक मंच पर धमाकेदार वापसी कर रही है। फीफा/कोका-कोला पुरुष विश्व रैंकिंग के अंतिम बार अपडेट होने के बाद से, दुनिया भर में 200 से ज्यादा प्रासंगिक राष्ट्रीय टीमों के मैच खेले जा चुके हैं, जिनका रैंकिंग पर बड़ा प्रभाव पड़ा है।

सबसे बड़ा बदलाव शीर्ष पर हुआ है, जहां यूईएफए यूरो 2024 विजेता स्पेन एक स्थान ऊपर चढ़कर पहले स्थान पर पहुंच गया है, यह एक ऐसा स्थान है जो उन्होंने जून 2014 के बाद से पुरुष वर्ग में हासिल नहीं किया था।

## मिलानो कॉर्टिना 2026 के लिए 85 प्रतिशत स्टेडियम तैयार: आईओसी



● **शीतकालीन ओलंपिक 6 से 22 फरवरी 2026 तक होंगे इसके बाद 6 से 15 मार्च तक पैरालंपिक का आयोजन होगा**

**जिनेवा, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति समन्वय आयोग ने कहा कि मिलानो कॉर्टिना 2026 शीतकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए 85 प्रतिशत आयोजन स्थल तैयार हैं।

मिलान, कॉर्टिना, वाल्टेलिना, फिएमे घाटियों और वेरोना में शीतकालीन ओलंपिक छह से 22 फरवरी 2026 तक होंगे, इसके बाद छह से 15 मार्च तक पैरालिंपिक का आयोजन होगा। समन्वय आयोग की अध्यक्ष क्लोस्टर ने बुधवार को आयोग के छठे और अंतिम दौरे के बाद मिलान में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लगभग 85 प्रतिशत आयोजन स्थल पहले से ही मौजूद हैं। अगर हम आंकड़ों पर सटीक नजर डालें, तो ये खेल भी प्रभाव डाल रहे हैं। उत्साह बढ़ रहा है और अब तक के काम पर हमें गर्व है। कॉर्टिना में स्लाइडिंग सेंटर उम्मीदों से बढ़कर है। मिलान ओलंपिक विलेज पूरी तरह से तैयार है और आठ लाख से अधिक टिकटों की बिक्री राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर उत्सुकता को दर्शाती है। क्लोस्टर ने कहा कि अगले महीने का ध्यान जागरूकता बढ़ाने, प्रशंसकों को जोड़ने और खेलों से पहले होने वाले प्रमुख कार्यक्रमों और उपलब्धियों को बढ़ावा देने पर होगा। हम अब परिचालन तैयारी के एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहे हैं, जिसमें खेलों के दौरान सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण कार्यक्रम और सिमुलेशन कार्यक्रम निर्धारित हैं।

# भारत आखिरी ग्रुप मैच में ओमान से भिड़ेगा

● **गत चैंपियन टीम ने ग्रुप चरण में मानसून की तरह तूफानी प्रदर्शन किया है, जिसमें यूएई और पाकिस्तान को धूल चटाई**

**अबु धाबी, वार्ता।** भारत शुक्रवार को शेख जायद स्टेडियम में एशिया कप टी-20 के ग्रुप-ए के आखिरी मुकाबले में ओमान से भिड़ेगा, जो शाम के अंधेरे में मंडराता हुआ बाड्डा है। सुपर 4 का टिकट पहले ही उनकी जेब में है। गत चैंपियन टीम ने ग्रुप चरण में मानसून की तरह तूफानी प्रदर्शन किया है - पहले यूएई को रनों से भिगोया, फिर सात विकेट शेष रहते पाकिस्तान को धूल चटाई। अब वे तीन में से तीन जीत के कगार पर हैं और आगे की कड़ी टक्कर से पहले अपने पंजे तेज करने को बेताब हैं। शीर्ष क्रम में, युवा अभिषेक शर्मा एक धधकते धूमकेतु की तरह बल्लेबाजी कर रहे हैं, जिससे पावरप्ले में भारत को रॉकेट जैसा ईंधन मिल रहा है। शुभमन गिल की विलो ने जहाज को स्थिर पतवार की तरह चलाया है, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने बीच के ओवरों में त्योहार की रोशनी जैसे चमकदार स्ट्रोक लगाए हैं। उनके पीछे संजू सैमसन, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल हैं - बेंच इतनी गहरी है कि अरब सागर को छू सकती है। गेंदबाजी में, कुलदीप यादव ने छल के जाल बिछाए हैं, वरुण चक्रवर्ती ने किसी जादूगर की तरह गेंदबाजी की है, और जसप्रीत बुमराह भारत के शस्त्रागार में वज्रपात की तरह हैं। दो भारी हार के बाद पहले ही बाहर हो चुका ओमान, उम्मीदों से भरे दिल के साथ एक कमजोर टीम के रूप में उतरेगा। कप्तान जतिंदर सिंह, अगर अपनी लय फिर से हासिल कर लेते हैं, तो जोश भर सकते हैं, जबकि आमिर कलीम और शाह फैसल को अपनी टीम को बचाए रखने के लिए अपनी क्षमता से ज्यादा प्रदर्शन करना होगा। शेख जायद की पिच बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला होने का वादा करती है - शुरुआत में स्ट्रोक बनाने वालों के लिए अच्छी, और जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा, स्पिनरों के लिए टर्न का इंतजार रहेगा। मौसम गर्म और उमस भरा होगा, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं होने के कारण, अबु धाबी की रोशनी में क्रिकेट का बोलबा. ला रहेगा। अगर भारत पहले बल्लेबाजी करता है, तो उसका लक्ष्य 190-200 के बीच का विशाल स्कोर खड़ा करना होगा। ओमान अगर 150 रन का लक्ष्य रखता है, तो वह उसे एक बड़ा खजाना मानेगा। टॉस के लिहाज से, भारत की लक्ष्य का पीछा करने की प्रवृत्ति उन्हें पहले गें. दबाजी करने के लिए प्रेरित कर सकती है, जबकि ओमान बल्लेबाजी करके रन बनाना पसंद कर सकता है।

**एकादश:** भारत - अभिषेक, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती।

ओमान - आमिर कलीम, जतिंदर सिंह (कप्तान), हम्माद मिर्ज़ा, विनायक शुक्ला (विकेट कीपर), वसीम अली, हसनैन शाह, शाह फैसल, जितेन रामानंदी, आर्यन बिष्ट, शकील अहमद, समय श्रीवास्तव।

अपनी फॉर्म, आक्रामकता और चतुराई के साथ, भारत इस मुकाबले को एक रोमांचक मुक. ाबले में बदलने के लिए तैयार है। ओमान के लिए चुनौती बड़ी है, लेकिन जैसा कि सिद्धू खुद कह सकते हैं कि क्रिकेट शानदार अनिश्चितताओं का खेल है।

## सुरजीत हॉकी आकादमी में खेल जगत के दिग्गजों ने खिलाड़ियों को हॉकी के गुर सिखाए

● **सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत अनुशासन और खेल के प्रति जुनून बेहद जरूरी है: लखविंदर सिंह**

**जालंधर, वार्ता।** राउंड ग्लास हॉकी अकादमी के तकनीकी प्रमुख ओलंपियन रा. जंदर सिंह (वरिष्ठ), सुरजीत हॉकी सोसाइटी, जालंधर की कार्यकारी अध्यक्ष लखविंदर पाल सिंह खैरा और पंजाब हॉकी के महासचिव श्री अमरीक सिंह पवार ने गुरुवार संयुक्त रूप से सुरजीत हॉकी अकादमी का दौरा किया और वहां प्रशिक्षण ले रहे युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

उन्हें खेल की बारीकियां समझाईं, अपने अनुभव साझा किये और हॉकी के खेल से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। इस अवसर पर ओलंपियन राजिंदर सिंह (वरिष्ठ) ने खिलाड़ियों को हॉकी की विभिन्न तकनीकों, जैसे पासिंग, ड्रिब्लिंग, डिफेंस और गोल-शूटिंग के बारे में महत्वपूर्ण टिप्स दिये। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति जुनून बेहद ज़रूरी है। सुरजीत हॉकी सोसाइटी, जालंधर के कार्यकारी अध्यक्ष लखविंदर पाल सिंह खैरा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अकादमी का उद्देश्य युवा पीढ़ी को हॉकी की कला सिखाना और देश के लिए अच्छे खिलाड़ी तैयार करना है। उन्होंने खिलाड़ियों को पूरे जोश के साथ कड़ी मेहनत करके देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। हॉकी पंजाब के महासचिव अमरीक सिंह पवार ने युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए हॉकी प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, समर्पण और टीम वर्क के महत्व पर ज़ोर दिया। इस दौरान अकादमी के कोचिंग स्टाफ और प्रबंधन समिति भी मौजूद थी।

## सम्पादकीय

शुक्रवार, 19 सितम्बर 2025

# चुनाव आयोग पर निशाना

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को एक बार फिर चुनाव आयोग पर यह कहकर निशाना साधा है कि देश में वोट चोरी की जा रही है और सोची हुई रणनीति के तहत व्यवस्थित तरीके से विपक्षी दलों के मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाया जा रहा है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार यह काम करने वालों को बचा रहे हैं।

एक तरह से वह कह रहे हैं कि ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को संरक्षण दे रहे हैं और उनके खिलाफ की जा रही जांच में कोई मदद नहीं कर रहे हैं। नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने इस संबंध में कई उदाहरण भी दिए। इसमें कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां 6018 मतदाताओं के नाम काटे गए, जिसके उनके पास सबूत हैं। उनका कहना था कि यह काम किसी एक स्थान पर नहीं बल्कि कई जगहों पर किया गया। उनका कहना था कि महाराष्ट्र के राजुरा विधानसभा क्षेत्र में भी इसी तरीके से हुआ, वहां 6850 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। उनके अनुसार उप्र, हरियाणा, गुजरात आदि राज्यों में इसी तरीके से वोट चोरी का काम किया गया। राहुल गांधी ने सीधे कहा कि वह जानना चाहते हैं कि वोट चोरी का मास्टरमाइंड कौन है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पास सबूत हैं कि मतदाताओं के नाम हटाने के लिए सॉफ्टवेयर व कॉल सेंटर का इस्तेमाल हुआ। उन्होंने इस बात का भी दावा किया कि वोट चोरी का मास्टरमाइंड कौन है यह भी पता चल जाएगा। राहुल गांधी ने दृढ़ता के साथ कहा कि वह जो भी बोल रहे हैं सबूतों के साथ बोल रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कर्नाटक सीआईडी ने मामला दर्ज कराया और आयोग को 18 पत्र लिखकर यह बताने को कहा कि उसे गंतव्य यानि डेस्टिनेशन आईपी, डिवाइस, गंतव्य पोर्ट, फोन नंबर व उनके मालिकों के नाम बताए जाएं, वह कहते हैं कि फरवरी 2023 में प्राथमिकी दर्ज होती है और मार्च में कर्नाटक सीआईडी चुनाव आयोग से ब्यौरा मांगती है। अगस्त 2023 में उसको आधी जानकारी दी जाती है जिससे जांच पूरी न हो सके। उन्होंने तो यह दावा भी किया कि मार्च 2025 में कर्नाटक के चुनाव अधिकारी ने भी चुनाव आयोग से विवरण मांगा और आखिरी पत्र सितंबर में भेजा गया लेकिन कोई जवाब नहीं आया। वहीं दूसरी तरफ चुनाव आयोग ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बिना सहमति के मतदाताओं के नाम सूचियों से हटाने के चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है। चुनाव आयोग का कहना है कि किसी भी मतदाता का नाम सूची से किसी भी सदस्य द्वारा ऑनलाइन नहीं हटाया जाता। यह देखना बेहद दिलचस्प है कि एक तरफ चुनाव आयोग पूरे देश में एसआईआर को लेकर गंभीर दिखाई दे रहा है, इसको लेकर वह सुप्रीम कोर्ट से भी टकराने के लिए तैयार दिखाई देता है, तो वहीं दूसरी तरफ वोटर लिस्टर को लेकर जो गंभीर आरोप लग रहे हैं, उसमें किसी तरह की गंभीरता दिखाता नजर नहीं आ रहा। निसंदेह इस समय चुनाव आयोग की साख पूरी तरह दांव पर लगी दिखाई दे रही है।

### कांग्रेस के वोटों को निशाना बनाया जा रहा



चुनाव आयोग जानबूझकर कांग्रेस के वोटों को निशाना बना रहा है और उनके नाम डिलीट कर रहा है, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार उन लोगों की रक्षा कर रहे हैं, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को बर्बाद कर दिया है, महाराष्ट्र, हरियाणा और यूपी में यही हो रहा है, कर्नाटक के आलंद में 6018 वोटर्स को डिलीट करने की कोशिश हुई, 2023 के चुनाव में किसी ने 6,018 वोट डिलीट करने की कोशिश की, इसकी संख्या ज्यादा भी हो सकती है, हमें नहीं पता कि कुल कितने वोट डिलीट किए गए, इन्हें डिलीट करते समय गलती से मामला पकड़ में आ गया, आलंद में जिन वोटर्स के नाम डिलीट किए गए, उनको हटाने के लिए दूसरे राज्यों में ऑपरेट हो रहे मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया गया, गोदावाई के 12 पड़ोसी के नाम भी हैं, जिन्हें इन मोबाइल नंबर्स से डिलीट किया गया।

**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा**

# सड़क सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलते सड़क हादसे



रजनीश कपूर

दिल्ली, भारत की राजधानी, जो तेजी से विकसित हो रही है, वहां सड़कें न केवल प्रगति का प्रतीक हैं, बल्कि मौत का भी सैलाब बन चुकी हैं। 14 सितंबर 2025 को दिल्ली में एक बार फिर दिल दहला देने वाली घटना घटी, जब एक लग्जरी बीएमडब्ल्यू कार ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने दोषपूर्ण हत्या के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आए दिन हमें देश के अलग अलग शहरों से ऐसी घटनाओं की खबर मिलती है जो भारत की सड़क सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल कर रख देती हैं। हर साल लाखों दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें से अधिकांश रोकथाम योग्य हैं। लेकिन क्यों? इसका मुख्य कारण है आपातकालीन सेवाओं की घोर कमी, जनता द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करना और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सुस्ती।

सबसे पहले, हालिया दुर्घटना को समझें। नवजोत सिंह जैसे सम्मानित अधिकारी की मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया। पुलिस जांच से पता चला कि कार की रफ्तार निर्धारित गति सीमा से काफी अधिक थी। लेकिन हादसे के बाद जो सबसे बड़ी लापरवाही सामने आई, वह थी प्राथमिक चिकित्सा सहायता की अनुपस्थिति। दुर्भाग्यवश, दिल्ली जैसे महानगर में भी एम्बुलेंस पहुंचने में 20-30 मिनट लग जाते हैं। यदि 'गोल्डन ऑवर'कृयानी हादसे के पहले घंटे में उचित उपचार मिल जाता, तो शायद नवजोत की जान बच सकती थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत मौतें प्री-हॉस्पिटल चरण में ही हो जाती हैं, क्योंकि भारत में आपातकालीन सेवाएं अपर्याप्त हैं।

भारत में आपातकालीन सेवाओं की स्थिति बेहद दयनीय है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2021 की रिपोर्ट के मुता. बिक, देश में 1,55,622 सड़क मौतें हुईं, जिनमें से 69,240 दोपहिया वाहनों से जुड़ी थीं। वहीं, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, 2022 में 4,64,910 दुर्घटनाओं में 1,47,913 मौतें हुईं। समस्या यह है कि भारत में एम्बुलेंस सेवाएं, जैसे 108 या 102, अक्सर ओवरलोडेड होती हैं। ग्रामीण और राजमार्गीय इलाकों में तो स्थिति और खराब है। यहां एम्बुलेंस पहुंचने में औसतन 45 मिनट से एक घंटा लग जाता है। एक अध्ययन के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटना स्थल से ट्रॉमा सेंटर तक पहुंचने में देरी से 40 प्रतिशत मौतें बढ़ जाती हैं। दिल्ली में, जहां वाहनों की संख्या 1 करोड़ से अधिक है, ट्रैफिक जाम एम्बुलेंस को रोक देता है। फोरेंसिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि प्री-हॉस्पिटल इमरजेंसी केयर मजबूत होती, तो 30-50 प्रतिशत जानें बच सकतीं। लेकिन सरकार की '5ई' रणनीतिकृइंजीनियरिंग, एजुक. ेशन, एनफोर्समेंट, इमरजेंसी केयर, में इमरजेंसी केयर पर निवेश न्यूनतम है। नतीजा? हर दिन 405 मौतें और 1,290 घायल। यह राष्ट्रीय संकट है, जो विकास की राह में बड़ा रोड़ा है।

अब जनता द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना की बात करें। इसका एक बड़ा कारण है 'चलता है' वाली मानसिकता। इंटरनेट पर कई प्लेटफॉर्म्स पर चर्चाओं से साफ है कि लोग नियमों को 'सजावटी' मानते हैं। ओवरस्पीडिंग, बिना हेलमेट या सीटबेल्ट के ड्राइविंग, गलत लेन तोड़ना, ए आम हैं। क्यों? पहला, जागरूकता की कमी, स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की शिक्षापर्याप्त मात्रा में नहीं दी जाती, नतीजा बच्चे बड़े होकर भी नियमों को महत्व नहीं देते। दूसरा, जनसंख्या घनत्व 1।3 अरब आबादी वाले देश में सड़कें ओवरलोड हैं, लोग सोचते हैं, 'एक-दो नियम तोड़ लूंगा, क्या फर्क पड़ेगा?' तीसरा, सामाजिक दबाव, यदि कोई रेड लाइट पर रुकता है, तो पीछे से हॉर्न बजते हैं, गालियां पड़ती हैं। लोग जल्दबाजी में रहते हैं, ट्रैफिक में समय की कमी से तनाव बढ़ता है और नियम तोड़ना 'स्मार्ट' लगता है। चौथा, सांस्कृतिक पक्ष, भारत में 'जुगाड़' संस्कृति प्रचलित है। नियम तोड़ना 'चालाकी' माना जाता है। एक सर्वे के अनुसार, अधिकांश ड्राइवरों को नियमों की पूरी जानकारी ही नहीं। परिणामस्वरूप, 2023 में 35,000 पैदल यात्री और 10,000 बच्चे दुर्घटनाओं का शिकार बने। यदि जनता जागरूक होती, तो ए आंकड़े कम होते। इस अवहेलना का एक प्रमुख कारण है कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सुस्ती। ट्रैफिक पुलिस की कमी भयानक है। ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट के अनुसार, 85,144 ट्रैफिक पुलिस पदों में 30 प्रतिशत और 58,509 कांस्टेबल पदों में 39 प्रतिशत रिक्त हैं। बिना सख्ती के, लोग नियम तोड़ते हैं। क्यों आलसी हैं एजेंसियां? पहला, संसाधनों की कमी। कैमरे, स्पीड गन्स, बॉडी कैमरे, आदि जैसे उपकरण अपर्याप्त हैं। मोटर व्हीकल एक्ट 2019 में सख्त जुर्माने जोड़े गए, लेकिन लागू नहीं होते। दूसरा, भ्रष्टाचार, छोटे-मोटे उल्लंघनों पर 50-100 रुपये में सेटलमेंट हो जाता है, जिससे डर समाप्त हो जाता है। तीसरा, प्राथमिकताएं, पुलिस अन्य अपराधों पर फोकस करती है, ट्रैफिक को सेकेंडरी मानती है। चौथा, प्रशिक्षण की कमी, अधिकारी सड़क डिजाइन या व्यवहार समझ नहीं पाते। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, खराब सड़क डिजाइन और साइनेज भी दुर्घटनाएं बढ़ाते हैं, लेकिन प्रवर्तन कमजोर है। विदेशों की तरह यदि भारत में भी सख्ती हो, तो सुधार संभव है।

ये समस्याएं परस्पर जुड़ी हैं। अवहेलना से दुर्घटनाएं बढ़ती हैं, सेवाओं की कमी से मौतें। समाधान? पहला, आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करेंहर 10 किमी पर ट्रॉमा सेंटर हों। एकीकृत हेल्पलाइन '112' को मजबूत बनाया जाए। दूसरा, शिक्षा, स्कूलों में ट्रैफिक जागरूकता अभियान चलाए जाएं। तीसरा, प्रवर्तन, पुलिस भर्ती बढ़ाएं, ई-मॉनिटरिंग लागू करें, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगे। चौथा, बुनियादी ढांचा, सड़कें सुधारें, साइनेज बढ़ाएं। सरकार की 'रोड सेफ्टी' योजना को गति दें। नवजोत सिंह जैसीमौतें हमें झकझोरती है, यदि हम नहीं चेते, तो और कितने परिवार बिखरेंगे?


(ये लेखक के निजी विचार हैं)



# मनाली के पास छुपे हैं तीन शानदार हिल स्टेशन

**अगर आप भी मनाली के आसपास 100 किमी के अंदर अच्छी जगह ढूंढ रहे हैं, जहां पर जाने में अधिक समय नहीं लगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मनाली से 100 किमी की दूरी पर स्थित कुछ हिल स्टेशन के बारे में बताने जा रहे हैं।**

जब भी लोग पहाड़ी जगहों पर घूमने जाने का प्लान करते हैं, तो वह आसपास की सभी जगहों को एक्सप्लोर करने का प्लान करते हैं। कई बार लोग ऐसी लोकेशन के बारे में सर्च करते हैं, जो आपकी लोकेशन के पास भी हो और साथ ही खूबसूरत भी हो। वहीं अपने शहर से दूर घूमने गए लोग हमेशा पूरी प्लानिंग करने के बाद जाते हैं। क्योंकि लंबे ट्रिप पर निकले लोग आसपास की जगहों को भी एक्सप्लोर करते हैं। ऐसे में अगर आप भी मनाली के आसपास 100 किमी के अंदर अच्छी जगहें ढूंढ रहे हैं, जहां पर जाने में अधिक समय नहीं लगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मनाली से 100 किमी की दूरी पर स्थित कुछ हिल स्टेशन के बारे में बताने जा रहे हैं।



### मणिकर्ण

बता दें कि मनाली से मणिकर्ण की दूरी करीब 100 किमी के अंदर है। आप यहां पर 2रू30 से 03रू00 घंटे में पहुंच जाएंगे। मनाली घूमने गए लोगों को आसपास की जगहों को कवर करना चाहिए। इससे न तो ज्यादा खर्च आएगा और न ही आपको लोकेशन तक पहुंचने पर अधिक समय लगेगा। मनाली से मणिकर्ण की दूरी करीब 79 किमी दूर है। आप मणिकर्ण पहुंचकर कसोल भी जा सकते हैं। कसोल और मणिकर्ण की बीच की दूरी करीब 20 मिनट की है।

### कसोल

मनाली घूमने वाले लोगों को कसोल भी आना चाहिए। क्योंकि यह जगह मनाली से 100 किमी से भी कम दूरी पर स्थित है। अगर आपको ट्रैफिक नहीं मिलेगा, तो आपको यहां पहुंचने में करीब 2 घंटे का समय लगेगा। मनाली से कसोल की दूरी करीब 75 किमी है। बता दें कि कसोल और कसोली 2 अलग-अलग जगहें हैं। जिसमें कसोल ऊंचाई पर स्थित है और यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह जगह अपनी सुकून और शांति के लिए जाना जाता है।

### रोहतांग पास

मनाली के पास सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली जगह रोहतांग पास है। मनाली घूमने जाने वाले लोग रोहतांग पास घूमने जरूर जाते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि मनाली से अधिक दूर नहीं है। इसलिए लोगों को यहां पर पहुंचने में ज्यादा परेशानी नहीं होती है। मनाली से रोहतांग पास की दूरी करीब 50 किमी है। आप यहां पर 2 घंटे में आसानी से पहुंच जाते हैं और यहां पहुंचने में अधिक खर्च नहीं आने वाला है। ऐसे में अगर आप भी मनाली घूमने जा रहे हैं।

# हरित हाइड्रोजन की ओर बढ़ते कदम

भारतीय रेल्वे ने हाल ही में घोषणा की है कि हाइड्रोजन से चलने वाली एक ट्रेन ने सभी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैंय यह ट्रेन चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में विकसित की गई है। यह कदम राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की प्रगति का एक अच्छा संकेत है। इस मिशन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक देश में प्रति वर्ष कम से कम पचास लाख मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है, जो 2070 तक देश में शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

यह ट्रेन जल्द ही हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर लंबे मार्ग दौड़ेगी। यह ट्रेन जींद में स्थित 1 मेगावाट के पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन इलेक्ट्रोलाइजर द्वारा उत्पादित हाइड्रोजन पर निर्भर है, जहां प्रतिदिन 430 किलोग्राम हाइड्रोजन का उत्पादन होता है। ट्रेन के ईंधन टैंक में हाइड्रोजन भरी जाएगी, ईंधन सेल हाइड्रोजन को बिजली में बदलेगा जिससे ट्रेन की इलेक्ट्रिक मोटरें चलेंगी। हाइड्रोजन बनाने का सिद्धांत काफी सरल है। विद्युत-अपघटक पानी के अणु को ऑक्सीजन, हाइड्रोजन आयन और इलेक्ट्रॉन में तोड़ता है। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया में ऋणात्मक इलेक्ट्रोड एनोड पर आणविक ऑक्सीजन मुक्त होती है, और मुक्त इलेक्ट्रॉन एक बाहरी परिपथ के माध्यम से धनात्मक इलेक्ट्रोड कैथोड तक पहुंचते हैं। कैथोड और एनोड के बीच छन्ने के रूप में एक बहुलक विद्युत अपघटक झिल्ली होती है, जो केवल हाइड्रोजन आयन को कैथोड तक जाने देती है, जहां वे इलेक्ट्रॉनों के साथ मिलकर हाइड्रोजन अणु बनाते हैं। ए अणु गैस के रूप में ऊपर आते हैं। फिर इस गैस को संपीड़ित करके संग्रहित कर लिया जाता है। छन्ने के तौर पर इस्तेमाल झिल्ली आम तौर पर एक फ्लोरोपॉलीमर, जैसे नैफिऑन टेफ्लॉन से सम्बंधित, से बनी होती है। यह झिल्ली विद्युत की उम्दा कुचालक होती है, जो अपने में से इलेक्ट्रॉन्स को गुजरने नहीं देती। उत्पादित हाइड्रोजन और ऑक्सीजन एकदम अलग-अलग जगह बनते हैं।

हाइड्रोजन से चलने वाले वाहनों में हाइड्रोजन ईंधन सेल में उपरोक्त अभिक्रिया विपरीत दिशा में होती है। हाइड्रोजन को एनोड तक लाया जाता है, जहां उत्प्रेरक की उपस्थिति में प्रत्येक हाइड्रोजन अणु टूटकर दो हाइड्रोजन आयन और दो इलेक्ट्रॉन बनाता है। हाइड्रोजन आयन झिल्ली से होकर कैथोड तक जाते हैं जबकि इलेक्ट्रॉन इस झिल्ली को पार नहीं कर पाते और एक बाहरी परिपथ के जरिए कैथोड तक पहुंचते हैं। कैथोड पर हाइड्रोजन आयन का संपर्क हवा में मौजूद ऑक्सीजन और एनोड तक बाहरी परिपथ के माध्यम से लाए गए इलेक्ट्रॉनों से होता है। इस प्रकार पानी बनता है। बाहरी परिपथ से प्रवाहित इलेक्ट्रॉन विद्युत धारा पैदा करते हैं जो वाहन को शक्ति प्रदान करती है।

ईंधन सेल और विद्युत अपघटक में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण अंतर है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया स्वत:स्फूर्त होती है। दूसरी ओर, पानी अपने आप इन दो तत्वों में नहीं टूटता। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया को ऊर्जा देने के लिए विद्युत आपूर्ति आवश्यक होती है और हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए विद्युत-अपघटक को बिजली नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से मिलनी चाहिएय जैसे, सौर या पवन ऊर्जा। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के नए स्रोतों की जरूरत होगी। सूक्ष्मजीवों की इलेक्ट्रोलाइटिक कोशिकाओं में हाइड्रोजन का उत्पादन करने के रोमांचक प्रयास भी चल रहे हैं। इसमें विद्युत-रासायनिक रूप से सक्रिय सूक्ष्मजीव एनोड पर फलते-फूलते हैं और कृषि अवशेषों, अपशिष्ट जल जैसे कार्बनिक पदार्थों का ऑक्सीकरण करते हैं, और इस प्रक्रिया में उत्पन्न इलेक्ट्रॉनों को एनोड तक पहुंचाया जाता है। उत्प्रेरक के तौर पर इसमें प्लैटिनम, इरिडियम जैसे महंगे पदार्थ चाहिए होते हैं। वर्तमान शोध का उद्देश्य महंगे तत्वों को निकल, कोबाल्ट, या लोहे जैसे सस्ते तत्वों से प्रतिस्थापित करना है। सस्ते हाइड्रोजन उत्पादन के शुरुआती कार्य में जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र के सीएनआर राव के समूह ने प्लैटिनम इलेक्ट्रोड के बराबर जल-अपघटन क्षमता वाले निकल-निकल हाइड्रॉक्साइड-ग्रेफाइट इलेक्ट्रोड डिजाइन किए हैं। ऐसे शोध कार्यों को सौर ऊर्जा और सूक्ष्मजीव-चालित प्रक्रियाओं के साथ जोड़कर एक ऐसा ईंधन तैयार किया जा सकता है जो पर्यावरण के अनुकूल भी हो और सस्ता भी।

**-डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन**
**स्रोत फीचर्स**



**ईंधन सेल और विद्युत अपघटक में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण अंतर है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया स्वत:स्फूर्त होती है। दूसरी ओर, पानी अपने आप इन दो तत्वों में नहीं टूटता। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया को ऊर्जा देने के लिए विद्युत आपूर्ति आवश्यक होती है और हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए विद्युत-अपघटक को बिजली नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से मिलनी चाहिएय जैसे, सौर या पवन ऊर्जा। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के नए स्रोतों की जरूरत होगी। सूक्ष्मजीवों की इलेक्ट्रोलाइटिक कोशिकाओं में हाइड्रोजन का उत्पादन करने के रोमांचक प्रयास भी चल रहे हैं।**

## संक्षिप्त समाचार

### नवलनी को जेल में जहर दिया गया था: यूलिया

**लंदन।** रूस में विपक्ष के नेता दिवंगत एलेक्सी नवलनी की पत्नी ने कहा है कि 2024 में आर्कटिक दंड कॉलोनी में जेल की सजा काटते समय उन्हें जहर देकर मार दिया गया था। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में यूलिया नवलनया ने कहा कि दो देशों की प्रयोगशालाओं द्वारा तस्करी किए गए जैविक नमूनों के विश्लेषण से पता चला है कि उनके पति की 'हत्या' की गई थी। उन्होंने कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए जहर, नमूनों या विश्लेषण के बारे में विवरण नहीं दिया, लेकिन दोनों प्रयोगशालाओं को अपने परिणाम प्रकाशित करने की चुनौती दी। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक भ्रष्टाचार के विरोध में अभियान चलाने वाले और रूस के सबसे मुखर विपक्षी नेता का 16 फरवरी 2024 को 47 वर्ष की आयु में जेल में अचानक निधन हो गया था।

### अमेरिकी एनआईएच का पूरे स्वास्थ्य के लिए शोध अभियान

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) ने बुधवार को एक नई शोध पहल की घोषणा की है। जिसका उद्देश्य व्यक्ति के संपूर्ण स्वास्थ्य के अध्ययन को आगे बढ़ाना और स्वस्थ शारीरिक क्रियाओं का एक एकीकृत ज्ञान नेटवर्क बनाना है। यह पांच वर्षीय शोध कार्य चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगा, जिसमें मौजूदा वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग करके स्वस्थ मानव शरीर क्रिया विज्ञान का एक संपूर्ण, कार्यशील मॉडल विक. सित किया जाएगा। एनआईएच के अनुसार, आगे के चरणों में रक्तचाप, रक्त शर्करा और कोलेस्ट्रॉल जैसे सामान्य नैदानिक जांचों को प्रमुख शारी. रिक क्रियाओं से जोड़ा जाएगा। एनआईएच के एकीकृत स्वास्थ्य केंद्र की निदेशक हेलेन एम. लैंगविन ने कहा कि स्वस्थ शारीरिक क्रियाओं को संपूर्ण शरीर ज्ञान नेटवर्क में व्यवस्थित करके, शोधकर्ता स्वास्थ्य से संबंधित वैज्ञानिक प्रश्नों का एक नए तरीके से पता लगा सकेंगे।

### सिडनी हवाई अड्डे पर 'खसरे' का अलर्ट जारी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य अधिकारियों ने सिडनी हवाई अड्डे पर खसरे का अलर्ट जारी किया है। उन्हें एक ऐसे व्यक्ति की सूचना मिली है जो यात्रा के दौरान संक्रमित हो गया था। पूर्वी तटीय राज्य न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार रात जारी एक अलर्ट में कहा कि यह संक्रमित व्यक्ति हाल ही में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया (डब्ल्यूए) से लौटा है, जहां खसरे का सक्रिय प्रकोप है और संक्रमित होने के दौरान उसने राज्य के उत्तरी क्षेत्र में कई स्थानों का दौरा किया था। बारह सितम्बर को वाशिगटन की राजधानी पर्थ से सिडनी जाने वाली वर्जिन ऑस्ट्रेलिया की उड़ान में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों, साथ ही उसी दिन सिडनी से गोल्ड कोस्ट हवाई अड्डे जाने वाली उड़ान में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लक्षणों के विकास पर नजर रखने की सलाह दी गई है।

# पाक-आर्मी चीफ ने सैनिकों को आंतकियों के जनाजे में भेजा

## जैश कमांडर बोलाः जवानों ने वर्दी में अंतिम सलामी दी, ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए थे

**कोर कमांडरों को जनाजों के साथ चलने और वर्दी में उनकी सुरक्षा करने को कहा गया**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने सैन्य अधिकारियों को ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में शामिल होने का आदेश दिया था।

यह खुलासा आतंकी संगठन जैश- ए-मोहम्मद के प्रमुख कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने किया है। कश्मीरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहा है कि जनरल हेडक्वार्टर ने शहीदों को सम्मानित करने और अंतिम सलामी देने का आदेश दिया है। कोर कमांडरों को जनाजों के साथ चलने और वर्दी में उनकी सुरक्षा करने को कहा गया। कुछ महीने पहले पाकिस्तानी सैनिकों की सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हुई थी। इसमें सैनिक मारे गए आतंकी के अंतिम संस्कार में शामिल दिखाई दिए थे।

पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की एयर स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। लश्कर के आतंकी ठिकाने मुरी. दके में पाकिस्तानी सैनिकों के लोग भारत के हमले में मारे गए आतंकियों के नमाज- ए-जनाजा में शामिल हुए थे। तस्वीर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की है। कोर कमांडरों को जनाजे में शामिल होने और वर्दी में उसकी सुरक्षा करने के लिए कहा गया था। मसूद इलियास कश्मीरी ने अपने बयान में यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश- ए-मोहम्मद और बहावल. पुर के आतंकी कैंपों के बीच के संबंधों को छिपाने की पूरी को. शिश की। यह बयान उस समय आया है, जब पाकिस्तान बार-बार अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर यह दावा करता रहा है कि उसके देश में कोई आतंकी कैंप नहीं चल रहा है। पाकिस्तान सरकार और सेना ने हमेशा बहावलपुर में जैश के कैंपों के होने से इनकार किया है। इससे पहले लश्कर-ए-तैयबा के उप-प्रमुख सैफुल्लाह कसूरी ने टेलीग्राम पर वीडियो जारी कर भारत और पीएम मोदी को अंजाम भुगतने की धमकी दी।

**कुछ महीने पहले पाकिस्तानी सैनिकों की सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हुई थी**

सैफुल्लाह 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड में से एक है। वीडियो में, कसूरी ने चेतावनी दी कि जम्मू-कश्मीर में भारतीय बांधों, नदियों और इलाकों पर कब्जा करने की को. शिशें की जाएगी। कसूरी ने खुलासा किया कि पाकिस्तान सरकार और सेना आतंकवादी संगठन को मुरीदके में अपना मुख्यालय फिर से बनाने के लिए धन मुहैया करा रही है, जिसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तबाह कर दिया गया था।



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (DUSU) चुनाव में मतदान के लिए नॉर्थ कैंपस में कतार में खड़ी छात्राएं।

# लगातार इजरायली बमबारी फलस्तीन पर पड़ रही भारी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) के मानवीय सहायताकर्ताओं ने कहा कि गाजा शहर में बढ़ती इजरायली बमबारी और जमीनी कार्रवाई फलस्तीनियों पर लगातार भारी पड़ रही है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से बताया कि गाजा शहर के रंतिसी चिल्ड्रन हॉस्पिटल पर रात भर कई बार हमला किया गया। इस अस्पताल में 80 मरीज थे, जिनमें 12 बच्चे और शिशु गहन चिकित्सा कक्ष में थे।

आधे मरीज और उनके देखभाल करने वाले सुरक्षा की तलाश में गोलीबारी के बीच भागने को मजबूर हुए। संरा जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने कहा कि गाजा में इजरायली सैन्य अभियान के कारण

**महिलाएं बिना अस्पालों, डॉक्टरों या साफ पानी के सड़कों पर बच्चों को जन्म देने को मजबूर**

महिलाएं बिना अस्पतालों, डाक्टरों या साफ पानी के सड़कों पर बच्चों को जन्म देने को मजबूर हैं। इसमें कहा गया है कि 23 हजार महिलाएं बिना देखभाल के रह रही हैं और हर हफ्ते लगभग 15 बच्चे बिना किसी चिकित्सा सहायता के पैदा हो रहे हैं। ओसीएचए ने कहा कि उसके मानवीय सहयोगियों ने बताया है कि मार्च में युद्धविराम टूटने के बाद से, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य बाह्य रोगी सेवाएं प्रदान करने वाले 80 चिकित्सा केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र प्रभावित हुए हैं, जिनमें से 65 सेवा से बाहर हैं।

# लश्कर और जैश संगठनों पर वैश्विक कार्रवाई जरूरी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों लश्कर- ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद पर बड़ा हमला बोला है। भारत ने साफ कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय यह सुनिश्चित करे कि ये संगठन और उनके मददगार अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिए अब और न कर सकें।



**अफगानिस्तान को आतंक मुक्त करने के लिए यूएन में बोला भारत**

यह संदेश भारत के स्थाई प्रतिनिधि पी. हरीश ने सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर बैठक में दिया। हरीश ने कहा कि भारत लगातार अफगानिस्तान की स्थिति पर नजर रख रहा है। अफगानिस्तान और भारत के बीच गहरा सभ्यतागत रिश्ता है और इसी कारण शांति और स्थिरता भारत के लिए बेहद अहम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकियों के लिए किसी भी तरह की जगह छोड़ना दुनिया और खासकर इस क्षेत्र के लिए खतरनाक है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर इस बात पर जोर दिया है कि आतंकवाद का मुकाबला करने में सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है। हरीश ने कहा कि यूएनएससी द्वारा घोषित आतंकी संगठन, चाहे वह आईएसआईएस हो, अल-कायदा हो या फिर पाकिस्तान समर्थित लश्कर और जैश, इन पर सख्त कार्रवाई जरूरी है।

## ब्रिटेन में ट्रम्प के राजकीय दौरे का विरोध

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के राजकीय दौरे के विरोध में हजारों लोगों ने लंदन की सड़कों पर प्रदर्शन किया। इस रैली को 'स्टॉप ट्रम्प कोएलिशन' नामक संगठन ने निकाला। इसमें 50 से ज्यादा यूनियन और सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने लंदन के पोर्टलैंड प्लेस से संसद भवन चौराहे तक रैली निकाली। लंदन मेट्रोपालिटन पुलिस के मुताबिक करीब 5000 लोग इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। सुरक्षा के लिए 1600 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। लोगों ने विरोध के लिए हाथों में तख्तियां ले रखी थीं। इन पर 'ट्रम्प नाट वेलकम', 'नो टू रेसिज्म' और 'स्टॉप आर्मिंग इजराइल' यानी इजरायलको हथियार देना बंद करो, लिखा था। कई लोग ट्रम्प बेबी ब्लिम्प नाम के कास्टयूम के साथ भी पहुंचे। यह कास्टड्रूम 2019 में मशहूर हुआ था।

# ट्रम्प ने भारत-पाक समेत 23 देशों को ड्रग तस्कर बताया

## कहाः ये खतरनाक केमिकल बना रहे, इससे अमेरिका में इजरजेंसी जैसे हालात

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने 23 देशों को ड्रग तस्करी और अवैध ड्रग प्रोडक्शन करने वाले देशों की लिस्ट में शामिल किया है। इन देशों में भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, कोलंबिया, बोलिविया और वेनेजुएला जैसे देश शामिल हैं।



ट्रम्प ने अमेरिकी संसद को सौंपी गई 'प्रेसिडेंशियल डिटरमिनेशन रिपोर्ट' में कहा कि इन देशों में अवैध ड्रग्स उत्पादन और तस्करी अमेरिका और उसके नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। ट्रम्प ने कहा कि ड्रग तस्करी, खासकर फेंटेनाइल जैसे घातक ड्रग्स ने अमेरिका में नेशनल इमरजेंसी जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। यह पब्लिक हेल्थ संकट का कारण बन रहा है और 18 से 44 साल के अमेरिकियों की मौत की प्रमुख वजह है। ट्रम्प ने कहा कि चीन फेंटेनाइल जैसे खतरनाक ड्रग्स बनाने वाले केमिकल का सबसे बड़ा सोर्स है। इसके साथ ही वो मेथामफेटामाइन जैसे अन्य नशीले पदार्थों को भी बढ़ावा दे रहा है। ट्रम्प ने चीन से इन रसायनों को रोकने और तस्करों पर कार्रवाई करने को कहा। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अफगानिस्तान, बो. लिविया, म्यांमार, कोलंबिया, और वेनेजुएला जैसे देश ड्रग्स के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं। इन देशों से ड्रग कंट्रोल के लिए और सख्त कदम उठाने की मांग की गई है। हालांकि मंत्रालय ने क्लियर किया कि इस लिस्ट में किसी देश का नाम होने का मतलब यह नहीं कि उसकी सरकार ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही। ट्रम्प ने अफगानिस्तान पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि तालिबान ने अवैध ड्रग्स पर प्रति. बंध का ऐलान किया था, लेकिन ड्रग्स का भंडार और मेथामफेटामाइन का प्रोडक्शन जारी है।

## पेन्सिलवेनिया में गोलीबारी, तीन पुलिस अधिकारियों की मौत, दो घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्वोत्तर राज्य पेन्सिलवेनिया के यॉर्क काउंटी में बुधवार दोपहर हुई गोलीबारी में तीन पुलिस अधिकारी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी। सीबीएस न्यूज ने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजे यॉर्क काउंटी के नॉर्थ कोडोरस टाउनशिप में घटी है। चार अधिकारी उत्तरी यॉर्क काउंटी क्षेत्रीय पुलिस विभाग से थे, जबकि पांचवा यार्क काउंटी के डिप्टी शेरिफ है। अधिका. रियों ने कहा कि गंभीर रूप से घायल होने के कारण तीन अधिकारियों की मौत हो गई और दो का इलाज चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार पुलिस अधिकारी उस क्षेत्र में वारंट की तामील कर रहे थे, तभी एक संदिग्ध ने बंदूक निकाली और उन पर गोली चला दी।

# सऊदी-पाकिस्तान के बीच हुआ अहम सुरक्षा समझौता

## दोनों मिलकर हमले का जवाब देंगे, दावाः एटमी हथियार को भी इस्तेमाल शामिल

**रियाद।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक रक्षा समझौते पर साइन किए। इस समझौते के तहत एक देश पर हमला दूसरे पर भी हमला माना जाएगा।



- **दोनों देशों के बीच डिफेंस कार्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा**
- **इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा**

सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक, दोनों देशों ने एक जाइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कार्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है। सऊदी अरब और पाकिस्तान के रक्षा समझौते पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार को इसकी जानकारी पहले से थी। सऊदी अरब की राजधानी रियाद के यमामा पैलेस में हुई इस बैठक में क्राउन प्रिंस और शहबाज शरीफ ने चर्चा की।

शहबाज शरीफ के साथ पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर, उप प्रधानमंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब और हाई लेवल डेलिगेशन सऊदी पहुंचा है। जिस वक्त इस रक्षा समझौते पर साइन किए जा रहे थे, तब पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर भी वहां मौजूद थे। एक अधिकारी ने रायटर्स को बताया कि यह समझौता किसी खास देश या घटना के खिलाफ नहीं हुआ है, बल्कि दोनों देशों के बीच लंबे समय तक चलने वाले गहरे सहयोग का आधिकारिक रूप है। इजरायलने 9 सितम्बर को कतर की राजधानी दोहा में हमास चीफ खलील अल-ह"या को निशाना बनाकर हमला किया था। इस हमले में अल-हय्या बच तो गया था, लेकिन 6 अन्य लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद 14 सितम्बर को दोहा में मुस्लिम देशों के कई नेता इजरायल के खिलाफ एक खास बैठक के लिए इकट्ठा हुए थे। यहां पाकिस्तान ने सभी इस्लामी देशों को नाटो जैसी जाइंट फोर्स बनाने का सुझाव दिया था। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार ने एक जाइंट डिफेंस फोर्स बनाने की संभावना का जिक्र करते हुए कहा था कि न्यूक्लियर पावर पाकिस्तान इस्लामिक समुदाय (उम्माह) के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। अफगानिस्तान और इराक में अमेरिका के राजदूत रह चुके जलमय खलीलजाद ने भी इस समझौते पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता हालांकि औपचारिक 'संधि' नहीं है, लेकिन इसकी गंभीरता को देखते हुए यह एक बड़ी रणनीतिक साझेदारी मानी जा रही है।

# पूर्व पीएम देउबा की पिटाई से डरे ओली का इस्तीफा

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने गेन-जेड युवाओं के प्रदर्शन के दौरान 9 सितम्बर इस्तीफा दे दिया था। नेपाली न्यूज पोर्टल उकेरा ने दावा किया है उनके इस्तीफे से पहले प्रदर्शनकारियों ने 9 सितम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के घर में घुसकर मारपीट की थी, जिससे ओली डर गए थे।

इसके बाद ओली ने नेपाल सेना प्रमुख अशोक राज सिग्देल को फोन करके भागने के लिए हेलिकॉप्टर मांगा था। लेकिन सिग्देल ने उनके सामने शर्त रखी

**सेना ने कहाः पहले इस्तीफा दो, फिर भागने के लिए हेलिकॉप्टर मिलेगा नेपाली मीडिया का दावा**

थी कि पहले इस्तीफा दो, तभी हेलिकॉप्टर मिलेगा। ओली इतनी हड़बड़ी में पीएम आवास से भागे थे कि उप-प्रधानमंत्री बिष्णु पौडेल भी पीछे छूट गए थे, क्योंकि हेलिकॉप्टर में जगह नहीं थी। 9 सितम्बर की रात को सेना ने देश की कमान अपने हाथ में ले ली थी, जिसके बाद कुछ हद तक हालात कंट्रोल में आए।

WALK IN INTERVIEW

Required: Staff For D.El.Ed.(B.T.C.)

Principal / H.O.D - 01

Lecturer For: Hindi, English, Sanskrit, Maths, Science, Urdu, Foundation, Phy. Edu., Music & fine Arts, Social Science.

Qualification and Salary:

As per NCTE Regulation 2014/
SCERT U.P./U.P. Govt. Norms

Appear for Interview on
29/09/2025 at 10:00 AM with Resume &
Original Document with Colour Photograph
in the Department of D.El.Ed.(B.T.C.).

ISLAMIA DEGREE COLLEGE
DEOBAND

Email: idcdeoband@gmail.com
Mob.: 9045143298, 8755525452
Add: Near Indra Park, Deoband, Saharanpur (247554)

# बांग्लादेश पहुंचे 120 अमेरिकी सैनिक

## बिना अपना नाम रजिस्टर किए चटगांव के होटल में ठहरे

**ढाका।** अमेरिका से 120 सैनिक 10 सितम्बर को जाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज के लिए बांग्लादेश पहुंचे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये सैनिक चटगांव के 5 स्टार रैडिसन ब्लू होटल में ठहरे हैं। यहां उनके लिए 85 कमरे पहले से बुक किए गए थे, लेकिन होटल के रजिस्टर में उनके नाम नहीं हैं। ये सैनिक 20 सितम्बर को वापस जाएंगे।

इसके बाद मिस्र का एक सैन्य विमान 14 सितम्बर को चटगांव के शाह अमानत हवाई अड्डे पर उतरा। इसके अगले दिन अमेरिकी सैनिकों ने बांग्लादेश वायुसेना के पटेंगा एयर बेस का दौरा किया। पहले भी अमेरिकी और बांग्लादेशी सेना ने 'टाइगर लाइटनिंग' और 'ऑपरेशन लाइटनिंग' नाम से दो मिलिट्री एक्सरसाइज की थी। इनका मकसद दोनों देशों की सेनाओं का आपसी तालमेल बढ़ाना और शांति मिशनों की तैयारी करना था। इस साल की शुरुआत में सिलहट के जलालाबाद कैंटोनमेंट में बांग्लादेश सेना और अमेरिकी सेना के पैसफिक कमांड (यूएसएआरपीएसी) के बीच टाइगर लाइटनिंग-2025 अभ्यास हुआ था। यह अभ्यास शांति स्थापना, क्षेत्रीय सुरक्षा और आपसी सहयोग पर केंद्रित था। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान अभ्यास से पहले कतर और थाईलैंड की अग्रिम टीमें चटगांव भेजी गई थीं।

**85 कमरे पहले से बुक किए गए थे, मिलिट्री एक्सरसाइज में हिस्सा लेंगे**

विमानन ट्रैकर्स ने पुष्टि की कि अमे. रिकी सेना अपने साथ दो बड़े अमे. रिकी सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान, जिनमें से एक का काल साइन वाईजे-692 था, शाह अमानत हवाई अड्डे पर उतरे। ये सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान हैं, जो सामरिक हवाई परिवहन, राहत मिशन और विशेष अभियानों के लिए जाने जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुता. बिक कि ये विमान किसी भी मौसम में और बिना पक्के रनवे के काम कर सकते हैं। पिछले महीने अमेरिकी सेना के अधिकारी की ढाका में लाश मिली थी ढाका के वेस्टिन होटल में 31 अगस्त को अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज के एक अधिकारी टेरेन्स अरवेल जैक्सन की संदिग्ध स्थितियों में मौत हो गई थी।

## बोल्सोनारों को त्वचा कैंसर के इलाज के बाद मिली अस्पताल से छुट्टी

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को त्वचा कैंसर का पता चलने और इलाज के बाद बुधवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। राजधानी ब्रासीलिया स्थित जिस अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, उसने यह जानकारी दी। डीएफ स्टार अस्पताल के अनुसार, अंतर्घशिरा जलसेक उपचार के बाद बोल्सोनारो के लक्षणों में सुधार हुआ है लेकिन उन्हें अभी भी नैदानिक अनुवर्ती और नियमित समीक्षा की आवश्यकता है। अस्पताल ने उनके शरीर से निकाले गए त्वचा के घावों की रोग संबंधी जांच की। चिकित्सा रिपोर्ट से पता चला कि आठ त्वचा के घावों में से दो 'स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा इन सीटू' से संबंधित हैं।

यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108